# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 5 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-139 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, 15 साल की उम्र में किया डेब्यू



**नई दिल्ली/पटना।** समस्तीपुर जिले के 15 साल के अद्भुत खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी शनिवार को महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए, जिनके नाम लगभग 37 साल तक यह रिकॉर्ड था. बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने एकादश में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में संजू सैमसन की जगह ली है। वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल और 99 दिन की उम्र में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया है. वैभव ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू 15 नवंबर 1989 को पाकिस्तान के खिलाफ कराची में टेस्ट मैच खेलकर किया था. इंटरनेशनल डेब्यू के समय सचिन की उम्र 16 साल और 205 दिन थी।

**सचिन तेंदुलकर पीछे छूटे**

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल की 10 महिलाओं ने ली भारतीय नागरिकता की शपथ

**अररिया।** अररिया जिले में विवाह के बाद रह रही नेपाल की 10 महिलाओं ने भारतीय नागरिकतो प्राप्त करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है. शुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने सभी महिला आवेदिकाओं को विधिवत शपथ दिलाई. ये सभी महिलाएं लंबे समय से यहां अपने परिवारों के साथ रह रही हैं.जिला प्रशासन के अनुसार इन सभी महिलाओं का विवाह अररिया जिले के स्थानीय निवासियों से हुआ है. नागरिकता आवेदन प्रक्रिया के तहत सभी आवेदिकाओं के आवश्यक दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों की प्रारंभिक जांच प्रशासनिक स्तर पर पहले ही पूरी कर ली गई है।

### बिहार में मौसम को लेकर भारी अलर्ट

**पटना।** मौसम विज्ञान केंद्र पटना के पूवार्नुमान के अनुसार राज्य के कई हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर एक मजबूत कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है. इन दोनों प्रणालियों के असर से बिहार के अलग-अलग जिलों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और भारी बारिश के आसार बन रहे हैं. आइए जानते हैं कल यानी 5 जुलाई 2026 को बिहार का मौसम कैसा रहेगा? आने वाले दिनों में आपको क्या सावधानियां बरतनी होंगी।

### अयोध्या राम मंदिर की रेकी करने वाला आतंकी घोषित

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने शनिवार को 23 लोगों को आतंकी घोषित किया है। इनमें एक आतंकी वो भी है जो अयोध्या में राम मंदिर और नागपुर में आरएसएश कार्यालय की रेकी में शामिल है।आतंकी की पहचान मोहम्मद मुसादिक के रूप में हुई है। यह हाफिज सईद का रिश्तेदार है। हालांकि ये रेकी मुसादिक ने खुद की या करवाई थी और रेकी कब की गई। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सरकार का कहना है कि लिस्ट में शामिल सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद लश्कर-ए-तैयबा द रेजिस्टेंस फ्रंट और जमात-उद-दावा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं।

# अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन को 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का होगा गठन : सीएम

## नए आपराधिक कानूनों के एकीकृत कार्यान्वयन पर राज्य स्तरीय सम्मेलन

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के एकीकृत कार्यान्वयन पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बिपार्ड और बिहार न्यायिक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस सम्मेलन में राज्य में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से और समान रूप से लागू करने तथा न्याय वितरण प्रणाली में आपसी समन्वय मजबूत करने पर गहन चर्चा की जायेगी।

इस मौके पर सीएम ने कहा कि देश की लगभग 10 प्रतिशत आबादी और 14 करोड़ से अधिक लोगों को न्याय दिलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बिहार की न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन पर है। उन्होंने कहा कि अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिये 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जायेगा। सीएम ने कहा कि अब प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तर पर पटना में सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें वैसे लोग शामिल होंगे जिनके आवेदन का निष्पादन प्रखंड स्तर पर हुआ है लेकिन वे फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उनकी समस्याओं का समाधान होगा और न्याय मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका सहयोगी बनेंगे तो काम अच्छा होगा। सीएम ने कहा कि न्याय तभी सार्थक होगा जब आम जनता का न्याय व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। इसके लिए न्यायपालिका, पुलिस और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। सरकार और न्यायपालिका के बीच नियमित अंतराल पर समन्वय बैठकें आयोजित हों, ताकि जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ लागू करना समय की आवश्यकता है। नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीक और एआई के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता है। अपराध नियंत्रण, निगरानी और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में आधुनिक तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सम्मेलन को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची, पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय, बिहार न्यायिक अकादमी के चेयरमैन जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, बिहार के एडवोकेट जनरल सत्यदर्शी संजय, बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी. राजेन्दर एवं गृह सचिव कुंदन कुमार ने




**सीएम की घोषणाएं**

- अब प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तर पर पटना में सहयोग शिविर का आयोजन
- 112 आपातकालीन सेवा की प्रतिक्रिया समय को 7-8 मिनट करने का लक्ष्य
- नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीक और एआई के अधिकतम उपयोग पर जोर

## केंद्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बिहार में भी बनेगा आयोग : सम्राट

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में योजना एवं विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी एवं भविष्य की कार्ययोजना को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयालक्ष्मी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विभाग की कार्यान्वित योजनायें, पहल, उपलब्धियों एवं भावी कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही अन्य प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

**सीएम ने की योजना एवं विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा**

बैठक में सीएम ने कहा कि राज्य के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास के लिये केन्द्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बिहार में भी एक आयोग बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोग राज्य के दीर्घकालिक विकास के लिए विजन तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रों में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा समय-समय पर नीतिगत सुझाव देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि योजना एवं विकास विभाग का उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मूल्यांकन तथा वास्तविक परिणामों को सुनिश्चित करना होना चाहिये।

# BJP विधायक राजू कुमार सिंह को 4 साल की जेल

## हर्ष फायरिंग केस मामला : 25 लाख रुपए का जुर्माना



**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2018 के चर्चित हर्ष फायरिंग मामले में जिले के साहेबगंज बिधानसभा से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री डॉ राजू कुमार सिंह को चार वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 लाख रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। अदालत ने गैर-इरादतन हत्या (आईपीसी की धारा 304 भाग-2) और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया है। साथ ही मृतका डॉ अर्चना गुप्ता के पति को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। यदि निर्धारित मुआवजा नहीं दिया गया तो दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आर्म्स एक्ट के मामले में भी उन्हें दो महीने की सजा सुनाई गई है।

इस फैसले के साथ ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त होना तय माना जा रहा है। कानून के अनुसार किसी सांसद या विधायक को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा मिलने पर वह तत्काल प्रभाव से सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है। ऐसे में मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज विधानसभा सीट रिक्त मानी जाएगी और वहां उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। यह मामला 31 दिसंबर 2018 की रात दिल्ली के वसंत कुंज स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित नववर्ष समारोह से जुड़ा है। आरोप था कि जश्न के दौरान राजू कुमार सिंह ने हर्ष फायरिंग की, जिसकी गोली वहां मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना गुप्ता को लग गई। गंभीर रूप से घायल डॉक्टर की तीन दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसी मामले में 6 जून 2026 को अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया था और शनिवार को सजा का ऐलान किया। उधर, इस अदालती फैसले के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की संभावना के बीच भाजपा के सामने नई राजनीतिक चुनौती खड़ी हो गई है। निर्वाचन आयोग को विधानसभा सचिवालय से औपचारिक सूचना मिलने के बाद उपचुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यदि विधानसभा का शेष कार्यकाल एक वर्ष से अधिक है तो कानून के अनुसार छह महीने के भीतर उपचुनाव कराया जाएगा।डॉ राजू कुमार सिंह उत्तर बिहार की राजनीति का चर्चित चेहरा रहे हैं। राजनीति में आने से पहले वे फार्मास्युटिकल कारोबार से जुड़े रहे और उनका व्यवसाय भारत के अलावा रूस, अमेरिका सहित कई देशों तक फैला। वे बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और प्रदेश के संपन्न नेताओं में उनकी गिनती होती रही है। अब अदालत के फैसले के बाद न केवल उनकी विधायकी समाप्त होगी।

# सरकार बैकफुट पर, मेरे साथ अन्याय हुआ : लालू यादव

**पटना (एनएसबी)।** राजद सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को जेड कैटेगरी की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है। इसके साथ ही दोनों को बुलेट प्रूफ गाड़ी भी मुहैया कराई गई है। इसको लेकर बिहार सरकार ने शुक्रवार की शाम नोटिफिकेशन जारी किया है। इस मामले पर लालू यादव ने कहा कि सरकार बैकफुट पर है। क्या बिहार सरकार ने पहले उनकी सुरक्षा रद्द कर-के उनके साथ अन्याय किया था, यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हां, बहुत किया है।

बता दें एक महीना पहले बिहार सरकार ने वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। इस समीक्षा के बाद लालू यादव और राबड़ी देवी की सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया था, जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सुरक्षा में बदलाव के विरोध में लालू और राबड़ी ने सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुरक्षा वापस कर दी थी। सुरक्षा में कटौती से नाराज लालू परिवार ने राज्य सरकार की नई सुरक्षा व्यवस्था को खारिज कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगले पर तैनात सभी सरकारी सुरक्षा जवानों को वापस लौटा दिया था। इसके बाद से सांसद मीसा भारती और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सुरक्षा जवानों को वापस कर दिए थे।




**सुरक्षा वापस मिलने पर राजद सुप्रीमो ने कसा तंज**

# वैशाली में चोरी के शक में पीटकर युवक की हत्या

**वैशाली (एनएसबी)।** जिले से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई. यहां टोटो चोरी के महज शक में एक युवक को अगवा कर पूरे दिन बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया. हालत बिगड़ने पर आरोपी उसे घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए. परिजनों ने गंभीर हालत में युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया. अन्य आरोपियों की तलाश जारी। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के खपुरा गांव की है. मृतक की पहचान गांव के ही सन्नी कुमार के रूप में हुई है. परिजनों के मुताबिक, गांव के मंजीत कुमार और रंजीत कुमार का टोटो दो दिन पहले चोरी हो गया था. टोटो चोरी की घटना के बाद दोनों को सन्नी पर शक हुआ. आरोप है कि बिना पुलिस में शिकायत किए मंजीत और उसके सहयोगियों ने सन्नी का अपहरण कर लिया. उसे एक जगह बंधक बनाकर सुबह से शाम तक बेरहमी से पीटते रहे.परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से सन्नी की इतनी पिटाई की कि उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई. जब उन्हें लगा कि मामला बिगड़ सकता है तो घायल सन्नी को उसके घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए. परिवार के लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके. घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

**3 महिलाएं गिरफ्तार**



## मुजफ्फरपुर : सड़क हादसा में दो युवतियों की मौत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में बड़ा सड़क हादसो हुआ है. बोचहां थाना क्षेत्र के आदिगोपालपुर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर और स्कूटी की टक्कर में दो युवतियों की दर्दनाक मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि फॉर्च्यूनर भी सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी. पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है.मृतक युवतियों की पहचान बोचहां थाना क्षेत्र के शर्फुद्दीनपुर (गोपालपुर) निवासी नेहा कुमारी (20 वर्ष) और निशु कुमारी (22 वर्ष) के रूप में हुई है।

# जहानाबाद में अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत

## छह गंभीर, वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को अवैध बालू खनन को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। घटना चैती पिपरा के पास फल्गु नदी घाट की है, जहां वर्चस्व को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। फायरिंग में सात लोगों को गोली लगी, जिनमें एक की मौत हो गई। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल है।स्थानीय लोगों के अनुसार फल्गु नदी से बालू उठाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से हथियार निकल आए।नदी घाट गोलियों की आवाज से गूंज उठा और वहां मौजूद मजदूर व ग्रामीण जान बचाकर भागने लगे। घटना के बाद आसपास के गांवों में भी अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।फायरिंग में रामपुर निवासी धीरज कुमार के सीने में गोली लगी, जिससे उनकी मौत हो गई। चैती पिपरा निवासी सुधीर कुमार, दिनेश राम, विजय कुमार, अजय कुमार और रेशम कुमार भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए हैं।घटना की सूचना मिलते ही घोसी और हुलासगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। फायरिंग में शामिल लोगों और कथित बालू माफियाओं की पहचान की जा रही है। संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## कटिहार में मासूम भतीजे को करंट से बचाने क्रम में चाचा-चाची की मौत


**कटिहार (एनएसबी)।** कटिहार स्थित मनिहारी थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-10 के पूरब टोला में इंसानियत और त्यागे की एक ऐसी दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. घर की मेन बिजली लाइन की चपेट में आए एक मासूम बच्चे को बचाने के प्रयास में उसके चाचा मोहम्मद नाजीर और चाची जुबेदा खातून ने अपनी जान गंवा दी. घटना के बाद मनिहारी अनुमंडल अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया.पूरे घटना को लेकर परिजन शेख फखरुद्दीन ने बताया कि घर में अचानक मेन बिजली लाइन की चपेट में एक बच्चा आ गया. बच्चे को करंट लगते देख उसकी चाची जुबेदा खातून और चाचा मोहम्मद नाजीर बिना अपनी जान की परवाह किए उसे बचाने के लिए दौड़ पड़े. इस दौरान दोनों भी करंट की चपेट में आ गए. परिजनों ने तत्काल तीनों को मनिहारी अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जुबेदा खातून और मोहम्मद नाजीर को मृत घोषित कर दिया.हीं करंट की चपेट में आया बच्चा इलाज के बाद अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# भारत सबसे बड़े ऊर्जा संकट से उबरा : मोदी

## राजस्थान रिफाइनरी का उद्घाटन कर बोले-दो हजार तक पहुंच सकती थी घरेलु गैस कीमत

**बालोतरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पश्चिमी एशिया में हुए युद्ध के कारण 21वीं सदी का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। इस दौरान भारत की दृढ़ शक्ति के कारण सबसे बड़ा संकट भी छोटा हो गया। भारत ने अपने संसाधनों का सही इस्तेमाल किया।युद्ध के कारण जो हालात पैदा हुए, उसके कारण घरेलू गैस के दाम 2 हजार रुपए तक जा सकते थे। सरकार ने इसको लेकर बेहतर मैनजमेंट किया। इसी का परिणाम है, सिलेंडर 950 रुपए के करीब मिल रहा है।

पीएम शनिवार को राजस्थान के दौरे पर रहे। दोपहर करीब 12 बजे वह बालोतरा के पचपदरा पहुंचे। यहां देश की सबसे आधुनिक रिफाइनरी के कंट्रोल रूम को देखा और एक्सपर्ट्स से बात की। इसके बाद रिफाइनरी का उद्घाटन किया। जयपुर मेट्रो के फेज-2 की आधारशिला (वर्चुअल) भी रखी।इससे पहले शनिवार सुबह करीब 10:40 बजे जोधपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। नए टर्मिनल को देखा। 'उड़ान-2.0' की शुरूआत भी यहीं से की। अप्रैल से जून के बीच पेट्रोल-डीजल से ही कंपनियों को 75 हजार करोड़ रुपए का घाटा हुआ। ये इतना बड़ा था कि एक नई रिफाइनरी बन जाए। ये घाटा सरकारी खजाने से भरा गया। युद्ध के समय भारत की दूसरे देशों से दोस्ती बहुत काम आई। पहले जहां 25-26 देशों से ईंधन खरीदते थे, वह 40 देशों तक पहुंच गया। युद्ध के समय भारत की डिप्लोमेसी का जलवा दिखा। कांग्रेस की सरकारों ने राजस्थान के जल संकट को दूर करने के लिए ठोस काम नहीं किया। भाजपा क्षेत्रवाद और बंटवारे की सियासत नहीं करती। भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलती है। हमने जब गुजरात में पानी पहुंचाने की योजनाओं पर काम किया था। राजस्थान को पानी देने की बात आई थी। देश के हर कोने में कई राज्यों में पानी को लेकर लड़ाई चल रही थी। राजस्थान के लोगों को लग रहा था गुजरात नर्मदा का पानी देगा या नहीं। उस समय मैं गुजरात का सीएम था, यहां बहन वसुंधरा सीएम थीं।



## ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पीएम मोदी को धमकी

**कैनबरा (एजेंसी)।** पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर मेलबर्न मीट्स मोदी कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।ह्न धमकी सामने आते ही जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी। मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होना है।

## खबरें : एक नजर में

### काठमांडू में नेपाल-भारत संगीत समारोह में बिहार की कलाकार सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नेपाल - भारत सांस्कृतिक आदान प्रदान के तहत बिहार की तीन शास्त्रीय संगीत -नृत्य कलाकारों को काठमांडू, नेपाल में सम्मानित किया गया। पिछले दिनो नेपाल की प्रसिद्द सांस्कृतिक संस्था, किरातेश्वर संगीताश्रम ने काठमांडू में आयोजित पूर्णिमा संगीत समारोह में इन तीनो कलाकारों, डा रीता दास, बिहार की एकमात्र महिला सरोद कलाकार, डा रेखा, शास्त्रीय गायिका और



डा रमा दास, बिहार सरकार से अम्बपाली पुरस्कार से विभूषित वरिष्ठ कत्थक गुरू को सम्मान पत्र और अंगवस्त्र देकर किरातेश्वर सम्मान से विभूषित किया। संगीत समारोह ने भारत और नेपाल, दोनो देशों के शास्त्रीय संगीत कलाकारों ने प्रस्तुतियाँ दीं जिसमें भारत, नेपाल से लेकर कई देशों के श्रोता मौजूद रहे। आयोजक रूपा न्योपाने ने कहा कि यह संस्था नेपाल में विशुद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संरक्षण और प्रोमोशन के लिए यह संगीत समारोह करती है। इस बार समारोह में बिहार के कलाकारों को भी शामिल किया गया है जो नेपाल - भारत सांस्कृतिक आदान प्रदान की दिशा में संस्था की एक पहल है। रुपा न्योपाने ने कहा कि यह एक शुरुआत है और संस्था आगे भी इस दिशा में काम करती रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल की सानू तमांग के शास्त्रीय गायन से हुई। उनके साथ तबला पर थे नेपाल के ही निमेष कापली.। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था सरोद वादन जिसे बिहार की पहली महिला सरोद कलाकार ने प्रस्तुत किया। संध्याकालीन रागेश्वरी में सुरीला आलाप और स्वर विस्तार ने समा बांधा तो लयबद्ध गतों में लयकारी और तीव गति के तानों ने श्रोताओं को बहुत प्रभावित किया। रीता दास ने राजस्थान के मांड धुन से कार्यक्रम का समापन किया। उनके तबला पर थे नेपाल के तबला वादक अनंत प्रजापति। इसके पहले बिहार की डा रेखा और नेपाल की सुरभि पौडेल ने कुछ सुमधुर भजन सुनाए। उनके साथ तबला पर थे नेपाल के विपुल।

### आयुर्वेद और तिब्बी कॉलेज अस्पताल सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए 6 से 10 जुलाई तक करा लें

**पटना / एनएसबी।** स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, पटना एवं बेगूसराय तथा राजकीय तिब्बी कलेज एवं अस्पताल, पटना के विभिन्न विषयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु क्रमशः प्रकाशित विज्ञापन संख्या- 44/2025 से 57/2025 एवं 58/2025 से 67/ 2025 का दस्तावेज सत्यापन दिनांक 18-05-2026 से 27-05-2026 एवं दिनांक 11-05-2026 से 13-06-2026 तक आयोजित किया गया था। उक्त दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित कतिपय उम्मीदवारों द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के आलोक में सभी अनुपस्थित उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु एक अंतिम अयत्तर दिया जाता है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन में सीतामढ़ी जिला दूसरे स्थान पर

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन के मामले में सीतामढ़ी के बाजपट्टी प्रखंड ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के तहत अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र को पहले चरण में संग्रहित 4000 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन के मामले में राज्य में दूसरा स्थान हासिल हुआ है।

इससे पहले बक्सर जिले को साढ़े चार टन सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन के लिए पहला स्थान प्राप्त है। इन जिलों में सफल प्रयोग के बाद अब कई जिलों में इससे संबंधित कवायद शुरू होने जा रही है।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि सीतामढ़ी में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रसंस्करण के बाद कुल 85 खूबसूरत बेंच तैयार किया गया है। अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर तैयार इन सभी बेंच के सार्वजनिक उपयोग के लिए ग्राम पंचायतों को भेजा गया है।

अधिकारियों का मानना है कि व्यापक तौर पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में न सिर्फि जिला बल्कि पूरे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है।

अधिकारियों ने बताया कि सीतामढ़ी में

> परियोजना के प्रथम चरण में 4000 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक का हुआ प्रबंधन
>
> प्लास्टिक अपशिष्ट से बनाया जा रहा खूबसूरत बेंच, ग्राम पंचायतों में होगा इसका उपयोग
>
> सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन में बक्सर को पहले मिल चुका है पहला स्थान

जिला जल एवं स्वच्छता समिति सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट को रीयूजेबल प्लास्टिक में बदल रही है। प्रक्रिया पूरा होने के बाद इसका उपयोग लकड़ी की जगह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह तरीका सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट से निजात दिलाने के साथ भविष्य में पेड़ों का भी संरक्षण करने में सहयोगी होगा।

इस संबंध में सीतामढ़ी के उप विकास आयुक्त संदीप कुमार कहते हैं कि पहले चरण में सीतामढ़ी में चार हजार किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट के उपयोग से 85 बेंच-डेस्क का निर्माण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निकट भविष्य में जिले के सभी प्रखंडों में संचालित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाईयों पर संग्रहित सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट को पर्यावरण अनुकूल बनाने पर काम किया जाएगा।

**लकड़ी और प्लाई-बोर्ड के विकल्प के रूप में हो रहा इस्तेमाल :** बाजपट्टी में संचालित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र पर प्रखंड के 19 ग्राम पंचायतों के अपशिष्ट को लाया जाता है। यहां इस प्लास्टिक को मशीन की मदद से साफ कर लिया जाता है। फिर बेलर मशीन से इस सिंगल यूज प्लास्टिक का बंडल बनाकर एक स्थान पर एकत्रित किया जाता है। बाद में इस सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट के बंडलों को राय इंडस्ट्रीज के निर्माण इकाई में भेजकर इसकी एक बार फिर से सफाई कराई जाती है। सफाई के बाद श्रेडिंग मशीन से सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने, टुकड़ों को कुछ अन्य पदार्थों के साथ मिलाने, गर्म करने के साथ गर्म मिश्रण को एक सांचे की मदद से स्लैब के रूप में ढाला जाता है। फिर इसका उपयोग लकड़ी के तख्त एवं प्लाईबोर्ड के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल में लाया जाता है। बाद में इसी स्लैब से टेबल, कुर्सी, बेंच या आलमारी जैसे सामान बनाये जा सकता है।

## पुनौराधाम जानकी मंदिर से विष्णुपद कोरिडोर तक, प्रदेश के कई मंदिरों का हो रहा कायाकल्प

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों का विकास कार्य हो रहा है। इस कड़ी में प्रमुख तीर्थ स्थलों पर सौंदर्यीकरण, विस्तार और आधुनिक सुविधाओं का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में माता सीता की जन्मभूमि पर जानकी मंदिर को अयोध्या श्री राम मंदिर की तर्ज पर भव्य रूप दिया जा रहा है। इस परियोजना में मुख्य मंदिर का भव्य निर्माण, लाइब्रेरी, संत निवास, प्रेक्षा गृह, माता जानकी कुंड का विकास और अन्य पर्यटन सुविधाएं शामिल हैं। इसमें पाईलिंग का कम शुरू हो गया है। श्री राम मंदिर डिजाइन टीम की ओर से तैयार किए गए प्लान में पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर समन्वय है। इस परियोजना को 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। यह विकास मिथिला क्षेत्र को वैश्विक आस्था का केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इसी तरह गया जिले के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में भी विश्व स्तरीय विकास कार्य जोरों पर है। मुख्य भवन का निर्माण, फल्गु नदी के रिवर फ्रंट से मुख्य मंदिर तक 42 मीटर चौड़े पाथवे का निर्माण, बस डिपो विकास और समग्र पाथवे सुधार शामिल हैं। काशी विश्वनाथ करिडोर की तर्ज पर तैयार हो रहे इस प्रोजेक्ट की पूर्णता 2027 तक होने वाली है।

## राज्यभर में 3,218 आधुनिक कृषि यंत्रों का होगा वितरण, स्थापित होंगे 80 नए यंत्र बैंक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार ने गन्ना किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 34.60 करोड़ की गन्ना यंत्रीकरण योजना को मंजूरी दी है। इस महवाकांक्षी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्यभर में 3,218 आधुनिक कृषि यंत्र बांटे जाएंगे और 80 नए यंत्र बैंक स्थापित होंगे। इसका उद्देश्य खेती की लागत कम करना, गन्ना उत्पादन बढ़ाना और आधुनिक मशीनों तक हर किसान की पहुंच सुनिश्चित करना है।

राज्य में गन्ना खेती के यंत्रीकरण के लिए 80 नए यंत्र बैंक स्थापित होंगे, जिसके लिए चीनी मिलें एवं किसान समूह आवेदन कर सकेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को महंगे उपकरण किराये पर उपलब्ध कराना है। नियमानुसार, प्रत्येक बैंक में न्यूनतम 7 यंत्र अनिवार्य होंगे, जिनमें सुगरकेन, कटर प्लांटर, रैटून मैनेजमेंट डिवाईस, ट्रेंच ओपेनर आदि शामिल रहेंगे। इस योजना से सीमांत एवं छोटे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा, जो महंगे उपकरण नहीं खरीद पाते। अब वे बुआई, फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और कटाई के लिए किफायती किराये पर आधुनिक मशीनें ले सकेंगे। सरकार मशीनों की खरीद पर सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों को 50 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है। पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक खेती के लिए फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर 75 प्रतिशत और बीज उपचार यंत्रों पर सर्वाधिक 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है।

# जल-जमाव पर जीरो टॉलरेन्स, अतिवृष्टि की स्थिति में इसे रोकने के लिए त्रुटिहीन व्यवस्था सुनिश्चित करें : आयुक्त

### शहर के नौ बड़े नालों सहित सभी छोटे-बड़े नालों की उड़ाही एवं साफ-सफाई का सत्यापन कराने का प्रमंडलीय आयुक्त ने दिया निर्देश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना मयंक वरवड़े ने कहा है कि अतिवृष्टि की स्थिति में पटना में जल-निकासी की सुगम एवं सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग एवं तत्पर रहें। वे आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।



प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में पटना शहरी क्षेत्र में जल जमाव एवं इससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निदान को लेकर उच्च-स्तरीय बैठक का आयोजन, लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने का अधिकारियों को दिया गया निर्देश।

उन्होंने कहा कि जल-जमाव पर सरकार का जीरो टॉलरेंस है। अधिकारीगण भारतीय मौसम विभाग की पूर्व सूचना के आधार पर रणनीति बनाकर कार्य करें एवं सक्रिय रहें। मनसून को ध्यान में रखकर सभी विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी योजनाबद्ध ढंग से काम करें।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि अतिवृष्टि की स्थिति में सामान्य जन-जीवन प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करना सभी पदाधिकारियों का दायित्व है। इसके लिए संबंधित विभागों यथा पथ निर्माण, विद्युत, पुल निर्माण, बुडको, नगर निगम, मेट्रो, एनएचएआई, जिला प्रशासन सहित सभी हितधारकों के बीच सुढ़ समन्वय एवं सार्थक संवाद सुनिश्चित करें।

प्रमंडलीय आयुक्त ने इन विभागों तथा एजेंसियों के अधिकारियों को जल निकासी हेतु लंबित कार्यो को अतिशीघ्र पूरा करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि वे इसकी पुनः समीक्षा करेंगे तथा निदेशों के अनुपालन में शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी निर्धारित कर विधि-सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निदेश दिया कि मनसून, 2026 व्हाट्सऐप ग्रुप को क्रियाशील रखें तथा सूचनाओं का त्वरित गति से आदान-प्रदान करें।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि त्वरित एवं सुगम जल निकासी में अवरोध उत्पन्न करना आपराधिक लापरवाही मानी जाएगी एवं ऐसे तत्वों के विरूद्ध विधि-सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल-जमाव पर सरकार द्वारा शून्य सहिष्णुता की नीति का अक्षरशः अनुसरण किया जाता है। जल-जमाव रोकने हेतु तैयारियों एवं निरोधात्मक कार्यो में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसी लापरवाही को आपराधिक लापरवाही मानते हुए दोषी एजेंसियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सभी इलाकों का निरीक्षण कर तैयारियों का अनुश्रवण करने एवं एसओपी के अनुसार कार्यो को सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि जल-जमाव के मुख्य कारणों में से एक कम समय में अधिक वर्षा होना है। इसे रोकने के लिए सभी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन (डीपीएस) पर पम्प कार्यरत रहना चाहिए। डीपीएस में कोई भी यांत्रिक या विद्युत त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। बिजली आपूर्ति में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। पम्प का ससमय संचालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। डीपीएस की जल निकासी क्षमता आवश्यकता के अनुरूप होनी चाहिए। नाला जाम न हो एवं नालों का ओवरफ्लो न हो, इसके साथ-साथ नालों को अतिक्रमणमुक्त रखना तथा क्षतिग्रस्त नालों की मरम्मति भी आवश्यक है।

# बिहार की संस्कृति की सुगंध दिल्ली में फैला रहे हैं बिहार के नौजवान : डा. प्रमोद कुमार

**नोएडा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** दिल्ली-एनसीआर के नोएडा में प्रवासी बिहार निवासियों द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करते हुए आद्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

> दिल्ली-एनसीआर में बिहार के नौजवानों ने मनाया आद्रा महोत्सव, कार्यक्रम में शामिल हुई बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी

कार्यक्रम में पत्रकारिता, आईटी सेक्टर, उद्यमिता, शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बड़ी संख्या में प्रवासी बिहार निवासी शामिल हुए। आद्रा नक्षत्र के अवसर पर बिहार की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप खीर, दाल-पूरी, आम एवं मौसमी सब्जियों का सामूहिक भोज आयोजित किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को अपनी मिट्टी और सांस्तिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया।

इस अवसर पर प्रवासी बिहार वासियों ने बिहार के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी की इच्छा व्यक्त करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के लिए योगदान देने का संकल्प दोहराया।


आद्रा महोत्सव में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने बिहार में निवेश, कौशल विकास, रोजगार, शिक्षा, संस्कृति एवं आईटी सेक्टर के विस्तार जैसे विषयों पर अपने सुझाव भी मंत्री के समक्ष रखे।

अपने संबोधन में मंत्री डा. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि बिहार आज विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा, अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग बिहार के सर्वागीण विकास में करें तथा विकसित बिहार के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी बिहार के लोगों के अनुभव और सहयोग का स्वागत करती है तथा उनके सुझावों को महत्व देती है। राजधानी दिल्ली में बिहार की संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में योगदान देने पर मंत्री ने नौजवानों की सराहना की।

आद्रा महोत्सव के आयोजन ने न केवल बिहार की सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया, बल्कि दिल्ली-एनसीआर में रह रहे प्रवासी बिहारियों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत किया।

कार्यक्रम के आयोजन एवं संयोजन में विवेक मिश्रा, ज्योत प्रकाश शर्मा, उज्जवल कुमार, अंबुज उपाध्याय, रजनीश गुप्ता, सूरज तिवारी, आनंद कुमार, सुमित नंदन, मनोज पांडेय सहित युवाओं की सक्रिय भूमिका रही।

दिल्ली-एनसीआर के नोएडा में प्रवासी बिहार के नौजवानों द्वारा आयोजित बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करते हुए आद्रा महोत्सव के भोज में शामिल हुआ। पत्रकारिता, आईटी सेक्टर, उद्यमिता, शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बड़ी संख्या में प्रवासी बिहार के युवा इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजन एवं संयोजन में विवेक मिश्रा, ज्योत प्रकाश शर्मा, उज्जवल कुमार, अंबुज उपाध्याय, रजनीश गुप्ता, सूरज तिवारी, आनंद कुमार, सुमित नंदन, मनोज पांडेय सहित अनेकों युवाओं की सक्रिय भूमिका रही।

## युवक के साथ मिली नाबालिग, भगवान की फोटो लगाकर युवक देता था झांसा

**पटना / एनएसबी।** गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से तीन दिनों से संदिग्धावस्था में गायब नाबालिग युवक के साथ मिली है। वह आटो की पिछली सीट पर बेहोश पड़ी थी। परिवार का आरोप है कि मोहम्मद श्मशाद आलम लड़की को बहलाकर अपने साथ ले गया था।

बताया गया है कि शनिवार सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र के तारामंडल के पास लड़की के परिवार ने उसे आटो में देखा। साथ में युवक भी था। परिवार ने लड़के को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपित वैशाली का रहने वाला है। लड़की को गार्डिनर रोड अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिजनों का आरोप है कि श्मशाद आलम पूर्व से शादीशुदा है। उसने नाबालिग के साथ 3 दिनों तक दुष्कर्म किया। हिंदू देवताओं की फोटो मोबाइल में लगाकर झांसा देता था।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि उसने साल 2025 में यारपुर की रहने वाली हिंदू लड़की से हाईकोर्ट मजार के पास शादी की थी। उसकी 8 महीने की एक बच्ची है। उसने 13 साल की लड़की से 3 दिन पहले मैनपुरा मंदिर में शादी करने का दावा किया है। नाबालिग के परिजनों के मुताबिक वह 3 दिन पहले घर से सामान खरीदने के लिए निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसकी गुमशुी को लेकर गर्दनीबाग थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

नाबालिग सरकारी स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ती है। 3 दिन से एक लड़का उसको अगवा करके पूरे पटना में आटो पर घूमा रहा था। वह कैब कंपनी में आटो चलाता है। 3 दिन से वह बच्ची के साथ संबंध बनाता रहा। शनिवार सुबह तारामंडल, इनकम टैक्स गोलंबर के पास विद्यापति रोड से गुजर रहा था। तभी चाचा की नजर आटो में बच्ची और उसके साथ मौजूद युवक पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने मंदिरी नाले के पास उसे पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि श्मशाद अपनी वट्सऐप में हिंदू देवी-देवता की तस्वीर लगाता है। इस तरह वह हिंदू लड़कियों को गुमराह कर झूठ बोलकर फंसा रहा है।

श्मशाद पटना के गर्दनीबाग इलाके में किराए के मकान में रहता है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक पुलिस टीम गश्ती पर निकली थी, तभी देखा कि दो लोग आटो के पास हंगामा कर रहे थे। पुलिस उन्हें थाने लेकर आ गई और पूछताछ की जा रही हैं। लड़की कौन है, क्या मामला है। जानकारी जुटा रहे हैं। बच्ची को इलाज के लिए न्यू गार्डिनर अस्पताल लाए हैं। लड़की के चाचा के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। किशोरी का बयान, मेडिकल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें खास-खास

# स्वास्थ्य-पखवारा में अबतक हुआ 567 मरीजों का उपचार

### चिकित्सक-दिवस के उपलक्ष्य में हेल्थ इंस्टिच्युट में होगी 15 जुलाई तक निःशुल्क चिकित्सा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** चिकित्सक-दिवस के उपलक्ष्य में विगत 1 जुलाई से, बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट आफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य-पखवारा में, अबतक 567 मरीजों के उपचार किए गए हैं। स्वास्थ्य पखवारा में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक बाह्य-रोगी-विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा, सभी प्रकार के रोगों के उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने बताया है कि पखवारा के अंतर्गत संस्थान के विभिन्न विभागों में, सभी प्रकार के रोगों के साथ, नेत्र-जाँच, एक्स-रे, सभी प्रकार की पथोलौजिकल जाँच, फिजियोथेरापी, स्पीचथेरापी, विकलांगता-जाँच, श्रवण-जाँच आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वरिष्ठ चिकित्सक डा वरुण कुमार शरण, डा संजीत कुमार, डा अभिलाषा कुमारी, डा आदित्य ओझा, डा देवराज, डा संतोष कुमार सिंह, डा नीतीश भारद्वाज, डा नेहा कुमारी आदि चिकित्सक और थेरापिसट्स अपनी नियमित सेवा दे रहे हैं। 15 जुलाई को पखवारा का समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा, किंतु बाह्य-रोगी-विभाग समेत सभी चिकित्सकीय विभाग अपनी सेवाएँ देते रहेंगे।


निःशुल्क स्वास्थ्य-पखवारा में मरीजों का उपचार।

## ग्रामीण गरीबों पर नया टैक्स थोपने की तैयारी बंद करे सरकार : कुणाल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर से होल्डिंग, साफ-सफाई, पेयजल आदि के नाम पर टैक्स वसूलने की राज्य सरकार की तैयारी को गरीब-विरोधी और जनविरोधी कदम बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार की डबल इंजन सरकार पहले ही महंगाई, बेरोजगारी, मनरेगा में कटौती, शिक्षा-स्वास्थ्य की बदहाली और लगातार बढ़ते आर्थिक संकट से जूझ रही जनता पर नए-नए बोझ डाल रही है। अब 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं की आड़ में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार से नगर निकायों की तर्ज पर टैक्स वसूलने की तैयारी की जा रही है। यह गांवों की गरीब, मेहनतकश और किसान आबादी पर नया आर्थिक हमला है। कुणाल ने कहा कि सरकार पहले यह बताए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कौन-सी बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं अधिकांश पंचायतों में नल-जल योजना भ्रष्टाचार और लूट का पर्याय बन चुकी है। लोगों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। गांवों की सड़कों की हालत खराब है। सफाई व्यवस्था लगभग ठप है। स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएं बदहाल हैं। रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं और किसान अपनी उपज का लाभकारी मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हर परिवार से सालाना टैक्स वसूलना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और असंवेदनशील कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू सरकार जनता को राहत देने के बजाय हर स्तर पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। गांवों की जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और घटती आय से परेशान है। ऐसे समय में नया टैक्स थोपना सरकार की जनविरोधी सोच को उजागर करता है। भाकपा-माले ने राज्य सरकार से ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्स वसूली की पूरी योजना तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि यदि सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेती है, तो पार्टी गांव-गांव में जनता को संगठित कर व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन चलाएगी। जनता पर नए करों का बोझ डालने के बजाय सरकार को रोजगार सृजन, किसानों को लाभकारी मूल्य, बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य और पंचायतों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए।

## 26 जुलाई को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना मे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

### वैशाली जिले के बिदुपुर में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने की बैठक, हुआ भव्य स्वागत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी 26 जुलाई को आयोजित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। वैशाली जिले के बिदुपुर में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस बैठक को संबोधित किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के बैठक में पहुंचने पर स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक, भव्य एवं सफल बनाने की अपील की। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि हम सभी मिलकर इस आहूत की गई अभिनंदन समारोह को अभूतपूर्व सफलता प्रदान करेंगे।



पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता का हुआ भव्य स्वागत।

## निगम द्वारा आरटीजीएस किए जाने के बाद भी बैंक नहीं दे रहा निगमकर्मियों का पैसा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने निगम कर्मियों के वेतन मद का पैसा 30 जून को ही एचडीएफसी बैंक फुलवारी और अनीसाबाद ब्रांच को भेज दिया। पुनः कार्यपालक पदाधिकारी नूतन राजधानी अंचल के द्वारा एक जुलाई को आर टी जी एस किया गया। लेकिन बैंक निगमकर्मियों को चार जुलाई यानि, 4 दिन बीत जाने के बाद भी पैसा नहीं दिया। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने कहा है की बैंक हर माह कर्मियो का पैसा देने में दो से चार पांच दिन पैसा देने में देर करता है। इससे ये शक उत्पन्न होता है की बैंक निगम कर्मियों के पैसा से ही व्यापार कर शुद्ध कमाने का कार्य करती है। समन्वय समिति ने नगर आयुक्त से ये माँग किया है की बैंक को अपने स्तर से हिदायत दे की निगम से कर्मियों का पैसा जाते ही कर्मियों को उनके वेतन मद का पैसा दे दिया जाए। जितेंद्र कुमार प्रवक्ता पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति।




### आज राजद 30 वां स्थापना दिवस सूबे के सभी 38 जिला मुख्यालयों मनाएगा

**पटना / एनएसबी।** 5 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस समारोह राज्य भर में उत्सव के रूप में जिला स्तर पर जिला मुख्यालय में एवं पटना जिला और महानगर राष्ट्रीय जनता दल कि ओर से राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला प्रभारी और सह प्रभारी सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ, सांसद ,पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद, गत लोकसभा और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष, जिला के प्रधान महासचिव, जिला पदाधिकारी, प्रखंडों के अध्यक्ष सहित सक्रिय पार्टी नेताओं के साथ संबंधित जिला से राष्ट्रीय पदाधिकारी,प्रदेश के पदाधिकारी,सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, जिला के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी,सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी से मिलीं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता, लिया आशीर्वाद

**दरभंगा(एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने शनिवार को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि डॉ. मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक एवं संगठनात्मक यात्रा के प्रमुख शिल्पकारों में रहे हैं। संस्थापक महासचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान की। उनके नेतृत्व, त्याग और वैचारिक प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भाजपा आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित है।उन्होंने कहा कि डॉ. जोशी ने केंद्र सरकार में मानव संसाधन विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा समुद्र विकास मंत्री के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किया। शिक्षा, विज्ञान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।



### रोटरी इंटरनेशनल दरभंगा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**दरभंगा(एनएसबी)।** रोटरी इंटरनेशनल वर्ष के प्रथम दिवस पर नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ संजय सिन्हा एवं सचिव डॉक्टर आशीष शेखर के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों को क्लब के सहयोग से अंजाम दिया गया। बेता चौक के शिला ब्लड बैंक में सभी सदस्यों ने एक-एक कर रक्त दान करते हुए 16 यूनिट रक्तदान किया। जो रक्त गरीब और असहाय लोगों को मुहैया कराया जाएगा।डॉक्टर संजय सिन्हा ने बताया कि रक्तदान सभी लोगों को करना चाहिए जिससे कि लोग स्वस्थ रह सके। इससे बड़ा दान कोई नहीं है। इस अवसर पर डॉक्टर प्रवीण सिंह डॉक्टर बीवी शाही डॉक्टर अमिताभ सिंहा डॉक्टर अशोक चौधरी डॉक्टर संजीव मिश्रा और बहुत सदस्य मौजूद थे। रोटरी इंटरनेशनल का सत्र 1 जुलाई 26 से 30 जून 27 को समाप्त होगा यह प्रत्येक साल 1 जुलाई से 30 जून तक के लिए होता है ।अध्यक्ष के द्वारा पुराने पांच डॉक्टर को पाग चादर के सम्मानित किया गया। जिसमें डॉक्टर के एन झा डेंटल सर्जन डॉक्टर विजय कुमार सिंह डॉक्टर आर आर प्रसाद डॉक्टर सीएम झा डॉक्टर एस एन मेहता इन पाच डॉक्टर को पाग चादर से सम्मानित किया गया। एवं इन लोगों के कार्यक्रम को याद किया गया।




### मिथिला सामाजिक मंच ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का किया अभिनंदन

**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के हैदराबाद पहुंचने पर मिथिला सामाजिक मंच, हैदराबाद के पदाधिकारियों ने प्रवासी मैथिल समाज की ओर से उनका भव्य अभिनंदन किया। मौके पर मिथिला चित्रकला से सुसज्जित पाग, चादर एवं फूलों का गुलदस्ता प्रदान कर मिथिला सामाजिक मंच के संयोजक राम विनोद झा एवं महासचिव रंजन कुमार झा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान महासचिव रंजन कुमार झा ने मंच के गठन के उद्देश्य, इसकी विकास यात्रा एवं इसके द्वारा की जा रही सामाजिक, सांस्कृतिक व साहित्यिक आयोजनों के बारे में विस्तार से बताया। मिथिला सामाजिक मंच के अभिनंदन से प्रसन्न भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रवासी मैथिल जन के बीच मिथिला की संस्कृति और एकता को मजबूत करने के लिए ऐसे मंचों की भूमिका अहम है। उन्होंने मंच के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग देने का भरोसा जताया। मंच के पदाधिकारियों ने उन्हें आगामी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक डॉ. अजित कुमार ठाकुर, संजय कुमार सिंह, सीता राम ठाकुर एवं युवा नेता नवरतन पासवान आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



### दरी पर बैठकर परीक्षा देनें को मजबूर हैं प्लस टु परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हिरणी की छात्राएं

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन प्रखंड क्षेत्र के प्लस टु परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हिरणी विद्यालय में भवन और कमरों के अभाव में छात्राओं को बरामदें के फर्श पर इस उमस भरी गर्मी में परिक्षा देनें के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।सिमित संसाधनों के बीच परिक्षा दे रही छात्राओं की यह तस्वीर शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा सकती है। वहीं प्रधानाध्यापक मुरली दास ने बताया कि विद्यालय का अपना भवन नहीं है। वर्तमान में नंदकिशोर उच्च विद्यालय सतीघाट से मिले मात्र तीन कमरों में कार्यालय स्मार्ट क्लास और अन्य कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है ऐसे में परीक्षा के दौरान पर्याप्त कमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्राओं को बरामदे में थ्री बिछाकर परीक्षा लेनी पड़ रही है ।इन दिनों वर्ग नवम दशम और 12वीं की परीक्षा चल रही है परीक्षा में नवम के 79 दशम के 70 तथा 12वीं के 120 यानी कुल 269 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं इधर बीईईओ रोशन कुमार ने कहा कि फिलहाल विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बगल के विद्यालय से अतिरिक्त कमरे लेकर छात्रों के लिए समुचित व्यवस्था करनी चाहिए।



### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। धरौडा-दरभंगा मुख्य मार्ग पर ईंट भट्ठा के पास तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार कुनाल साफी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक कुनाल साफी 22 वर्ष, चौगमा गांव निवासी घुरण साफी का एकलौता पुत्र था। वह सोनकी थाना क्षेत्र के बेलबा गांव अपनी बहन को छोड़कर स्कूटी से बेनीपुर वापस आ रहा था। इसी दौरान ईंट उद्योग के समीप स्कूटी अनियंत्रित हो गई। पीछे से आ रही बीआर जी-07जी ए-8902 नंबर की पिकअप ने उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुनाल सड़क पर गिर पड़ा और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उसी समय दरभंगा की ओर से आ रहे अलीनगर के अंचलाधिकारी की नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मानवता दिखाते हुए कुनाल को अपनी गाड़ी में डालकर अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर पहुंचाया। वहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी और पिकअप को जब्त कर लिया। अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर पुलिस ने मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

# मिथिला सिटी में दरभंगा के 1600 एकड़ जमीन में टाउनशिप का होगा विकास: डा. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप के लिए राज्य सरकार तथा हुडको के बीच समझौते का स्वागत**

**दरभंगा(एनएसबी)।** बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार के द्वारा सेटेलाइट टाउनशिप के लिए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के आलोक में सरकार और हुडको कंपनी के बीच 1 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के लिए हुए समझौते पर स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसे दरभंगा सहित पूरे मिथिला क्षेत्र के विकास के लिए दूरगामी पहल बताया है। सांसद डा ठाकुर ने बिहार सरकार के द्वारा राज्य मे दरभंगा सहित क्षेत्रीय 11 नया ग्रीनसेटेलाइट टाउनशिप बनाए जाने के निर्णय को बिहार के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा है कि दरभंगा में मिथिला ग्रीन सिटी के नाम से नए स्टेटलाइट शहरिकरण के निर्माण से दरभंगा के विकास की चर्चा न केवल देश बल्कि वैश्विक मंच पर यहां की प्रतिष्ठा स्थापित होगी तथा दरभंगा की पहचान को एक नया आयाम स्थापित होगा। मिथिला सिटी में दरभंगा शहर में 1600 एकड़ जमीन में इस टाउनशिप का विकास होगा जिसमें


डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

हनुमाननगर, बहादुरपुर तथा केवटी अंचल के 102 राजस्व गांव की भूमि को चिन्हित किया गया है तथा मिथिला क्षेत्र में एक नए मॉडल सिटी का निर्माण होगा जिसमें स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, चौड़ी सड़क, स्कूल, कॉलेज, इंडस्ट्री, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित सभी तरह की डिजिटल और आधुनिक सुविधाएं बहाल होगी।

सांसद डा ठाकुर ने बताया कि बिहार सरकार का लक्ष्य राज्य में शहरीकरण को 35 प्रतिशत तक आगे बढ़ाना है एवं इसमें चिन्हित जमीन के लिए किसानों के आवेदन पत्र 30 दिनों के अंदर किसानों को मुआवजा मिलेगा। सांसद डा ठाकुर ने इस सेटेलाइट टाउनशिप की होने वाली खूबियों की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें आधुनिक आधारभूत संरचना, बेहतर आवासीय सुविधा, रोजगार के नए अवसर को बढ़ावा मिलेगा। सांसद डा ठाकुर ने कहा कि मिथिला स्मार्ट ग्रीन सिटी के नाम से सेटेलाइट टाउनशिप के निर्माण से दरभंगा की पहचान वैश्विक मंच पर एक उदाहरण साबित होगा।

### डॉ शबनम कुमारी ने कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा के समक्ष कार्यक्रम समन्वयक 2 के रूप में किया योगदान

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से कुलसचिव द्वारा निर्गत पत्र के आलोक ने डॉ शबनम कुमारी ने विश्वविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक-02 के रूप में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा के समक्ष योगदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक-01 डॉ आर एन चौरसिया, उप कुलसचिव (प्रथम) डॉ उमाकान्त पासवान, एनएसएस सहायक अमित कुमार झा, रवीन्द्र कुमार सिंह, रवि कान्त गुप्ता, अमित कुमार, आस्थानन्द यादव एवं चंदन यादव आदि उपस्थित थे। योगदान के उपरांत डॉ शबनम कुमारी ने शिष्टाचार भेंट स्वरूप कुलसचिव को बुके प्रदान किया, जबकि सहायक अमित कुमार झा ने मिठाई खिलाकर उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराया। ज्ञातव्य है कि डॉ शबनम कुमारी बीआरबी कॉलेज, समस्तीपुर में 2022 से ही एनएसएस के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रही हैं। वर्तमान में उनका डेपुटेशन एम आर महिला कॉलेज, दरभंगा में राजनीति विज्ञान की शिक्षिका के रूप में किया गया है।

## ओझौल पंचायत की मुखिया निक्की कुमारी ने पति पर लगे आरोपों को बताया साजिश

**कहा मेरे पति से 7 लाख के लेन देन को राजनीतिक रंग दिया जा रहा**

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के ओझौल पंचायत के वर्तमान मुखिया निक्की कुमारी ने शुक्रवार को अपने पति पर गलत आरोप लगाने को लेकर बहादुरपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है।जिसमें बताया है कि लेनदेन की मामले को राजनीतिक द्वेष और आपसी पैसे के लेन-देन से जुड़ा बताया है। उनके पति सूरज कुमार को पंचायत चुनाव नजदीक आने के चलते साजिश के तहत फंसाने की कोशिश की जा रही है। वास्तविकता यह है कि आनंद कुमार ने उनके पति सूरज कुमार से 7 लाख रुपये लिए थे।बाद में उन्होंने पे फोन और अन्य माध्यमों से कई किस्तों में कुछ राशि वापस भी की,लेकिन पूरी रकम नहीं लौटाई।जब शेष पैसे की मांग की गई तो आनंद कुमार ने स्वयं अपनी चार चक्का गाड़ी उनके घर भिजवाकर कहा था कि पैसा देने के बाद गाड़ी वापस ले जाएंगे। गाड़ी घर पर रखने के बाद भी आनंद कुमार द्वारा सूरज कुमार के खाते में कुछ और पैसे भेजे गए। यह मामला वाहन छीनने का नहीं,बल्कि आपसी लेन-देन का है।मुखिया निक्की कुमारी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि अब इसी लेन-देन के मामले को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है और झूठा आरोप लगाया जा रहा है कि उनके पति ने गाड़ी छीन ली तथा पंचायत के विकास कार्यों में गलत तरीके से पैसे की मांग की। यह सब राजनीतिक द्वेष भावना से किया जा रहा है। कुछ लोग पंचायत चुनाव से पहले उनके पति की छवि खराब करने की कोशिश में जुटे हैं।मुखिया ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।फिलहाल बहादुरपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के दावों व दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की तैयारी में जुटी है। वही इस संबंध में बहादुरपुर थानाध्यक्ष पर प्रशुंजय कुमार ने बताया कि आवेदन की जानकारी नहीं मिली है।


निक्की कुमारी मुखिया।

## एस. वी. हॉस्पिटल ने मल्टी स्पेशलिटी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन


शिविर मे डॉ. गौड़ी शंकर झा, डॉ. अर्चना गौतम एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** ग्राम पंचायत भवन, बनौल, बोखरा, सीतामढ़ी में एस. वी. हॉस्पिटल, लहेरियासराय के तत्वावधान में एक मल्टी स्पेशलिटी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के 300 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर का संचालन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया।मेडिकल कैंप में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा ने लगभग 150 मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना गौतम ने लगभग 75 महिला मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। वहीं, डॉ. मनीष कुमार ने भी लगभग 75 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।शिविर में मरीजों का ब्लड शुगर परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। साथ ही लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति भी जागरूक किया गया तथा मरीजों के बीच निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त, डॉ. जी. एस. झा द्वारा उपस्थित ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री सुरेश यादव, श्री भाग्यनारायण पासवान, गांधी कुमार, मनोज कुमार, मोहम्मद कमरान, डॉ. नसरुल्ला, सोनू सहित अन्य ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे। एस. वी. हॉस्पिटल की ओर से सभी को प्रोत्साहन स्वरूप एक छोटा-सा उपहार भी प्रदान किया गया।

इस चिकित्सा शिविर का आयोजन कुमारी अर्चना, मुखिया, बनौल ग्राम पंचायत, उनके पति सिकंदर यादव, सुधीर कुमार साह , प्रमुख, बोखरा प्रखंड तथा मोहम्मद गजाली के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर को सफल बनाने में दीपेश , आशुतोष, जितेंद्र पंडित, तुलसी सिस्टर, गौरव, गोविंदा एवं सरफराज अहमद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भरवाड़ा का लाल आदित्य बना इसरो में साइंटिस्ट, ग्रामीणों में खुशी की लहर

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** भरवाड़ा नगर पंचायत निवासी आदित्य राज आनंद को यु आर राव सेटेलाइट केन्द्र, बेंगलोर मे एस सी साइंटिस्ट के पद पर नियुक्ती होने की जानकारी मिलते ही पुरे गांव मे खुशी की लहर दौड़ गई। भरवाड़ा मे उनके इसरो मे साइंटिस्ट बनने पर उनके घर पर बधाई देने वाले का तांता लग गया। आदित्य के पिता उमेश कुमार ठाकुर गांव मे सेल्फ बिजनेस करते है। माता रूपा ठाकुर गृहिणी है, एक बहन संस्कृति ठाकुर नीट की तैयारी कर रही है, एक भाई युवराज प्रेम बारहवी कक्षा मे पढ रहा है। उनके पिता ने बताया की आदित्य गांव मे रहकर दसवीं एवं बारहवी की सीबीएससी से पढाई किया है। उसके बाद आई आई एस टी तिरुअनंतपुरम से बीटेक किया। उन्होने बताया की आनंद बचपन से ही पढने मे तेज था। आनंद ने बताया मेरे लिए करियर केवल अच्छी तनख्वाह के लिए नही बल्कि देश के लिए सार्थक योगदान देने का अवसर है। इसी सोच के साथ मैंने कॉर्पोरेट क्षेत्र के बजाय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक के रूप में कार्य करने का निर्णय लिया। मेरा मानना है कि अपनी क्षमता का सर्वोत्तम उपयोग उन परियोजनाओं में होना चाहिए जो देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दें। इसरो से जुड़ना मेरे लिए केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक महत्वपूर्ण दायित्व और आजीवन सीखने का अवसर है। उन्होने कहा अपने सपनों को बड़ा रखें, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और धैर्य भी उतना ही बड़ा रखें। सफलता कभी एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि छोटे-छोटे निरंतर प्रयासों का परिणाम होती है। यदि आपका लक्ष्य स्पष्ट है और आप पूरी ईमानदारी से उसके लिए काम करते हैं, तो परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, सफलता अवश्य मिलेगी। अपने ज्ञान, कौशल और प्रतिभा का उपयोग केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी करें। विधायक जीवेश कुमार, मुख्य पार्षद सूनील कुमार, स्वर्णकार संघ अध्यक्ष पप्पू ठाकुर,स्वर्णकार शंभू ठाकुर आदि लोगो ने बधाई संदेश भेजा है।


अपने पिता के साथ आदित्य।

### अपहृत नाबालिक लड़की बरामद अपहर्ता गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृता नाबालिग लड़की को सिंहवाड़ा पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले मे पुलिस ने अपहर्ता बिशनपुर थाना क्षेत्र के फुलबरिया निवासी राहुल कुमार ठाकुर को भी गिरफ्तार कर लिया है। तीन फरवरी 25 को नाबालिक लड़की की मां ने अपहरण के संबंध में सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज करायी थी। जिसमें राहुल ठाकुर सहित पिपरा गांव के रितु ठाकुर की पत्नी मंजू देवी एवं कन्हाई ठाकुर की पत्नी समता देवी को नामजद किया था। उसने बताया था कि आरोपी अपने रिश्तेदारी में आता जाता था। इसी बीच लड़की का मोबाइल नंबर ले लिया और बार-बार फोन कर लड़की को परेशान कर रहा था। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता : डॉ. रामचंद्र प्रसाद

**मंत्री ने कहा सामाजिक समरसता, सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनता के बीच निरंतर रहें**

**हायाघाट(एनएसबी)।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद के दरभंगा स्थित आवासीय कार्यालय में हायाघाट विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा एवं आगामी रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की मजबूती ही जनसेवा का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक समरसता, सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया तथा पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान चारों मंडलों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने संबंधी अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किए। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कार्यकताओं के सुझावों के आधार पर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष क्रमश जय गोपाल चौधरी, अनिल कुमार मंडल, राजीव सिंह, राजेश कुमार चौधरी, हेमचंद्र सिंह, रमाकांत झा, कुमार गौरव, नवीन चौधरी, पारस नाथ चौधरी, गौतम राय, उमानंद कुमार, राजकुमार चौधरी एवं शशिबिंद पासवान सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


बैठक में मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### समस्तीपुर डीआरएम व रेल संरक्षा आयुक्त ने किया मझौलिया-बेतिया स्टेशनों के मध्य नव-दोहरीकृत रेल लाइन का निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं रेल संरक्षा आयुक्त (पूर्वी सर्किल) गुरु प्रकाश ने शनिवार को समस्तीपुर मंडल के मझौलियाझबेतिया स्टेशनों के मध्य 9.84 किमी नव-निर्मित दोहरीकृत रेल लाइन का संरक्षा संबंधी निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।




इस क्रम में संरक्षा से संबंधित विभिन्न मानकों का गहन परीक्षण किया गया तथा सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### भाकपा माले ने निकला प्रतिरोध मार्च

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत माले जिला कार्यालय से शहर में इन्काउन्टर राज, बुलडोजर राज, फर्जी मुठभेड़, पुलिस दमन, लोकतांत्रिक अधिकारों पर



हमलों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों का पक्षपोषण के खिलाफ भाकपा (माले) जिला कमिटी के बैनर तले प्रतिरोध मार्च निकाला गया। जो शहर के स्टेशन चौक पर जा सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव प्रो उमेश कुमार ने कहा कि राज्य में बेलगाम होती पुलिस लगातार बेगुनाहों पर जुल्म ढा रही है। बिहार के मुख्यमंत्री पुलिस को कह रहें हैं कि गमछा देखो, जाति पुछो और गोली मारो। फलस्वरूप पुलिस के चपेट दलित, महादलित, मुस्लिम अल्पसंख्यक ही आ रहें हैं। सभा को जिला कमिटी सदस्य का. ललन कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, अनिल चौधरी, खुर्शीद खैर, रामविनय पासवान, दीपक यदुवंशी, आफताब अंसारी, कुंदन कुमार, अंशु कुमार, सौरभ कुमार आदि ने सम्बोधित किया।

### पुल निर्माण के क्रम में 4 मजदूर घायल,

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** को सुबह लगभग 9 बजे बख्तियारपुरझताजपुर पुल परियोजना के ढ-38 पिलर पर निर्माण कार्य के दौरान उपयोग की जा रही मशीन के एक हिस्से में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण उसके नीचे लगी ट्रे एक ओर झुक गई। इस घटना में वहां कार्यरत चार मजदूर घायल हो गए। सभी घायल श्रमिकों को तत्काल उपचार के लिए भेज दिया गया और उनका समुचित इलाज किया जा रहा है। विभाग उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रहा है। इस मामले में विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि, राज्य सरकार और पथ निर्माण विभाग की प्राथमिकताओं में परियोजना की गुणवत्ता के साथ झसाथ श्रमिकों का जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा शीर्ष पर है। घटना के तुरंत बाद संबंधित स्थल पर आवश्यक तकनीकी जांच एवं मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### 30 लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई करते हुए 30 लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विद्यापतिनगर थाना कांड संख्या 147/26, दिनांक 03 जुलाई 2026 के तहत 30(ं) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजय कुमार, पिता अरुण महतो, ग्राम चापर, थाना मोहिउद्दीननगर, जिला समस्तीपुर के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके पास से 30 लीटर देशी शराब तथा अपाची मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या इफ3३इद 4580) बरामद कर जब्त कर लिया। यह कार्रवाई बाजिदपुर में पीएसआई रवि कुमार के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### भीषण उमस व प्रचंड धूप से जनजीवन अस्त-व्यस्त, आज मिल सकती है राहत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले में तापमान और आर्द्रता के मेल से शनिवार को मौसम का मिजाज तल्ख रहा। बेचैन करने वाली गर्मी और उमस से जनजीवन अस्त व्यक्त रहा। सुबह से निकली तेज धूप ने दोपहर तक प्रचंड गर्मी का रूप ले लिया, जबकि हवा में नमी अधिक रहने के कारण लोगों को भीषण उमस का सामना करना पड़ा। गर्मी का आलम यह था कि, दोपहर के पहले ही सड़कें सूनी नजर आने लगी और लोग जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा शनिवार को जारी मौसम रिपोर्ट के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रविवार को मौसम में बदलाव की संभावना है। आसमान में बादल छा सकते हैं तथा जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। यदि वर्षा होती है तो तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिलेगी।बारिश के अभाव का सबसे अधिक असर खेती-किसानी पर दिखाई दे रहा है। धान की रोपाई का समय होने के बावजूद पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है। किसान मानसून की अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम के ताजा पूवार्नुमान पर नजर बनाए रखने और बारिश शुरू होते ही रोपाई एवं अन्य कृषि कार्यों में तेजी लाने की सलाह दी है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी लोगों को गर्मी और उमस से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा दोपहर के समय अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। रविवार को संभावित मौसम परिवर्तन से लोगों के साथ-साथ किसानों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**दलसिंहसराय (एनएसबी)** अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार एवं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा के संयुक्त अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार माननीय सर्वोच्च्य न्यायालय के दिशा निर्देश के अनुपालन अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एन एच -28 एवं सरदारजगंज चौक पर अवैध अतिक्रमण/अनधिकृत पार्किंग एवं ओभरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया इस दौरान अवैध पार्किंग के साथ साथ आभारलोडेड ट्रक,बस, तिन्पहिया वाहन एवं मोटरसाइकिल कीभी जांच की गई था कुल 67 वाहनों को चालान के द्वारा विभिन्न अधिनियमों के तहत कुल 5,81 लाख का जुमार्ना अधिरोपित किया गया इसके अतिरिक्त सरदार गंज चौक एवं आस पास के क्षेत्रों से एन एच किनारे अनधिकृत रूप से मछली फल,आदि विक्रेताओं को हटाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन चालकों के विरुद्ध भी बिधि सम्मत कार्रवाई भी की गई इस अभियान में भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रशांत रमानिया,अवर निर्वाचन पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी रवि रंजन अनुमंडल के बीडीओ सीओ,एसएचओ जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, तथा एनएचएआई का धावादल गठित करते हुए अभियान चलाया गया अनुमंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजनों की सुविधा सड़क सुरक्षा एवं निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान जारी रहेगा लोगो से अपील किया गया कि यातायात नियमों का पालन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करै उक्त अभियान में सभी प्रखंड के संबंधित पदाधिकारी एवं काफी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल उपस्थित थी।

### अपहरण मामले में नया मोड़, विवाहिता खुद थाने पहुंची, दर्ज कराया बयान

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में दर्ज अपहरण के एक मामले में शनिवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब कथित रूप से अपहृत 22 वर्षीय नवविवाहिता स्वयं कल्याणपुर थाना पहुंच गई। युवती ने पुलिस के समक्ष दिए अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा कि, उसका किसी ने अपहरण नहीं किया था, बल्कि वह अपनी इच्छा से ससुराल से अपने ननिहाल चली गई थी। अब वह अपने मायके जाने के लिए तैयार है। युवती का बयान मामले के अनुसंधानकर्ता लालू प्रसाद मल्लाह ने दर्ज किया। बयान के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बीते माह युवती की मां ने कल्याणपुर थाना में अपनी पुत्री के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली रागी की खेती भविष्य के लिए बेहतर विकल्प : ई. विनीता कश्यप

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली द्वारा किसानों के खेत पर रागी के विभिन्न बुआई विधियों के मूल्यांकन हेतु ऑन-फार्म ट्रायल (डल्ल ञ्ऋ ळ्ऋ') का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. आर. के. तिवारी के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में सम्पन्न इस ट्रायल का संचालन कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ ई. विनीता कश्यप ने किया।

इस ऑन-फार्म ट्रायल का मुख्य उद्देश्य रागी की विभिन्न बुआई विधियों का तुलनात्मक मूल्यांकन कर किसानों के लिए अधिक उपयुक्त, लागत प्रभावी तथा अधिक उत्पादन देने वाली तकनीक की पहचान करना है। परीक्षण के दौरान किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेत की तैयारी, संतुलित बीज दर, कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की उचित दूरी, खरपतवार प्रबंधन तथा फसल की समुचित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ई. कश्यप ने बताया कि, रागी एक पोषक तत्वों से भरपूर एवं जलवायु-अनुकूल

## केवीके, बिरौली द्वारा रागी की विभिन्न बुआई विधियों का ऑन-फार्म ट्रायल सम्पन्न



ट्रायल के दौरान मौजूद वैज्ञानिक व अन्य

फसल है, जिसकी खेती के लिए अन्य प्रमुख अनाजों की अपेक्षा कम पानी की आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में एल-नीनो (ए' ढद्वड्ड) जैसी मौसमीय परिस्थितियों के कारण वर्षा में कमी एवं सूखे की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे समय में रागी जैसी कम जल आवश्यकता वाली फसलें किसानों के लिए अधिक सुरक्षित एवं लाभकारी विकल्प सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि रागी की खेती न केवल जल संरक्षण में सहायक है, बल्कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में किसानों की आय एवं खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अपने संबोधन में, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. आर. के. तिवारी ने किसानों से आह्वान किया कि वे बदलती जलवायु एवं अनिश्चित मानसून को ध्यान में रखते हुए मोटे अनाजों, विशेषकर रागी जैसी जलवायु-सहिष्णु फसलों को अपनी फसल प्रणाली में शामिल करें। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से बुआई, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुशंसित तकनीकों को अपनाकर किसान उत्पादन एवं लाभ दोनों में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने विभिन्न बुआई विधियों का अवलोकन किया तथा वैज्ञानिकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। किसानों ने भविष्य में रागी की वैज्ञानिक खेती अपनाने एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सुझाई गई उन्नत तकनीकों को अपने खेतों में प्रयोग करने की इच्छा व्यक्त की।

***किसानों के लिए सलाह***

रागी की बुआई समय पर एवं अनुशंसित विधि से करें।

प्रमाणित एवं उन्नत किस्म के बीज का ही प्रयोग करें।

संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं समय पर खरपतवार नियंत्रण अपनाएँ।

कम वर्षा एवं जल संकट की स्थिति में रागी जैसी कम पानी में सफल होने वाली फसलों को प्राथमिकता दें।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के संपर्क में रहकर नवीनतम कृषि तकनीकों को अपनाएँ, जिससे उत्पादन एवं आय में वृद्धि हो सके।

# पदोन्नति पर सराफा संघ ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दी बधाई

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** शहर के सरार्फा व्यवसायी संघ ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा को पदोन्नति मिलने के उपलक्ष्य में उनके कार्यालय में बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने उन्हें अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ, एवं स्मृति-चिह्न से सम्मानित किया। साथ ही दलसिंहसराय अनुमंडल में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करने में उनके उल्लेखनीय योगदान केलिए सराहना की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके कुशल नेतृत्व, निष्पक्ष कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण से पुलिस प्रशासन की सकारात्मक छवि को और मजबूत करने वाली कार्यशैली की सराहना की। संघ के सभी पदाधिकारियों एवं व्यवसायी ने उनके उज्ज्वल भविष्य,उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में दलसिंहसराय में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। मौके पर हरिओम प्रसाद, सुनील कुमार बमबम, मुन्ना प्रसाद, गोपू प्रसाद, उपेंद्र ठाकुर, गौतम सोनी, जय नारायण ठाकुर, आकाश सोनी, मुकेश ठाकुर, परमजीत प्रसाद, मनोज सोनी, रंजीत सोनी, राहुल सोनी, गोपाल ठाकुर, संजय ठाकुर, संजय सोनी, राम ठाकुर, सागर सोनी, आनंद सोनी, हिमांशु प्रसाद, मिंटू सोनी, एवं गुड्डू ठाकुर सहित दर्जनों व्यवसायी उपस्थित थे।


सम्मानित करते संघ के अध्यक्ष व अन्य

# येलो ने ग्रीन को 8 विकेट से हराया


मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देते अतिथि

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** शनिवार को दलसिंहसराय इंटर क्रिकेट एकेडमी टी 20 लीग का चौथा लीग मैच दलसिंहसराय क्रिकेट एकेडमी ग्रीन एवं येलो के बीच खेला गया । छात्रधारी इंटर विद्यालय के प्रागंण में खेले गए 20-20 ओवर के मैच में क्रिकेट एकेडमी ग्रीन के कप्तान ने जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्णव के शानदार 56 रनो की पारी के बदौलत 112 रन पर बना सकी। गेंदबाजी में येलो टीम की तरफ से अंकित, श्रुति, आदित्य रोहित, यश ने 2-2 विकेट लिया। जवाब में येलो टीम ने 15 ओवर में 2 विकेट के नुक्सान पर 113 रन बना कर मैच को 8 विकेट से जीत लिया। येलो टीम की तरफ से यश ने 34 रन नाबाद आहिद ने 20 रन और अनमोल ने 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में ग्रीन टीम की तरफ से आयुष और शौर्य मेहता ने 1-1 विकेट लिया। आज का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कप्तान यश को और बेस्ट बॉलर अंकित और बेस्ट बैट्समैन अर्णव को संगीता कुमारी, प्रभात रंजन, एवं अभिलाष गौतम ने संयुक्त रूप से दिया। अंपायर की भूमिका उमेश राय ने निभाई। आज के मैच में मुख्य रूप से पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद नवाब, अशफाक अंसारी, विकास पंकज, कुणाल मणि, टीम के कोच संतोष सौरभ, विकास कुमार, माधव कुमार एवं बहुत सारे खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार आयोजित, सात में से तीन मामलों का हुआ ऑन-स्पॉट निष्पादन


अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार आयोजित, सात में से तीन मामलों का हुआ ऑन-स्पॉट निष्पादन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** शनिवार को विद्यापतिनगर अंचल कार्यालय परिसर में भूमि संबंधी विवादों के समाधान को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनता दरबार में कुल सात मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष चार मामलों में संबंधित पक्षों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान कर लोगों को न्याय दिलाना है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई कि वे अपने मामलों से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ जनता दरबार में उपस्थित हों, ताकि मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सके। जनता दरबार के दौरान अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मी, संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देशी व विदेशी शराब बरामद, एक कारोबारी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश तेज

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर देशी एवं विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि विदेशी शराब बरामदगी मामले में पुलिस ने कारोबारी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तीरा जटमलपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान शिवजी दास को चार लीटर चुलाई देसी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इसी अभियान के दौरान पुलिस ने खरसंड पूर्वी पंचायत के कोयला कुंड गांव में एक बंद पड़ी स्टेट बोरिंग के हौज के पास छिपाकर रखी गई आरसी एवं मैजिक मोमेंट ब्रांड की विदेशी शराब भी बरामद की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि चुलाई शराब मामले में गिरफ्तार शिवजी दास को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं विदेशी शराब बरामदगी मामले में कारोबारी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि शराब कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कुख्यात अमन सहनी गिरोह के तीन अपराधियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मथुरापुर थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अमन सहनी गिरोह के तीन अपराधियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार (3 जुलाई) की शाम मथुरापुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस टीम के साथ विशेष वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से अवैध हथियार और कारतूस मिलने पर तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।


संवाददाताओं से बात करते पदाधिकारी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रजनीश कुमार (मुगलानी चक, वारिसनगर), रविकांत कुमार उर्फ रवि (अमसौर, खानपुर) और सुदामा कुमार (बलिगांव, वैशाली) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मथुरापुर थाना कांड संख्या 60/2026 दर्ज करते हुए आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। प्रारंभिक जांच में रविकांत कुमार उर्फ रवि का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध पहले से वारिसनगर थाना कांड संख्या 235/24 में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में पु.अ.नि. कुंदन पटेल, पु.अ.नि. वाजिद खान, स.अ.नि. राजू कुमार यादव सहित मथुरापुर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे। पुलिस मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और उनकी आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### गांव को कर्मस्थली बनाकर सेवा करने वाले डॉ. पी.आर. सुल्तानिया सम्मानित

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** चिकित्सा सेवा और समाजसेवा के क्षेत्र में चार दशकों से अधिक समय से उल्लेखनीय योगदान देने वाले बेनीपट्टी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभात रंजन (पी.आर.) सुल्तानिया को मिथिला की समृद्ध परंपरा के अनुरूप पाग, शॉल एवं दोपट्टा भेंट कर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) घनश्याम ठाकुर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर एमएलसी श्री ठाकुर ने कहा कि डॉ. सुल्तानिया ने वर्ष 1980 से महानगरों की सुविधाओं को छोड़कर बेनीपट्टी को अपनी कर्मभूमि बनाया और निरंतर चिकित्सा सेवा के साथ समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।



उन्होंने कहा कि गरीब, जरूरतमंद एवं बुजुर्ग मरीजों के प्रति उनकी सेवा-भावना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। ज्ञात हो कि डॉ. सुल्तानिया नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, निःशुल्क जांच एवं उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने भी डॉ. सुल्तानिया के कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। समारोह में कई गणमान्य लोग एवं शुभचिंतक मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी उत्तरी पंचायत स्थित शिव दुर्गा मंदिर चौक से निकाल कर कई चौक चौड़ाहे होते हुए विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया. भोजपुरी के बिलौटी गांव भरत भूषण तिवारी की श्रद्धांजलि देने को लेकर निकाल गया. कैडल मार्च में उपस्थित लोगों ने भारत भूषण अमर रहे की जयकार लगाते रहे. उपस्थित लोगों ने उनकी तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. सदस्यों के द्वारा घटना को सीधे तौर पर हत्या करार देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति आत्म समर्पण कर रहा था तो उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए था. गोली नहीं मारी जानी चाहिए थी. लोकतांत्रिक व्यवस्था में आत्म समर्पण करने वाले व्यक्ति की हत्या किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती. इस मौके पर विश्वजीत झा, राजीव झा, राजा झा, अशोक सहनी, ललित झा, अनुज मंगल, प्रभात कामत, संजू मेहता, सुभाष झा, विश्वनाथ झा, माधवी झा, भारती देवी, अक्षरा झा, सिद्धार्थ झा, निशा चौधरी, अंकित झा, अशोक झा सहित कई लोग उपस्थित थे.




### स्कूल छोड़ चुके छात्रों का पुनः होगा नामांकन संगोष्ठी में लिए गए निर्णय



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय परसौनी दक्षिणी में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस मौके पर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. संगोष्ठी में ड्रॉप आउट बच्चों का दोबारा नामांकन करने, बच्चों की नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित बनाए रखने और पढ़ाई के लिए घर पर अनुकूल माहौल बनाने को लेकर अभिभावक से आग्रह की गई. वही सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अभिभावकों को विद्यालय में उपलब्ध मौलिक सुविधाओं को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी गई. प्रधानाध्यापक जयंत कुमार चौधरी ने कहा कि हम सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चा आत्मविश्वास के साथ नियमित रूप से विद्यालय आए. और सीखने की प्रक्रिया से जुड़े रहे. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार ने बताया कि पीटीएम के माध्यम से अभिभावक को बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है इसकी जानकारी दी गई. वही छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, पाठ्य पुस्तक, पोशाक विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जानकारी दिया गया. इस मौके पर शिक्षिका किरण कुमारी,रीना कुमारी, जिन्नत प्रवीण,शहवाज दस्तगीर सहीत कई लोग उपस्थित थे.

### दो देशी पिस्टल, तीन कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने देर शाम जानकारी देते हुए बताया है कि जयनगर थाना अंतर्गत महात्मा डीजल सर्विस पेट्रोल पंप पर 03 मोटरसाईकिल से 04 युवक तेल लेने आए थे। तेल लेने के पश्चात नोजलकर्मी से किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। जिसमें वहां उपस्थित एक अन्य ग्राहक द्वारा बीच-बचाव का प्रयास किया गया तो उक्त ग्राहक के साथ चारों युवक द्वारा गाली-गलौज एवं धमकी देते हुए पूर्व से कमर में छिपाकर रखे गए पिस्तौल निकालकर उस पर तान दिया। जिससे पेट्रोल पम्प पर दहशत का माहौल बन गया। अप्रिय घटना की भनक लगते ही पेट्रोल पंप के मैनेजर एवं वहां उपस्थित अन्य पेट्रोल पंप कर्मी तथा स्थानीय लोगों द्वारा उक्त चारों युवक को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें 02 व्यक्ति भागने में सफल रहे तथा 02 युवक राकेश कुमार एवं गोपाल यादव को हथियार सहित पकड़ लिया गया। तदोपरांत घटना की जानकारी जयनगर थाना को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। पेट्रोल पंप मैनेजर एवं अन्य लोगों द्वारा पकड़े गए दोनों युवक को 02 पिस्टल मैगजीन सहित, 03 गोली, 02 मोबाइल एवं 01 मोटरसाईकिल के साथ पुलिस को सुपुर्द किया गया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा बरामद सामान को विधिवत जप्त करते हुए गिरफ्तार युवक को थाना लाया गया। इस संबंध में जयनगर थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज किया गया है। फरार अभियुक्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है, जिनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अन्य विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### स्थानांतरित कर्मियों को एक सप्ताह के अंदर योगदान देने हेतु जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत जिन कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है, उन्हें स्थानांतरण की तिथि से एक सप्ताह के भीतर नए कार्यालय में योगदान देने हेतु जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने कई आवश्यक निदेश दिए है। उन्होंने आदेश के माध्यम से कहा है कि यह व्यवस्था कार्यालय कार्यों के सुचारु संचालन, प्रशासनिक दक्षता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। सभी संबंधित कार्यालयों के प्रधान एवं नियंत्रण पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरित कर्मियों को विधिवत विरमित किया जाए।* *साथ ही उन्हें सेवा पुस्तिका, प्रभार हस्तांतरण, डोंगल डी-एक्टिवेशन/एक्टिवेशन, रेकॉर्ड बही के अद्यतीकरण सहित सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर नए पदस्थापन स्थल के लिए समय पर मुक्त किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि विरमित किए गए कर्मचारियों से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। प्रतिवेदन में कार्यालय का नाम, स्थानांतरित कर्मियों की संख्या, विरमित किए गए कर्मियों की संख्या तथा अन्य आवश्यक विवरण अंकित करना होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थानांतरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर नियमित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों का संचालन निर्बाध एवं प्रभावी ढंग से जारी रह सके।

# मधुबनी में केंद्रीय विद्यालय संचालन का रास्ता साफ, वाटसन10+2 विद्यालय में शुरू हो सकती है पढ़ाई

**‘प्रबंधन समिति ने दी एनओसीः, विधायक माधव आनंद बोलेः विद्यार्थियों के भविष्य के लिए ऐतिहासिक पहल’**

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले में लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय की मांग पूरी होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। वाटसन 10+2 विद्यालय, मधुबनी की प्रबंधन समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि केंद्रीय विद्यालय का स्थायी भवन तैयार होने तक विद्यालय का संचालन वाटसन 10+2 विद्यालय परिसर से कराया जा सकता है। इसके लिए प्रबंधन समिति ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) देने का निर्णय लिया है।

प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह मधुबनी विधायक माधव आनंद ने इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई निवेश नहीं होता। यदि जिले के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संस्थागत सहयोग देना पड़े तो यह समाज और जनप्रतिनिधियों का नैतिक दायित्व है।


विधायक माधव आनंद

उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के मानकों के अनुरूप विद्यालय परिसर में आवश्यक मरम्मत, कक्षाओं का उन्नयन, आधारभूत सुविधाओं के विकास सहित अन्य आवश्यक कार्यों को भी प्रबंधन समिति ने स्वीकृति दे दी है, ताकि केंद्रीय विद्यालय का संचालन बिना किसी बाधा के शीघ्र शुरू किया जा सके। विधायक ने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी आनंद शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार झा तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी अक्षय कुमार पांडेय को पत्र भेजकर आवश्यक प्रशासनिक समन्वय एवं सहयोग का अनुरोध किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और केंद्रीय विद्यालय संगठन के समन्वित प्रयास से सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी होंगी।

माधव आनंद ने कहा कि उनका संकल्प है कि मधुबनी का प्रत्येक बच्चा आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि मधुबनी के सर्वांगीण विकास में शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा केंद्रीय विद्यालय का संचालन शुरू होना हजारों विद्यार्थियों और अभिभावकों के वर्षों पुराने सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि होगी।उन्होंने वाटसन विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ-साथ जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

**भवन निर्माण में लगेगा समय, इसलिए वाटसन 10+2विद्यालय से शुरू हो पढ़ाई!**

गौरतलब है कि बिहार सरकार ने मधुबनी जिले के राजनगर प्रखंड के महीनाथपुर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। हालांकि स्थायी भवन के निर्माण एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था में अभी समय लगेगा। ऐसे में जिले के शिक्षाविदों एवं आम लोगों का मानना है कि नए शैक्षणिक सत्र से ही वाटसन 10+2 विद्यालय, मधुबनी से केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं शुरू कर दी जाएं। जिला मुख्यालय में स्थित होने के कारण यहां आवश्यक आधारभूत सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं, जिससे विद्यार्थियों को बिना विलंब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। यदि सरकार शीघ्र निर्णय लेती है तो यह मधुबनी के हजारों विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी।

## 171 लीटर नेपाली शराब के एक मोटरसाईकिल के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार


शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत- नेपाल की सीमा पर तैनात एस एस बी 48वीं बटालियन की मुख्यालय जयनगर के कमांडेंट राजेन्द्र कुमार के निदेर्शानुसार वाही सीमा चौंकी कमला के कम्पनी कमांडर निरीक्षक अमोल कुमार के नेतृत्व में कमला के जवानों ने भारत सीमा पिलर संख्या 271/04 के रास्ते चोरी-छिपी नेपाल से भारत की ओर आ रहे नेपाली शराब का भारी मात्रा में जब्त किया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। नेपाल से बिहार में तस्करी राज्य सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही है।

जानकारी देते हुए कमला कंपनी के कमांडर निरीक्षक अमोल कुमार ने बताया कि नाका पार्टी का नेतृत्व कर रहे सहायक उप निरीक्षक ने अपने जवानों के साथ सीमा की ओर नो मैं लैंड पर गश्ती कर रहे थे। उसी दौरान नेपाल के रास्ते तस्कर भारी मात्रा में शराब की बोतल लेकर भारतीय क्षेत्र में आ रहा था।धंधेबाज को एस एस बी की भनक लगते ही शराब से लदे मोटरसाईकिल को फेंककर नेपाल की ओर भागने लगा। तभी ड्यूटी पर तैनात एसएसबी जवान ने खदेड़ कर एक धंधेबाज को धर दबोचा। गिरफ्तार धंधेबाज कि पहचान प जयनगर थाना क्षेत्र के कुआढ़ ग्राम निवासी राजदेव यादव के 22 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार धंधेबाज और जब्त किए गए सामानों को जांच की गई तो उसमें नेपाली शराब की 171 लीटर बोतल 300 एमएल की पाई गई। जिसे कागजी प्रकिया करते हुए आग्रीम कार्रवाई हेतू देवधा थाना के हवाले कर दिया गया।

## महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु "सखी वार्ता" कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

**\मधुबनी, (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम, मधुबनी के तत्वावधान में आज दिनांक 03 जुलाई 2026 को राजनगर प्रखंड अंतर्गत समेकित बाल विकास सेवाओं के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-192 के पोषक क्षेत्र की महिलाओं एवं लाभार्थियों के साथ "सखी वार्ता" कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय सशक्तिकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।उन्होंने महिला सशक्तिकरण कार्यालय की गतिविधियों, पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाने वाले "सहयोग शिविर"तथा महिलाओं एवं किशोरियों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में भी उपस्थित महिलाओं को जानकारी प्रदान की।

जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के लैंगिक विशेषज्ञ शिव राम मेहरा ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता सेवाओं, कानूनी परामर्श, मनोसामाजिक सहयोग, अस्थायी आश्रय, आपातकालीन सहायता तथा महिला हेल्पलाइन एवं विभिन्न विभागों के टोल-फ्री नंबरों की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी।

### अंचल कार्यालय के एलआरसी ऑपरेटर सत्यनारायण राम का आकस्मिक निधन,

**जयनगर (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय में एलआरसी ऑपरेटर के पद पर कार्यरत सत्यनारायण राम का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे दरभंगा जिले के मनीगाछी प्रखंड के निवासी थे तथा उनकी उम्र 31 वर्ष थी। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही जयनगर अंचल कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। सत्यनारायण राम अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मियों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया। सहकर्मियों ने कहा कि वे अपने कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करते थे, जिसके कारण सभी के बीच लोकप्रिय थे।

## 1200 रुपये वार्षिक ग्रामीण टैक्स अव्यावहारिक, सरकार तुरंत वापस ले : मनोज झा

**मधुबनी(एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 1200 रुपये सालाना टैक्स निर्धारण के फैसले का मिथिला लोकतांत्रिक मोर्चा ने कड़ा विरोध किया है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज झा ने इसे किसान-विरोधी और गरीब-विरोधी फैसला बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की।मनोज झा ने कहा, "गाँव में पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट से लोग जूझ रहे हैं। ऊपर से 1200 रुपये का अतिरिक्त टैक्स थोपना ग्रामीण जनता की कमर तोड़ देगा। मिथिला सहित पूरे बिहार का किसान, मजदूर, छोटा दुकानदार इतना बोझ नहीं सह सकता।"उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजस्व बढ़ाने के नाम पर सबसे कमजोर तबके पर हमला कर रही है, जबकि बड़ी कंपनियों को टैक्स में छूट दी जा रही है। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो गाँव-गाँव में आंदोलन होगा। मनोज झा ने कहा, "हम पंचायत स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे और विधानसभा का घेराव करेंगे। यह टैक्स वापस होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।"मिथिला लोकतांत्रिक मोर्चा ने सभी किसान संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं और विपक्षी दलों से इस जनविरोधी टैक्स के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है।

## महिला कॉलेज के प्रधान सहायक के अवकाश ग्रहण पर विदाई समारोह का आयोजन



**मधुबनी (एनएसबी)।** स्थानीय जेएमडीपीएल महिला महाविद्यालय के प्रधान सहायक श्याम महासेठ के 30 जून 2026 को अवकाश ग्रहण के अवसर पर पिछले दिनों कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो सत्येंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित की गई ।विदाई समारोह में प्रधानाचार्य डॉ सिंह ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सदैव मृदभाषी और सभी कार्यों को समय से निष्पादन करने के लिए सदैव याद किए जाएंगे। डॉ अमर कुमार माननीय सिंडिकेट और सीनेट सदस्य ने कहा कि उन्होंने अपनी चालीस वर्ष से ऊपर की सेवा इस महाविद्यालय को दिया है, सकुशल अवकाश ग्रहण करने पर इन्हें बधाई और उज्जवल भविष्य का कामना किया। इस विदाई समारोह में डॉ अर्चना कुमारी, डॉ निभा झा, डॉ अन्नपूर्णा कुमारी, डॉ निवेदिता कुमारी,डॉ राखी कुमारी, डॉ शिव कुमार पासवान, डॉ मनीषकांत,डॉ अरुण कुमार मंडल, डॉ पुष्प लता झा, डॉ सुमन कुमारी, डॉ पूजा कुमारी, डॉ मधु कुमारी, डॉ सुभद्र झा, डॉ श्वेता कुमारी, डॉ माला कुमारी, डॉ आशा कुमारी डॉ सुनील राउत आदि ने अपना विचार रखा। इस अवसर श्याम महासेठ की पत्नी ज्योति महासेठ एवं बच्चे विपुल आनंद, दीपशिखा तथा शिक्षकेतरकर्मी अशोक कुमार झा, विकास कुमार, दिलीप सिंह, प्रमोद अग्रवाल, अजीत महासेठ,रतन कुमार, आशुतोष आनंद, ललित प्रसाद रोशन कुमार ने प्रधान सहायक को विद विदाई के साथ-साथ नए प्रधान सहायक किरण कुमारी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कॉलेज से अवकाश ग्रहण कर चुके शिक्षक डॉ बीबी राय, डॉ लाल बाबू साह, त्रिवेणी चौधरी के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ शिखा कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अरुण कुमार मंडल ने किया।

## उत्तम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरुरी: -डॉ० धनंजय कुमार

**लदनिया (एनएसबी)।** जीविका कार्यालय में आज "एक पेड़ मां के नाम" के तहत जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ० धनंजय कुमार ने छायादार पेड़ों पीपल एवं बरगद के पेड़ो का पौधारोपण किया। उक्त अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। पीपल सर्वाधिक आक्सीजन का उत्सर्जन भी करता है। प्रखंड परिसर स्थित विश्वास जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय परिसर में यह पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। यह पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अच्छी पहल माना जाता है। उन्होंने बताया की लगातार पेड़ों की कटाई होने से परिस्थिति हमेशा प्रतिकूल होती जा रही है। इससे लोगों को कई प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कभी भीषण गर्मी तो कभी पानी का स्तर भी काफी नीचे चले जाने से पानी की समस्या हो जाती है। कभी सूखा पड़ जाता है तो कभी बाढ़ आ जाता है। उन्होंने अपनी मां की याद में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। यह पौधारोपण उनकी मां के प्रति प्रेम व सम्मान को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास है बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक सुंदर तरीका है। पेड़ लगाना न केवल आने वाली पीढियां के लिए ऑक्सीजन का स्रोत है बल्कि यह धरती को जलवायु संकट से बचाने का महत्वपूर्ण कदम भी है। इसलिए सभी लोगों को कम से कम दस-दस पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मियों से भी आग्रह किया की इस साल कम से कम एक-एक पौधा सभी लोग जरूर लगाए।


वृक्षारोपण करते

इस अवसर पर विश्वास जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड महथा के अध्यक्ष शीला देवी, सचिव गीता देवी, क्लस्टर फैसिलिटेटर शिवकुमार तथा मास्टर बुक कीपर रामकुमार सिंह, सफाई कर्मी विमल देवी, बुधनी देवी, मुन्नी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने पारु एवं मोतीपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का लिया जायजा, निवेश के अनुरूप माहौल बनाने पर जोर

# मुजफ्फरपुर के पारु में 700 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कार्रवाई तेज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने तथा औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार की कार्रवाई सतत एवं प्रभावी रूप से जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने शनिवार को महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले के पारु प्रखंड में लगभग 700 एकड़ क्षेत्रफल में नये औद्योगिक क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया को तेज कर दी गई है। इस क्रम मे जिलाधिकारी ने पारू, मोतीपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया।

जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने तथा निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए बेला एवं मोतीपुर के बाद अब पारु को नये औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल की गई है। इस परियोजना के तहत निर्धारित भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ है तथा कार्य को गति देने के लिए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है।

इस बाबत परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

पारु में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए कुल पांच मौजों में लगभग 700 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत चांदपुर चिउटारा मौजा में लगभग 250 एकड़, चतुरपट्टी मौजा में 150 एकड़, भोजपट्टी मौजा में 95 एकड़, हरपुर कपरफोरा मौजा में 120 एकड़ तथा विशुनपुर सरैया मौजा में लगभग 85 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को सभी मौजों में भूमि की उपलब्धता, सीमांकन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का परीक्षण करते हुए भू-अर्जन की कार्रवाई नियमानुसार पूरा कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने तथा रैयतों को विधिसम्मत भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पारु में औद्योगिक क्षेत्र के विकास से मुजफ्फरपुर जिले को बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे। इससे जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और



पारु प्रखंड में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लेने पहुँचे जिलाधिकारी कुमार गौरव।

स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से जिले की आर्थिक संरचना को मजबूती मिलेगी तथा आसपास के क्षेत्रों में सहायक व्यवसायों, परिवहन, भंडारण, पैकेजिंग और सेवा क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों का भी विस्तार होगा। इससे स्थानीय व्यापारियों, उद्यमियों तथा छोटे व्यवसायों को भी लाभ प्राप्त होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की औद्योगिक नीति के अनुरूप जिले में उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। पारु में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आने वाले समय में मुजफ्फरपुर को एक नए औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित होने में सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि औद्योगिक क्षेत्र के विकास, बेहतर सड़क संपर्क और प्रशासनिक सहयोग के माध्यम से मुजफ्फरपुर जिले में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्र के प्रभावी संचालन तथा परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पारु प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र को जिले से गुजर रहे निमार्णाधीन पटना - बेतिया फोरलेन से जोड़ने का प्रस्ताव एनएचएआई को पूर्व मे ही भेजा गया। इससे बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध हो जायेगी तथा उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति तथा तैयार उत्पादों की ढुलाई अधिक तेज और सुगम तरीके से हो सकेगी।

इससे निवेशकों और उद्योगपतियों को बेहतर लॉजिस्टिक सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र में नये उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्र के लिए फोरलेन सड़क से कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाने पर न केवल उद्योगों के संचालन में सहूलियत होगी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। बेहतर संपर्क मार्ग के कारण परिवहन लागत में कमी आएगी तथा उत्पादों को राज्य एवं देश के अन्य बाजारों तक पहुंचाना अधिक आसान होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का हरएक कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के विचारों का वाहक, हमें उनके अंत्योदय के संकल्प को बूथ स्तर तक पहुंचाना है : लखेद्र कुमार रौशन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार के मंत्री लखेन्द्र कुमार "रौशन" ने कहा है कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत और कश्मीर के पूर्ण विलय के लिए अपना बलिदान दिया था। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर भाजपा ने डॉ मुखर्जी के 'एक देश, एक विधान' के सपने को सच कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हरएक कार्यकर्ता डॉ मुखर्जी के विचारों का वाहक है और हमें उनके अंत्योदय के संकल्प को बूथ




दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन करते सम्मेलन के अतिथिगण

#### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125 वां स्मरण पक्ष जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

स्तर तक पहुंचाना है। मंत्री लखेद्र कुमार रौशन शनिवार को नगर के कच्ची पक्की स्थित निषाद भवन के निषाद सभागार में आयोजित महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक महामानव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125 वां स्मरण पक्ष "जिला कार्यकर्ता सम्मेलन" को संबोधित कर रहे थे। भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ववलन तथा डॉ मुखर्जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। सम्मेलन में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए मंत्री केदार प्र गुप्ता ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा सत्ता से ऊपर राष्ट्रहित को रखा। जब देश की अखंडता की बात आई, तो उन्होंने मंत्री पद का त्याग करने में एक क्षण भी नहीं लगाया। आज की राजनीति में उनके आदर्श हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। यह 125 वां स्मरण वर्ष हमें याद दिलाता है कि हमें राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करना है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मंत्री रमा निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे जहाँ हर वर्ग, विशेषकर महिलाएं और समाज के वंचित तबके सशक्त हों। आज बिहार सरकार और केंद्र सरकार मिलकर समाज के हर पिछड़े और शोषित वर्ग को मुख्यधारा में ला रही है। जिला अध्यक्ष विवेक कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पद चिंन्हों पर चल कर हीं भाजपा आज दो सांसद से देश की और दुनिया की सबसे बड़े कार्यकताओं वाली पार्टी बनी है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। कार्यकताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ देश और राज्य के विकास के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कमेटी, विभिन्न मोर्चा के अध्यक्षों एवं प्रभारियों सहित भारी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व अधिवक्ता अरविंद कुमार ने किया। सम्मेलन में पूर्व सांसद अजय निषाद, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, रामसूरत राय, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, मनोज चौधरी, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अशोक झा, सुरेश कुमार, फेकू राम, अंजना कुशवाहा, इंद्रा सिंह, महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए उनके ऐतिहासिक सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

## मुजफ्फरपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग से सनसनी, अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए

# मंदिर में पूजा करने गए कारोबारी की हत्या

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के डेरा चौक के समीप शनिवार की सुबह मंदिर में पूजा करने पहुँचे किताब दुकानदार एवं प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद को अज्ञात अपराधियो ने गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह सुबह हुई इस घटना को लेकर इलाके में भय और दहशत व्याप्त है। वही घटना की जानकारी मिलते ही शिवाईपट्टी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।



मृतक व्यवसायी व प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद की फाइल फोटो।



डेरा चौक स्थित मंदिर में घटना के बाद दहशत और ग्रामीणों में आक्रोश के मद्देनजर गांव में तैनात पुलिस बल।

घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस ने मौके से तीन खोखा बरामद किया है। वही पुलिस एफएसएल टीम के साथ घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार श्याम कुमार कुशवाहा पुस्तक व्यवसाय के साथ साथ पंचायत के पूर्व मुखिया के साथ प्रॉपर्टी डीलर का भी काम करते थे। इस स्थिति को देखते हुए घटना का कारण व्यवसायिक स्पर्धा व आपसी रंजिश भी हो सकता है।

पुलिस इस विन्दु को केंद्र में रखकर तथा मृतक के परिजनों द्वारा दिए गए फर्द बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुस्तक व्यवसायी व प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद रोज की तरह शनिवार सुबह डेरा चौक स्थित मंदिर में पूजा करने पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वे मंदिर के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने करीब से उनपर गोलियां चलाई, जिससे श्याम कुमार मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। वही फायरिंग की आवाज सुनकर मंदिर के आसपास भगदड़ व अफरा तफरी मच गई। इस बीच घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

उधर मंदिर के समीप हुई फायरिंग के बाद आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घटनास्थल पर पड़े घायल श्याम कुमार को तत्काल इलाज के लिए आनन फानन में एसकेएमसीएच ले जाया गया। जहाँ डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही श्याम कुमार की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुँच गए। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूरी घटना की जानकारी ली तथा घटना की पुष्टि करते हुए मिडिया कर्मियों को बताया कि बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा गोली मारकर व्यवसायी सह प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा की हत्या की गई है।

उन्होंने बताया कि पुरे मामले की जांच की जा रही है। अबतक घटना को प्रतिद्वंदियों द्वारा अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है। मृतक के परिवार के सदस्यों का फर्द बयान लिया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा एफएसएल की रिपोर्ट आने एवं मृतक के परिजनों के फर्द बयान के बाद घटना के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने पीछे से स्कूटी में मारी ठोकर, दो युवतियों की मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बोचहां थाना क्षेत्र के आदिगोपालपुर चौक के समीप शनिवार की दोपहर हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो युवतियों की मौत हो गई। जबकि कार चालक घटना के बाद मची अफरा तफरी के बीच कार छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। इस भीषण दुर्घटना को लेकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वही घटना



कार की ठोकर से क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे गिरी स्कूटी।

की सुचना मिलते हीं बोचहाँ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घटनास्थल पर पड़ी दोनों युवतियों को आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहाँ एक युवती की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत होने की जानकारी दी गई। वही गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया, लेकिन कुछ देर बाद हीं उसने भी दम तोड़ दिया।

पुलिस ने घटनास्थल से दोनों क्षतिग्रस वाहनों को जब्त कर लिया है। साथ हीं दोनों युवतियों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर स्कूटी और कार दरभंगा की ओर से मुजफ्फरपुर आ रही थी।आदि गोपालपुर चौक के समीप पहुंचते ही तेज रफ्तार कार ने अचानक स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। एक मृतक युवती की पहचान शरफुद्दीनपुर निवासी राजू चौधरी की पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। जबकि दूसरी युवती की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि स्कूटी सवार दूसरी युवती के शव कि पहचान कराने को लेकर पुलिस प्रयासरत है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कार का नंबर पूर्णिया जिले से निबंधित नंबर की है। वही कार पर एक राजनीतिक दल का झंडा लगा हुआ भी था। इसके अलावा उक्त कार में महिलाओं के श्रृंगार प्रसाधन से जुड़े सामान मिलने की बात बताई गई है। हालांकि, पुलिस ने वाहन पर लगे झंडे या कार में मिले महिलाओ से संबंधित श्रृंगार प्रसाधन से संबंधित सामान को लेकर अभीतक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बोचहां थाना पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। साथ ही हादसे के कारणों और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता

# मुजफ्फरपुर जिले का टॉप-10 वांछित अपराधी धीरज कुमार गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल कुख्यात धीरज कुमार को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ लूट, डकैती तथा आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिस मामले स्थानीय पुलिस को लंबे समय से धीरज कुमार की तालाश थी।



एसटीएफ की गिरफ्त में जिले का टॉप 10 वांटेड अपराधी धीरज कुमार।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की विशेष टीम ने बड़ा दाऊद चैनपुर इलाके में विशेष छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान धीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी पारू थाना क्षेत्र के जगरूनाथपुर नगवा गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, धीरज कुमार वर्ष 2018 में करजा थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप लूटकांड का मुख्य आरोपी है। इस मामले में पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर रणधीर कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह लगातार फरार था और पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक धीरज कुमार के खिलाफ मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण और वैशाली जिले के विभिन्न थानों में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कुल सात गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर उसे मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया गया था। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फरारी के दौरान वह किन-किन स्थानों पर छिपा रहा और उसके संपर्क में कौन-कौन लोग थे। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में मिलने वाले इनपुट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा उससे जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

#### पूछताछ में मिलने वाले इनपुट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

## मुजफ्फरपुर में बाबा गरीबनाथ कॉरिडोर परियोजना ने पकड़ी रफ्तार, जायजा लेने पहुंची पर्यटन विभाग की टीम

# काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर होगा मंदिर का विकास

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर को भव्य धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कॉरिडोर परियोजना ने गति पकड़ ली है। शनिवार को पर्यटन विभाग की टीम ने नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण का नेतृत्व पर्यटन विभाग के उप सचिव प्रदीप कुमार ने किया। इस दौरान नगर निगम के नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, सदर एसडीओ तुषार कुमार, पर्यटन विभाग के आर्किटेक्ट, इंजीनियरिंग टीम तथा स्मार्ट सिटी परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने प्रस्तावित मुख्य द्वार, मंदिर के अग्रभाग में किए जाने वाले बदलाव, कॉरिडोर के स्वरूप और विकास कार्यों के नक्शे का स्थल पर अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि बाबा गरीबनाथ मंदिर को काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर विकसित करने की योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत मंदिर परिसर का व्यापक सुंदरीकरण किया जाएगा, जिससे यह देश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल हो सके। प्रस्तावित योजना के अनुसार बाबा गरीबनाथ मंदिर को साहू पोखर से जोड़ते हुए एक भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा छाता बाजार से माखन साह चौक तक सड़क, सौंदर्यीकरण और अन्य आधारभूत



मंदिर के आसपास के इलाके का निरीक्षण करती पर्यटन विभाग की टीम।

सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीर्थयात्री भवन, आधुनिक शौचालय, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, छायादार विश्राम स्थल, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक और पर्यटन अनुभव मिल सके। परियोजना के अंतर्गत शिवालय मंदिर परिसर स्थित पोखर और घाट का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं, परिसर में भगवान नारायण और माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक और पर्यटन महत्व और अधिक बढ़ेगा। स्थल निरीक्षण के बाद पर्यटन विभाग की टीम वापस लौट गई। अब निरीक्षण के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विभाग को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद कॉरिडोर परियोजना की अगली प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

### समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक में डीएम का दो टूक निर्देश

# 15 जुलाई तक हर हाल में सीएमआर की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करें अन्यथा होगी विधिसम्मत कार्रवाई

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत धान से संबंधित कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति एवं रवि विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अधिप्राप्त 68,836.15 मीट्रिक टन धान के समतुल्य 47,276.67 मीट्रिक टन सीएमआर के विरुद्ध अब तक 40,605.30 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी को की जा चुकी है, जो कुल देय सीएमआर का 85.89 प्रतिशत है। अभी लगभग 14 प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति शेष है।

जिलाधिकारी ने समितिवार एवं मिलवार समीक्षा करते हुए सभी पैक्स, व्यापार मंडलों एवं राइस मिलरों को निर्देश दिया कि विस्तारित अवधि 15 जुलाई 2026 तक शेष धान की मिलिंग कराकर



अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय व उपस्थित अन्य।

सीएमआर की शत-प्रतिशत आपूर्ति राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी को सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा तक सीएमआर की आपूर्ति नहीं होने पर संबंधित समितियों (पैक्स/व्यापार मंडलों) एवं मिलरों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सीतामढ़ी तथा जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी को भी सख्त निर्देश दिया गया कि समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराएं।

बैठक के दौरान रवि विपणन मौसम 2026-27 अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि जिले में 1 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक 149 किसानों से कुल 571.20 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति की गई है। इसके विरुद्ध अब तक 515.50 मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी को की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विस्तारित अवधि 12 जुलाई 2026 तक शेष गेहूं की शत-प्रतिशत आपूर्ति राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी को सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करें।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र से एक युवक देसी रिवॉल्वर व 8 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**एसएसबी 20 वीं वाहिनी के जवानों ने पकड़ा, जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** एसएसबी 20 वीं वाहिनी के जवानों ने इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र से एक युवक को एक देसी रिवॉल्वर (सिक्सर) एवं 8 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है, जिन्हें पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि एसएसबी ने विशेष गश्ती अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर एक देसी रिवॉल्वर तथा 8 जिंदा कारतूस बरामद किया, हिरासत में लिए गए युवक ने पुलिस को बताया कि बैरगनिया थाना क्षेत्र के मधुछपरा गांव निवासी राजा कुमार ने उसे यह देसी रिवॉल्वर और कारतूस देकर जमुआ गांव निवासी मिट्ठू सहनी तक पहुंचाने के लिए कहा था। उसने स्वीकार किया कि वह उक्त हथियार पहुंचाने जा रहा था, तभी एसएसबी की टीम ने उसे पकड़ लिया।

एसएसबी ने बरामद हथियार, कारतूस एवं गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के पचटकी यदू गांव निवासी सुनील पासवान के 32 वर्षीय पुत्र रोहन कुमार के रूप में की गई है। श्री गिरि ने बताया कि एसएसबी के लिखित आवेदन के आलोक में कांड दर्ज कर हिरासत में लिए गए अभियुक्त रोहन को सीतामढ़ी न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है तथा आवश्यक अनुसंधान की जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए रोहन की निशानदेही पर अन्य लोगों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है हालांकि सभी घर से फरार है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएच पर वाहनों के अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के निदेर्शानुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुपालन हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से खड़े वाहनों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध परिवहन विभाग एवं यातायात थाना द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध विधिसम्मत चालान की कार्रवाई की गई



विशेष अभियान के तहत मुस्तैद परिवहन विभाग एवं यातायात थाना के अधिकारी व कर्मी।

तथा सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य यातायात को सुरक्षित, सुचारु एवं बाधारहित बनाए रखना तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना है। जिला पुलिस आमजन एवं वाहन चालकों से अपील करती है कि कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी प्रकार का अवैध पार्किंग या अतिक्रमण न करें तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### 350 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में दिनांक 4 जुलाई 2026 तदनुसार जुलाई माह के प्रथम शनिवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12:00 बजे दिन में परममंगलमयी माता श्री की मंदिर सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना एवं जन कल्याण के लिए प्रार्थना कर खिचड़ी भोग लगाया गया तथा उसे लगभग 350 जरूरतमंदों के बीच जिसमें विशेष संख्या रिक्शा/ठेला चालकों एवं पूरे परिवार के लिए खिचड़ी ले जाने वालों की थी के बीच वितरण किया गया। माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा अजय कुमार, शांति नगर निवासी ने अपने सुपुत्र उत्कर्ष वर्मा के जन्म दिवस के उपलक्ष में की।



जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित करते श्रद्धालु।

### 3.5 किलो गांजा एवं 50 बोतल नेपाली शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** एसएसबी 20वीं बटालियन के जवानों ने इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र से एक युवक को 3.5 किलो गांजा एवं 50 बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने कांड दर्ज कर पकड़ाए युवक को सीतामढ़ी न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि एसएसबी जवानों ने गुप्त सूचना पर स्पेशल टीम का गठन कर बॉर्डर पिलर संख्या-344/1 के पास टीम को तैनात किया तो देखा कि नेपाल की ओर से पगडंडी के रास्ते एक युवक अपने दोनों हाथों में प्लास्टिक के दो थैला लिए भारतीय क्षेत्र के बैरगनिया की ओर आ रहा है।भारतीय क्षेत्र में पहुँचने पर उंसके हाथ से दोनों थैला लेकर तलाशी लिया जिसमें गांजा जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ 3.5 किलों ग्राम के साथ ही नेपाली शराब की तीन सौ एमएल के 50 बोतल को जप्त कर लिया।पकड़ाए युवक से पूछताछ में पता चला कि वह नगर परिषद,बैरगनिया के वार्ड-23 डूमरवाना गांव निवासी सुभाष साह का पुत्र राजा कुमार-16 है जिन्हें अग्रेतर करवाई को लिए थाना को सुपुर्द किया है।श्री गिरी ने बताया कि सहायक असिस्टेंट कमांडेंट के लिखित आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में सीतामढ़ी ने रचा इतिहास, पूरे देश में मिला तीसरा स्थान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग (मार्च 2026) में सीतामढ़ी जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में किए गए निरंतर प्रयासों, प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व, विभागीय समन्वय तथा तकनीकी सहयोग का परिणाम मानी जा रही है। इस उपलब्धि से न केवल सीतामढ़ी जिले, बल्कि पूरे बिहार राज्य का गौरव बढ़ा है।

जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, वानिकी, पशुपालन, जल प्रबंधन, आधारभूत संरचना, क्षमता वर्धन तथा वित्तीय समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर सुधारात्मक एवं नवाचारी पहल की गई है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सीतामढ़ी ने नीति आयोग के विभिन्न प्रदर्शन सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है।

जिला प्रशासन के अनुसार, यह सफलता जिला पदाधिकारी रिची पांडे के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हो सकी है। उनके निर्देशन में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त संदीप कुमार तथा जिला योजना पदाधिकारी सह नोडल आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम संतोष कुमार सुमन द्वारा सभी संबंधित विभागों के साथ नियमित समीक्षा एवं समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न सूचकांकों में सुधार के लिए निरंतर दिशा-निर्देश प्रदान किए जाते रहे हैं।

डेल्टा रैंकिंग के अनुसार, आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सीतामढ़ी जिले ने सबसे उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इस क्षेत्र में जिले का डेल्टा स्कोर 47.3 से बढ़कर 65.8 तक पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप जिले को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि सड़क, विद्युत, पेयजल, सार्वजनिक सुविधाओं तथा अन्य बुनियादी सेवाओं के क्षेत्र में किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है।

इसी प्रकार, कृषि, वानिकी, पशुपालन एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इस क्षेत्र में सीतामढ़ी का डेल्टा स्कोर 39.7 से बढ़कर 50.2 हो गया है,

**यह उपलब्धि भविष्य में जिले के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बनेगी**

जिसके आधार पर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। कृषि उत्पादकता में वृद्धि, पशुपालन सेवाओं के विस्तार, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में भी सीतामढ़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतकों पर लगातार कार्य करते हुए जिले ने अपना डेल्टा स्कोर 71.6 से बढ़ाकर 83.5 तक पहुंचाया है, जिसके परिणामस्वरूप जिले को पूरे देश में पंद्रहवां स्थान प्राप्त हुआ है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में वृद्धि इस सफलता के प्रमुख कारक रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, शिक्षा, वित्तीय समावेशन एवं क्षमता वर्धन के क्षेत्रों में भी जिले ने निरंतर प्रगति दर्ज की है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, विद्यालयों में उपस्थिति, अधिगम परिणामों में सुधार तथा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं, वित्तीय समावेशन एवं क्षमता वर्धन के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए क्रमशः 19वां एवं 20वां स्थान प्राप्त किया गया है।

इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह सफलता सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के सामूहिक प्रयास, समर्पण, नियमित अनुश्रवण तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विकास के विभिन्न संकेतकों में सुधार हेतु सभी विभागों ने एक टीम के रूप में कार्य किया है, जिसका सकारात्मक परिणाम आज राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है।

उन्होंने विशेष रूप से पिरामल फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए जा रहे सतत तकनीकी सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण, क्षमता निर्माण, डेटा विश्लेषण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से जिले को विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण सहायता मिली है।

सीतामढ़ी जिले की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासनिक नेतृत्व, विभागीय समन्वय, सामूहिक प्रयास एवं तकनीकी सहयोग का प्रभावी समावेश किया जाए, तो सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त कर सीतामढ़ी ने विकास के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है और यह उपलब्धि भविष्य में जिले के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बनेगी।

## विशेष अभियान में 'प्रेस' एवं 'पुलिस' लिखे वाहनों की जांच

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस महानिदेशक, बिहार के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के निदेर्शानुसार दिनांक 04.07.2026 को जिलान्तर्गत विशेष सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की गहन जांच की गई। साथ ही संदिग्ध वाहनों के नंबर प्लेट का सत्यापन, "प्रेस" एवं "पुलिस" लिखे वाहनों की जांच, संवेदनशील ग्रामीण मार्गों तथा प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष चेकिंग की गई। सीतामढ़ी पुलिस आमजन से अपील करती है कि सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें।



वाहन जांच करती पुलिस।

## स्थानांतरण के उपरांत महिला पर्यवेक्षिका सीमा कुमारी को दी गई भावभीनी विदाई

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका सीमा कुमारी के स्थानांतरण के उपरांत स्थानीय आंगनबाड़ी सेविकाओं ने उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सेविकाओं ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की।

कार्यक्रम में उपस्थित सेविकाओं ने कहा कि सीमा कुमारी ने अपने कार्यकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सेविकाओं के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सहयोगात्मक व्यवहार और कार्यशैली को सभी ने सराहा की है। अपने संबोधन में सीमा ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैरगनिया में बिताया गया समय उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने सभी से पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहने की अपील की। विदाई समारोह का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं भावुक माहौल के बीच हुआ।



विदाई समारोह में महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकायें।

# मुजफ्फरपुर में बीडीओ की पत्नी की संदिग्ध स्थित में मौत

### मायके पक्ष ने पति पर जहर देकर हत्या का लगाया आरोप, तहकीकात में जुटी पुलिस

**नवसंदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में दरभंगा के जाले प्रखंड में पदस्थापित एक बीडीओ की 29 वर्षीय पत्नी अमृता कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने पति पर दूसरी महिला से संबंध होने तथा जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम और एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

घटना की सूचना मिलते ही मिठनपुरा थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। मृतका के परिजनों के अनुसार अमृता की शादी वर्ष 2023 में मनोज कुमार से हुई थी, जो वर्तमान में दरभंगा जिले के जाले प्रखंड में बीडीओ के पद पर कार्यरत हैं। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही अमृता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से वह घरेलू हिंसा का शिकार थी।

मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि मनोज कुमार का किसी दूसरी महिला से संबंध था। जब अमृता इसका विरोध करती थी तो उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी। मृतका की मां का आरोप है कि इसी वजह से साजिश के तहत अमृता को जहर देकर मार दिया गया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में बीडीओ मनोज कुमार का पक्ष सामने नहीं आ सका था। घटना की जानकारी मिलने पर अमृता के परिजन बेला कन्हौली मोड़ स्थित उसके आवास पहुंचे और गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल लेकर गए। परिजनों को उम्मीद थी कि उसकी जान बच जाएगी, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में मातम छा गया। मिठनपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों की ओर से अभी लिखित आवेदन का इंतजार किया जा रहा है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।



घटनास्थल पर लगी भीड़, इनसेट में मृतका की तस्वीर।

## सम्पादकीय

# डा. अर्चना हत्याकांड में रसूख पर कानून की जीत और भविष्य के लिए कड़ा संदेश


देश की राजधानी दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने हाल ही में एक ऐसा ऐतिहासिक और कड़ा फैसला सुनाया है, जिसने सत्ता, सियासत और बाहुबल के अहंकार पर गहरी चोट की है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक राजू कुमार सिंह को डा. अर्चना गुप्ता की गैर-इरादतन हत्या (भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग-2) और आर्म्स एक्ट के मामले में चार साल की कैद और 25 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अदालत के इस फैसले के साथ ही राजू सिंह की विधानसभा सदस्यता का जाना भी तय हो गया है, क्योंकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत दो साल या उससे अधिक की सजा पाने वाले किसी भी जनप्रतिधि की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द हो जाती है और सजा पूरी होने के बाद अगले छह वर्षों तक उसके चुनाव लड़ने पर रोक लग जाती है। यह फैसला न केवल एक पीड़ित परिवार को मिला न्याय है, बल्कि भारतीय राजनीति, न्याय प्रणाली और समाज में व्याप्त हर्ष फायरिंग जैसी कुरीतियों के लिए एक गंभीर विमर्श का विषय भी है।

इस घटना की जड़ें 31 दिसंबर 2018 की उस सर्द रात से जुड़ी हैं, जब पूरी दुनिया नए साल के जश्न में डूबी थी। दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित एक फार्म हाउस में राजू सिंह द्वारा नववर्ष की एक पार्टी का आयोजन किया गया था। आरोप पत्र और चश्मदीदों के बयानों के अनुसार, रात के ठीक 12 बजे जब नया साल शुरू हुआ, तो शराब के नशे में धुत विधायक राजू सिंह ने अपनी राइफल से ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसी अंधाधुंध और गैर-जिम्मेदाराना फायरिंग के दौरान एक गोली वहां मौजूद 42 वर्षीय डा. अर्चना गुप्ता के सिर में जा लगी। अस्पताल में कुछ दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद 3 जनवरी 2019 को उनकी मृत्यु हो गई। एक जश्न का माहौल पल भर में मातम में बदल गया। घटना के तुरंत बाद राजू सिंह और उनके साथियों ने जिस तरह का आचरण किया, वह उनकी अमानवीयता और रसूख के अहंकार को दर्शाता था। बजाय पीड़ित को अस्पताल ले जाने के, उन्होंने घटनास्थल से खून साफ करवाया, सबूत मिटाने के लिए कपड़े और मोबाइल छिपाए, इस्तेमाल किए गए कारतूस गायब किए और वहां से फरार हो गए। बाद में उन्हें उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया।

अब इस पूरे प्रकरण का सबसे बड़ा और विचारणीय पहलू यह है कि एक साफ-सुथरे और सीधे मामले में न्याय मिलने में साढ़े सात साल का लंबा वक्त क्यों लग गया। जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड (न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है) की कहावत भारतीय न्याय प्रणाली पर अक्सर लागू होती दिखती है, और यह मामला भी इसका अपवाद नहीं था। इस विलंब के पीछे सबसे पहला और प्रमुख कारण आरोपी का भारी राजनीतिक और आर्थिक रसूख था। राजू सिंह केवल एक विधायक नहीं हैं, बल्कि उनका परिवार एक बड़ा दवा कारोबारी है और उनकी गिनती एक प्रभावशाली बाहुबली नेता के रूप में होती है। जब किसी मामले में आरोपी अत्यधिक साधन संपन्न होता है, तो वह देश के सबसे महंगे और दिग्गज वकीलों की फौज खड़ी कर देता है। कानूनी प्रक्रियाओं, लूपहोल्स (खामियों) और अपीलों का अंतहीन सिलसिला शुरू हो जाता है। गवाहों को डराने, धमकाने या खरीदने की संभावनाएं भी ऐसे मामलों में बहुत अधिक होती हैं, जिसके कारण अभियोजन पक्ष को अपना केस साबित करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

न्याय में देरी का दूसरा बड़ा कारण अपराध के बाद सबूतों के साथ की गई छेड़छाड़ थी। चूंकि आरोपी ने घटनास्थल से फरार होने से पहले खून धुलवा दिया था और कारतूस छिपा दिए थे, इसलिए दिल्ली पुलिस को इस केस को सिर्फ चश्मदीदों के बयानों के आधार पर ही नहीं, बल्कि पुख्ता फरेंसिक सबूतों, बैलिस्टिक रिपोर्टों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों (सर्कमस्टेंशियल एविडेंस) की कड़ियों को जोड़कर अदालत में साबित करना था। फारेंसिक लैब से रिपोर्ट आने में होने वाली देरी और फिर अदालत में उन पर होने वाली लंबी जिरह न्याय की गति को धीमा कर देती है। इसके अलावा, बचाव पक्ष ने इस घटना को एक दुर्घटना साबित करने की हर संभव कोशिश की ताकि इसे हत्या या गैर-इरादतन हत्या की श्रेणी से बाहर निकाला जा सके। इसके अतिरिक्त साल 2020 और 2021 के दौरान आई कोविड-19 महामारी ने भी पूरे देश की अदालतों के कामकाज को लगभग ठप कर दिया था, जिसका असर इस मुकदमे की सुनवाई पर भी पड़ा।

# तकनीकी रूप से चीन पर निर्भरता देश के लिए घातक


विनय कुमार

हाल ही में भारत सरकार द्वारा देश भर में ई-रिक्शा और अन्य स्मार्ट उपकरणों को नियंत्रित करने वाले कुछ विशिष्ट चीनी एप्लिकेशन पर प्रतिबंध लगाने या उन्हें हटाने का निर्देश एक अत्यंत महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम है। पहली नजर में, यह पूर्व में टिकटाक या पबजी जैसे सोशल मीडिया और गेमिंग ऐप्स पर लगाए गए प्रतिबंधों की एक कड़ी मात्र लग सकता है, लेकिन गहराई से विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि यह मामला केवल डेटा गोपनीयता तक सीमित नहीं है। यह कदम इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा और भौतिक बुनियादी ढांचे की भेद्यता की एक नई और चिंताजनक वास्तविकता को उजागर करता है।

एक ऐसा ऐप जो मीलों दूर बैठकर भारत की सड़कों पर चल रहे किसी ई-रिक्शा के पहियों को रोक सकता है, वह भविष्य के साइबर युद्ध और तकनीकी नियंत्रण का एक छोटा सा लेकिन खौफनाक उदाहरण है। सरकार का यह निर्देश निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य और आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय है, लेकिन यह एक बहुत बड़े, अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण यथार्थ की ओर भी इशारा करता है और वह यथार्थ है, हार्डवेयर और चिप्स के मामले में चीन पर भारत की अत्यधिक और खतरनाक निर्भरता।

जब हम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के लिए चुनौतियों की बात करते हैं, तो ऐप्स को ब्लाक करना केवल सतह का इलाज है, जबकि असली बीमारी आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) और हार्डवेयर के स्तर पर बहुत गहराई तक फैली हुई है। साफ्टवेयर या एप्लिकेशन को डिजिटल फायरवल के माध्यम से रातों-रात रोका जा सकता है, लेकिन जिन माइक्रोचिप्स, सेमीकंडक्टर और संचार माड्यूल पर ये साफ्टवेयर काम करते हैं, उन्हें रातों-रात बदलना असंभव है।

आज भारत का आटोमोबाइल सेक्टर, उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार नेटवर्क और यहां तक कि बिजली संचरण (पावर ग्रिड) जैसी अति-संवेदनशील व्यवस्थाएं भी काफी हद तक चीनी चिप्स और कलपुर्जो पर निर्भर हैं। यह निर्भरता केवल आर्थिक चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर भू-राजनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है, जो भारत की समग्र तकनीकी संप्रभुता के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है।

आटोमोबाइल क्षेत्र का ही उदाहरण लें, तो आज की कारें या इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) केवल यांत्रिक मशीनें नहीं रह गई हैं, वे मूल रूप से पहियों पर चल रहे कंप्यूटर हैं। एक आधुनिक वाहन में इंजन प्रबंधन, एंटी-लाक ब्रेकिंग सिस्टम, इंफोटेनमेंट, नेविगेशन और बैटरी प्रबंधन के लिए सैकड़ों माइक्रोचिप्स का उपयोग होता है। जैसे-जैसे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है जिसमें ई-रिक्शा से लेकर लग्जरी इलेक्ट्रिक कारें तक शामिल हैं सेमीकंडक्टर्स की मांग भी घातांकीय रूप से (एक्सपोनेंशियली) बढ़ रही है।

समस्या यह है कि इनमें से अधिकांश वाहनों में उपयोग किए जाने वाले लिगेसी नोड्स (पुराने लेकिन आवश्यक चिप्स) या माइक्रोकंट्रोलर्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा चीन से आयात किया जाता है या चीनी कंपनियों द्वारा निर्मित होता है। भले ही चिप का डिजाइन अमेरिका या यूरोप का हो, उसकी ढलाई (फैब्रिकेशन) और पैकेजिंग बड़े पैमाने पर चीन में होती है।

यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है और चीन इन चिप्स की आपूर्ति रोक देता है, तो भारत का पूरा आटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र ठप पड़ सकता है। हाल ही में वैश्विक चिप संकट के दौरान हमने देखा कि कैसे चिप्स की कमी के कारण भारतीय कार निर्माताओं को अपने उत्पादन में भारी कटौती करनी पड़ी थी और ग्राहकों को महीनों तक इंतजार करना पड़ा था। यह हमारी आपूर्ति श्रृंखला की नाजुकता का प्रत्यक्ष प्रमाण था।

इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति बिजली संचरण (पावर ट्रांसमिशन) और ऊर्जा क्षेत्र की है। भारत अपने पावर ग्रिड को आधुनिकीकृत कर रहा है और देश भर में लाखों स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, बिजली वितरण को सुचारू बनाने के लिए सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एगिजिशन (स्काडा) सिस्टम का उपयोग होता है। इन सभी प्रणालियों में संचार मड्यूल और माइक्रोप्रोसेसर लगे होते हैं। यदि ग्रिड को नियंत्रित करने वाले इन हार्डवेयर उपकरणों में चीनी चिप्स का उपयोग किया गया है, तो यह हार्डवेयर ट्रोजन या छिपे हुए बैकडोर का एक बड़ा जोखिम पैदा करता है।

एक परिदृश्य की कल्पना करें जहां दो देशों के बीच सीमा पर तनाव है, और एक विरोधी राष्ट्र रिमोट कमांड के माध्यम से हमारी बिजली व्यवस्था के प्रमुख नोड्स को निष्क्रिय कर देता है। ग्रिड के फेल होने से न केवल घरों की बत्ती गुल होगी, बल्कि अस्पताल, रेलवे, दूरसंचार और रक्षा संचार प्रणालियां भी पंगु हो जाएंगी।

> **चीनी ऐप्स को हटाना एक आवश्यक और त्वरित सामरिक कदम है, जो तात्कालिक खतरों को टाल सकता है, लेकिन यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। भारत के लिए असली चुनौती और दीर्घकालिक रणनीतिक लक्ष्य हार्डवेयर स्तर पर आत्मनिर्भर बनना है।**

यही कारण है कि ई-रिक्शा को बंद करने वाले ऐप्स का मामला इतना डरावना है, यदि कोई बाहरी सर्वर एक साधारण ई-रिक्शा के मोटर को कमांड देकर बंद कर सकता है, तो वही तकनीक हमारे पावर ग्रिड या जल आपूर्ति प्रणालियों को भी निशाना बना सकती है।

इस भारी निर्भरता का मूल कारण यह है कि सेमीकंडक्टर निर्माण कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे कोई देश रातों-रात शुरू कर सके। चीन ने अपनी तकनीकी सर्वोच्चता हासिल करने के लिए पिछले दो से तीन दशकों में अरबों डालर का निवेश किया है, सरकारी सब्सिडी दी है, और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) के खनन और प्रसंस्करण पर एकाधिकार स्थापित किया है, जो चिप निर्माण के लिए आवश्यक हैं। दूसरी ओर, भारत ने ऐतिहासिक रूप से साफ्टवेयर सेवाओं और आईटी आउटसोर्सिंग पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि इलेक्ट्रानिक्स हार्डवेयर निर्माण की उपेक्षा की गई। आज, दुनिया के लगभग सभी प्रमुख चिप डिजाइनरों (जैसे इंटेल, क्वालकम, एएमडी, एनवीडिया) के पास भारत में अपने बड़े अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) केंद्र हैं, और हजारों भारतीय इंजीनियर चिप डिजाइन करने में माहिर हैं। लेकिन जब उस डिजाइन को सिलिकन के भौतिक टुकड़े में बदलने (फैब्रिकेशन) की बात आती है, तो भारत को पूरी तरह से ताइवान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका या चीन का मुंह देखना पड़ता है।

इस चुनौती का समाधान खोजना भारत के लिए आसान नहीं है, लेकिन यह असंभव भी नहीं है। भारत सरकार ने इस रणनीतिक भेद्यता को पहचाना है और इसके समाधान के लिए कई अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। 10 बिलियन डालर के परिव्यय के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की शुरुआत इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसके साथ ही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाओं के माध्यम से सरकार देश में इलेक्ट्रानिक्स निर्माण, चिप पैकेजिंग और अंततः चिप फैब्रिकेशन इकाइयों (फैब्स) को स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय प्रोत्साहन दे रही है। हाल ही में टाटा समूह द्वारा ताइवान की पीएसएमसी के साथ मिलकर धोलेरा, गुजरात में भारत का पहला वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने की मंजूरी, और असम में चिप असेंबली और परीक्षण (एटीएमपी) इकाइयों की स्थापना जैसी खबरें उम्मीद की किरण हैं।

हालांकि, इन प्रयासों को धरातल पर पूरी तरह से उतरने और भारत को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में लंबा समय लगेगा। एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करना दुनिया के सबसे जटिल इंजीनियरिंग कार्यो में से एक है। इसके लिए न केवल भारी पूंजी की आवश्यकता होती है, बल्कि अल्ट्रा-प्योर पानी, निर्बाध और स्थिर बिजली आपूर्ति, विशेष रसायनों की उपलब्धता और एक बेहद कुशल कार्यबल की भी आवश्यकता होती है। जब तक यह पूरा इकोसिस्टम भारत में विकसित नहीं हो जाता, तब तक हमें आयात पर निर्भर रहना ही होगा।

एक और बड़ी चुनौती लागत और प्रतिस्पर्धा की है। चीनी विनिर्माण क्षेत्र इकोनमीज आफ स्केल (बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण कम लागत) का लाभ उठाता है। भारतीय बाजार कीमत के प्रति बहुत संवेदनशील है। यदि ई-रिक्शा चालक या एक आम उपभोक्ता को चीनी चिप्स और उपकरणों के कारण सस्ती तकनीक मिल रही है, तो वे तुरंत महंगे स्वदेशी विकल्पों की ओर नहीं जाएंगे। इसलिए, भारतीय कंपनियों के सामने चुनौती केवल चिप्स बनाने की नहीं है, बल्कि उन्हें वैश्विक गुणवत्ता मानकों के साथ-साथ चीनी उत्पादों की कीमत के बराबर या उससे कम कीमत पर बनाने की है। यह तभी संभव है जब सरकार दीर्घकालिक समर्थन दे और उद्योग अनुसंधान में भारी निवेश करे।

वर्तमान भू-राजनीतिक परिश्य, विशेष रूप से अमेरिका और चीन के बीच चल रहा श्चिप युद्धश् और व्यापारिक तनाव, भारत के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। दुनिया भर की कंपनियां और सरकारें अब अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन से दूर विविधतापूर्ण बनाना चाहती हैं, जिसे श्चाइना प्लस वनश रणनीति कहा जाता है। भारत अपने विशाल घरेलू बाजार, मजबूत भू-राजनीतिक संबंधों और युवा इंजीनियरिंग टैलेंट के कारण इस रणनीति का प्रमुख लाभार्थी बन सकता है। लेकिन इसके लिए हमें केवल असेंबली लाइन तक सीमित नहीं रहना होगा, बल्कि डीप-टेक, मटेरियल साइंस और कोर इंजीनियरिंग में अपनी क्षमताओं को बढ़ाना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

# जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत 6 वर्ष में 95 फीसदी योजनाएं पूर्ण

**राज्य सरकार** के स्तर से 6 वर्ष पहले शुरू किए गए जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत लघु जल संसाधन विभाग की स्वीकृत कुल योजनाओं में 95 फीसदी योजनाएं पूरी हो चुकी है।

सतही सिंचाई योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री की दो महत्वाकांक्षी योजनाएं 'जल जीवन हरियाली अभियान एवं 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है।

वर्ष 2019 में जल जीवन हरियाली अभियान शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कुल 2537 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें 2371 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। इन योजनाओं से लगभग 2,51,962 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता और करीब 1094 लाख घन मीटर जल संचयन क्षमता का पुनर्स्थापना हुआ है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में 206.39 करोड़ प्राक्कलित राशि की कुल 154 योजनाओं का प्रस्ताव नाबार्ड से स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भेजा गया है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से लगभग 16585 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित हो जाएगी। इस अभियान के तहत क्रियान्वित की गई योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा इस अभियान को वर्ष 2025 से 2030 तक विस्तारित किया गया है।

हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कुल 2256 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी, जिसमें 1837 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। इन पूर्ण योजनाओं से 2,27,763 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का पूनर्स्थापन हुआ है।

> **हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम के तहत 1837 योजनाएं हुई पूर्ण**

मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राज्य के 35 हजार किसानों को निजी नलकूप लगाने के लिए अनुदान की राशि उनके बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। इससे लगभग एक लाख 75 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो रही है।

प्रगति यात्रा के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा भागलपुर, औरंगाबाद, गयाजी और नालंदा जिला अंतर्गत चार चेक डैम एवं दो आहर पईन निर्माण कराने की घोषणा की गई । इन योजनाओं की कुल प्राक्कलित राशि 87.058 करोड़ रुपये है। इन योजनाओं का क्रियान्वयन तीव गति से किया जा रहा है। इससे लगभग 3730 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता का सृजन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा क्रियान्वित की गई सतही सिंचाई योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव भूगर्भ जल स्तर पर देखने का मिला है।

इन योजनाओं का मुख्यमंत्री खुद मानिटरिंग कर रहे हैं। राज्य के किसानों का विकास और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में विभाग कार्य कर रहा है। दक्षिण बिहार में जहां सुखाड़ की स्थिति रहती है वहां पानी पहुंचाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। आहर-पईन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। राज्य में 5558 सरकारी नलकूप चालू हैं। बंद नलकूपों को चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 274.834 करोड़ प्राक्कलित राशि की 105 योजनाओं का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग पटना को उपलब्ध कराया गया है। स्वीकृत होने के बाद इन योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाएगा।

# राज्य में मछली पालन की है असीम संभावनाएं, इससे रुकेगा पलायन

**राज्य में** मात्स्यिकी, मत्स्य और जल कृषि के विकास की असीम संभावनाएं हैं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग गांवों में पहुंचेगा और बिहार के पलायन को रोकने में कामयाब होगा। इससे बेरोजगारी कम होगी। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग गांवों का विभाग है।

समग्र मात्स्यिकी विकास के लिए हुए आयोजन से राज्य के मत्स्य पालकों, किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग मिलेगा।

बिहार में मछली उत्पादन में लगातार रिकार्ड तोड़ वृद्धि दर्ज की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जहां राज्य का कुल मछली उत्पादन 9.69 लाख मीट्रिक टन था, वहीं यह वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 10.28 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

सरकार के प्रयास से 7,990 हेक्टेयर में नए जल क्षेत्र का सृजन, 2,721 हेक्टेयर चौर भूमि में आधुनिक तालाबों का निर्माण और 5,264 ट्यूबवेल का अधिष्ठापन किया गया है। साथ ही, 233 मत्स्य बीज हैचरी अधिष्ठापित की गई है। इन कार्यशील हैचरियों से राज्य की लगभग 70 प्रतिशत मत्स्य बीज की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। जिसका परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,753.45 मिलियन मत्स्य बीज का वार्षिक उत्पादन हुआ है। वहीं राज्य में स्थापित 89 फिश फीड मिलों से 50 हजार टन मछली आहार का उत्पादन राज्य के अंदर ही होने लगा है।

मत्स्य बाजारों में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अब तक 6,449 वाहन एवं 12,172 मत्स्य विपणन किट का वितरण किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के 3 प्रखंडों व 7 पंचायतों में आधुनिक मत्स्य बाजारों का निर्माण किया जा रहा है। कृषि विभाग की तरह मछली पालकों को रियायती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

मछली पालन को बिजनेस की तरह विकसित करने की जरूरत है। इस क्षेत्र में निर्यात की असीम संभावनाएं हैं। हम निर्यात बढ़ाकर मछली पालकों की आय बढ़ा सकते हैं। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रोसेसिंग प्लांट लगाना, फिश फीड मिल लगाना और आरएएस या बायोफ्लक इत्यादि से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

राज्य में एनएफडीबी का कार्यालय खुल चुका है, इससे राज्य में मछली उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। जब तक उत्पादन सरप्लस नहीं होगा, तब तक दूसरे राज्यों को निर्यात नहीं कर सकते।

## प्रवचन

# धर्मपत्नी के साथ जीवन-यापन करने वाला भी ब्रह्मचारी : जीयर स्वामी

> **हर व्यक्ति के भीतर होती है धर्म-अधर्म की सत्ता**
>
> **प्रथम नारी ही धर्मपत्नी की रखती है योग्यता**


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

भौतिक संसाधनों से शरीर को सजाया-संवारा जा सकता है, लेकिन वास्तविक चमक ज्ञान, बृद्धि, विवेक, तेज एवं सदाचार जैसी आध्यात्मिक श्रोत से प्राप्त होती है। इसके लिए ब्रह्मचर्य का पालन आवश्यक है। ब्रह्मचर्य से तात्पर्य केवल अविवाहित जीवन और संन्यासी बनना नहीं है। गृहस्थ जीवन में मर्यादापूर्वक संतानोत्पत्ति के लिए अपनी पत्नी के साथ सहवास भी ब्रह्मचर्य है। यानी एक नारी के साथ जीवन जीने वाला व्यक्ति भी ब्रह्मचारी है। धर्मानुकूल प्रथम विवाह वाली पत्नी ही धर्मपत्नी होती है। दूसरी पत्नी भोग्या पत्नी या सौंदर्य पत्नी कहलाती हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने भागवत महापुराण कथा के तहत धर्म-अधर्म की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मा जी की छाती से धर्म और पीठ से अधर्म पैदा हुए। हर मनुष्य में धर्म-अधर्म, नीति-अनीति, एवं ज्ञान-अज्ञान का द्वंद्व रहता है। अधर्म के वंश विस्तार की चर्चा करते हुए कहा कि अधर्म की पत्नी का नाम झूठ है। पंथ-पंथाईयों द्वारा नये-नये धर्म का प्रचार इसी झूठ के सहारे किया जाता है। इनसे दो संतान दंभ (पाखंड) और माया पैदा हुईं। दोनों आपस में शादी कर लिए। दंभ एवं माया के दो संतान लोभ एवं षठता हुईं। इनके विवाहोपरांत दो संतान क्रोध और हिंसा हुईं। इनके विवाह के बाद कलह और अपशब्द पैदा हुए। इनकी दो संतान भय एवं मृत्यु हुईं, जिनसे यातना और नरक पैदा हुए। इच्छा के विरूद्ध प्राप्त होना ही नरक है।

स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य को धर्म का त्याग किसी भी परिस्थिति में नहीं करना चाहिये, क्योंकि सुकर्म ही जीवनपर्यन्त और जीवन के बाद काम आते हैं। धन-सम्पति तो यहीं रह जाती है। केवल जीवन में किये गये सत्कर्म ही साथ जाते हैं।

"नामुत्र हि सहायार्थ माता पिता च तिश्ठतः।
न पुत्रदार न जार्तिधर्म तिश्ठति केवलम्।।

यमराज के दरवाजे तक माता-पिता, पुत्र-स्त्री, जाति-विरादर कोई नहीं जाता है, केवल वहाँ इस जन्म में किया गया धर्म ही साथ देता है। कर्मो का फल सूक्ष्म शरीर को भोगना पड़ता है।

स्वामी जी ने कहा कि पृथ्वी पर पचास प्रतिशत जीव-जंतुओं के विस्तार में कश्यप ऋषि का योगदान है। हिंसक तथा विषैले जीवों का भी पर्यावरण शुद्धि में अपना महत्व हैं। जैसे सर्प विषाक्त वायु ग्रहण करते हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन को बल मिलता है।

स्वामी जी ने कहा कि वास्तु-शास्त्र के अनुसार आंगन या घर के अन्दर किसी प्रकार के पेड़-पौधे नहीं लगाना चाहिये। घर-आंगन में सिर्फ तुलसी पौधा ही लगाना चाहिए। तुलसी की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि जलंधर नामक राक्षस की पत्नी का नाम वृन्दा था। वह मर्यादा के साथ रहती थी, जिसके कारण उसके पति का वध नहीं हो रहा था। देवगुरू वृहस्पति की सलाह पर नारायण जलंधर का रूप धारण कर वृंदा के पास गये। वृंदा ने कहा कि मेरे पति का वध होगा, लेकिन आप पत्थर हो जायें। विष्णु भगवान शालिग्राम बन गये और वृंदा तुलसी बनी। तभी से दोनों साथ रहते हैं। शालिग्राम दुनिया में केवल नेपाल के दामोदर कुंड में प्राप्त होते हैं, अन्य कहीं नहीं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

# विश्वामित्र, गंगा-अंबिका और नारायणी पथ से बदलेगी उत्तर-दक्षिण बिहार की सूरत

**बिहार** में विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी का जाल बिछाने और सुगम व तेज यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ी छलांग लगाई है। बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (बएसआरडीसीएल) की ओर से वर्तमान में राज्य के तीन सबसे महत्वपूर्ण नए ग्रीन फील्ड हाईवे करिडोर, विश्वामित्र पथ, गंगा-अंबिका पथ और नारायणी पथ के निर्माण की दिशा में धरातली कार्रवाई को बेहद तेज कर दिया गया है।

इन तीनों प्रमुख पथों के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने, भूमि अधिग्रहण का नक्शा तय करने और वैधानिक स्वीतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।

इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए विभाग ने अपनी रणनीतिक प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इन तीनों मेगा प्रोजेक्ट्स के संरेखण (अलाइमेंट) को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये न केवल जिलों की दूरी को कम करेंगे, बल्कि राज्य के कृषि-उद्योग, व्यापार और रोजगार को एक नई उंचाई प्रदान करेंगे।

वर्तमान में चल रही तैयारियों के तहत देश की सबसे प्रतिष्ठित और विशेषज्ञ परामर्शी संस्थाओं को धरातल पर सर्वे और डिजाइनिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि सड़कों का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो।

बीएसआरडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि ये तीनों नए पथ बिहार के आर्थिक भूगोल को बदलने की क्षमता रखते हैं। एक्सप्रेसवे और फोरलेन मानकों पर आधारित इन नए मार्गो के किनारे लाजिस्टिक्स पार्क, कृषि मंडियों और नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की भी अपार संभावनाएं बनेंगी।

> **धरातल पर काम शुरू करने की प्रक्रिया तेज**
>
> **परियोजानाओं के पूरा होने पर कृषि मंडी और नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को मिलेगी नई उड़ान**

वर्तमान में बिहार सरकार का पूरा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि इन परियोजनाओं का जमीनी काम रिकार्ड समय में पूरा कर जनता को समर्पित किया जाए।

परियोजना संबंधी पूरी प्रक्रिया को पूर्णतः समयबद्ध रखा गया है। इसके लिए चल रही प्रक्रियाओं में हाल ही में महत्वपूर्ण सरलीकरण किए गए हैं, ताकि जमीनी स्तर पर काम बिना किसी बाधा के तुरंत शुरू किया जा सके। इस महा-अभियान के अंतर्गत स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी विशेषज्ञता का समन्वय किया जा रहा है। वर्तमान में आकार ले रहे तीन नए स्वर्णिम करिडोर :

1. विश्वामित्र पथ (बक्सर-आरा-मनेर-गंगा पथ) : यह 90 किलोमीटर लंबा करिडोर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के ट्रैफिक को सीधे राजधानी पटना और दक्षिण बिहार से जोड़ेगा, जिससे बक्सर से पटना का सफर मात्र कुछ घंटों में सिमट जाएगा।

2. गंगा-अंबिका पथ (दिघवारा-उसरी गंगा पथ) : यह 56 किलोमीटर लंबा मार्ग सारण क्षेत्र को गंगा नदी के समानांतर एक नई लाइफलाइन देगा, जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच का व्यापारिक संपर्क बेहद सुगम हो जाएगा।

3.नारायणी पथ (दरिहारा (गड़खा)-डुमरिया घाट) : गोपालगंज पथ के रूप में यह 73.51 किलोमीटर लंबा कोरिडोर गंडक नदी के आर्थिक क्षेत्र और उत्तर-पश्चिमी बिहार के जिलों को सीधे तीव गति कनेक्टिविटी से जोड़ देगा।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### शातिर चोरों ने घर से लाखों की चोरी, दो लाख नकद समेत 15 लाख के जेवरात ले उड़े चोर

**छपरा ग्रामीण।** सारण जिले के नगरा प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में शुक्रवार रात्रि अज्ञात चोरों ने एक ही परिवार के तीन रन को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के पीछे खेत की ओर से सीढ़ी लगाकर किचन के रास्ते अंदर घुसे और तीन कमरों का ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपये नकद तथा 10 से 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार मानपुर गांव निवासी लाल खान, सुडु खान एवं एनामुल उर्फ गुड्डू खान के कमरों में चोरी हुई। चोरों ने अलमारी, गोदरेज एवं बक्सों का लक तोड़कर नकदी, जेवरात और अन्य कीमती सामान समेट लिया। गृहस्वामी एनामुल उर्फ गुड्डू खान ने बताया कि उनके दोनों भाई बाहर रहते हैं। घटना की रात वह छत पर सो रहे थे, जबकि उनकी मां नीचे बरामदे में थीं। सुबह उठने पर उनका सिर भारी था और चक्कर आ रहे थे, जिससे उन्होंने आशंका जताई कि चोरों ने किसी नशीले स्प्रे का इस्तेमाल किया होगा। उन्होंने यह भी बताया कि चोरों ने घर में खड़ी बाइक का वायर भी काट दिया था, ताकि उसका उपयोग नहीं किया जा सके। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर खैरा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर सुराग जुटाने का प्रयास किया। खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिली है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### इसुआपुर / अचितपुर में हुई महिला की हत्या का मुख्य आरोपी सौतेला बेटा धराया

**इसुआपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अचितपुर गांव में पिछले 20 जून को हुई महिला की हत्या का मुख्य आरोपी मृतका के सौतेले बेटे मनु गिरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा छपरा भेज दिया। उक्त जानकारी एसडीपीओ मढ़ौरा - 2 एसके सुधांशु ने शनिवार को इसुआपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अचितपुर निवासी अशोक गिरी की दूसरी पत्नी शबरुन निशा उर्फ सोनी देवी की हत्या घरेलू कलह एवं संपत्ति विवाद को लेकर की गई थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि मुख्य आरोपी मनु गिरी ने अपने स्वजनों और कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर 20 जून की देर शाम महिला को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी गायत्री देवी एवं अलका देवी को घटना के अगले ही दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी अंकित सिंह को भी गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि लगातार छापेमारी के बाद हत्या के मुख्य आरोपी मनु गिरी को शुक्रवार की शाम मसरख थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक पूछताछ के बाद शनिवार को उसे न्यायिक हिरासत में छपरा जेल भेज दिया गया। साथ ही कहा कि मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है तथा फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### सर्राफा व्यवसायी छिनतई मामले का पुलिस ने किया खुलासा, शिकायत निकली झूठी

**इसुआपुर।** सहवां गांव के सर्राफा व्यवसायी चंदन कुमार से कथित छिनतई मामले का इसुआपुर पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस जांच में यह मामला झूठा पाया गया। पुलिस के अनुसार, व्यवसायी ने कर्ज और बैंक ऋण से बचने के उद्देश्य से लूट की मनगढ़ंत कहानी रची थी तथा झूठा आवेदन देकर पुलिस को गुमराह किया था। एसडीपीओ मढ़ौरा -2 एसके सुधांशु,थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव एवं मामले के अनुसंधानकर्ता अपर थानाध्यक्ष अंकित कुमार ओझा ने बताया कि घटना की वैज्ञानिक एवं तकनीकी तरीके से जांच की गई। जांच के दौरान वादी के घर से कथित घटनास्थल तक पहुंचने में करीब 25 मिनट का समय लगा। वहीं वादी ने घटना का समय शाम 4:01 बजे बताया था। जबकि उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में उसके घर से निकलने का समय दोपहर 2रू53 बजे दर्ज मिला। दूसरी ओर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी वादी के बयान में कई विरोधाभास सामने आए।

# किसान आंदोलन में पहुंचेंगे सांसद पप्पू यादव किसानों के संघर्ष को बताया अपनी लड़ाई

## लोकसभा से हाईकोर्ट तक लड़ाई लड़ने का किया ऐलान

**पिपराकोठी(एनएसबी)।** किसानों के जमीन पर बनाये जा रहे वाटर पार्क के विरोध में जारी आंदोलन को उस समय नई ऊर्जा और मजबूती मिली, जब पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव आंदोलन स्थल पर पहुँचे और आंदोलनरत किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, आंदोलन के कारणों की विस्तृत जानकारी ली तथा उनके संघर्ष को न्यायपूर्ण बताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। आंदोलन स्थल पर मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि मैं आपके बेटे की तरह हूँ। आपकी लड़ाई मेरी अपनी लड़ाई है। जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। सांसद श्री यादव ने कहा कि किसानों की आवाज को संसद के सर्वोच्च मंच लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाऊँगा। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस पूरे मामले को हाईकोर्ट तक लेकर जाऊँगा, ताकि किसी भी किसान के साथ अन्याय न हो सके।



वाटगंज में किसानसभा में किसानों को संबोधित करते सांसद पप्पू यादव व अन्य।

उन्होंने कहा कि देश का किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की सबसे मजबूत रीढ़ है। यदि किसानों के साथ अन्याय होता है तो यह पूरे समाज के साथ अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के सम्मान, अधिकार और न्याय के लिए वे हर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मंच पर मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे। सांसद ने आंदोलनरत किसानों से संयम और एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चल रहा यह आंदोलन किसानों की एकता और जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसानों की मांगों को संबंधित विभागों एवं सरकार के समक्ष गंभीरता से रखा जाएगा तथा समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान किसानों ने भी अपनी समस्याओं, मांगों एवं आंदोलन की पृष्ठभूमि से सांसद को अवगत कराया। किसानों ने उम्मीद जताई कि सांसद पप्पू यादव के हस्तक्षेप से उनकी आवाज सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुँचेगी और उन्हें न्याय मिलेगा। सांसद पप्पू यादव के समर्थन और संघर्ष में साथ खड़े होने की घोषणा के बाद आंदोलनरत किसानों में नया उत्साह, आत्मविश्वास और उम्मीद का संचार देखने को मिला। किसानों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से आंदोलन को नई दिशा और मजबूती मिली है। उक्त मौके पर पूर्व जिला परिषद मुख्तार प्रसाद गुप्ता, पिपरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अंकुश कुमार सिंह, पूर्व ढाका विधानसभा प्रत्याशी अभिजीत सिंह, पूर्व जाप जिला अध्यक्ष पवन सिंह, छात्र नेता आकाश सिंह राठौड़, युवा नेता मणि भूषण यादव, दीपक यादव, युवा नेता रौनक त्यागी, छात्र नेता पुन्नू सिंह, युवा नेता नरेन आलम, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार यादव, अभिषेक रंजन, निकलेश यादव, पप्पू यादव, दीपक यादव, मुन्ना कुशवाहा, संजय गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में नेता और किसान मौजूद थे।

## हंगामे की भेंट चढ़ा शिक्षा समिति का चुनाव

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** पिपरा खेम पंचायत एनपीएस धुवपकडी स्कूल में शिक्षा समिति के चुनाव हंगामे की भेंट चढ़ा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पहुंचे कुछ लोगो ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया। बैठक के दौरान रजिस्टर पंजी को भी फाड़ डाला। इस संबंध में विद्यालय के प्रधान शिक्षक परवेज आलम ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दिए गए आवेदन में प्रधान शिक्षक ने बताया कि एनपीएस ध्रुवपकड़ी विद्यालय, जो वर्तमान में राजकीय उ0 विद्यालय बलिबेला में स्थानांतरित है। वहां विभागीय निर्देश के आलोक में शिक्षा समिति का चुनाव होना तय था। यह चुनाव पर्यवेक्षक वीरेंद्र राम की देखरेख में कराया जा रहा था।जैसे ही शिक्षा समिति के गठन को लेकर आमसभा की कार्यवाही शुरू की गई, वैसे ही गांव के तीन आरोपी सहित कई अन्य लोग वहां पहुंचकर हंगामा करने लगे। इन लोगों ने जबरन सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और रजिस्टर पंजी को फाड़ दिया। जिसके कारण चुनाव संपन्न नहीं हो सका। पीड़ित प्रधान शिक्षक ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि जब वह चुनाव स्थगित होने के बाद ध्रुवपकड़ी से अपने घर लौट रहे थे, तो उक्त आरोपियों ने उनका पीछा किया। रास्ते में आरोपियों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। प्रधान शिक्षक के शोर मचाने पर जब स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। उसके बाद उनकी जान बच सकी। वहीं इस मामले मे प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी विनय तिवारी ने बताया की इस मामले मे प्रधान शिक्षक द्वारा आवेदन अभी तक बीआरसी कार्यालय को नहीं दिया गया है। जैसे ही विद्यालय स्तर से आवेदन प्राप्त होता है। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया की प्रधान शिक्षक की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसका जांच किया जा रहा है।

## संगम 4.0 में फ्रेशर्स का भव्य स्वागत एवं सीनियर्स को विदाई

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे कलेज के बीसीए विभाग द्वारा आयोजित ष्संगम 4.0ष फ्रेशर्स कम फेयरवेल कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं सांसतिक रंगों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो(ड) मृगेन्द्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी सशक्त मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच, समय का सदुपयोग तथा निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का सफल और जिम्मेदार नागरिक बनता है। बीसीए समन्वयक ड़ दीपक कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि संगम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जूनियर्स और सीनियर्स के बीच अनुभव, ज्ञान और प्रेरणा का ऐसा सेतु है, जो नई संभावनाओं का निर्माण करता है। कार्यक्रम को बीबीए समन्वयक ड़ प्रभाकर कुमार , अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ड़दुर्वादल भट्टाचार्य,हिंदी विभागाध्यक्ष ड रविरंजन सिंह, ड़ अरुण कुमार,प्रशाखा पदाधिकारी राजीव कुमार ने भी संबोधित किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। प्रतियोगिताओं एवं व्यक्तित्व प्रदर्शन के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अमृत कुमार को मिस्टर फ्रेशर तथा दिव्यांशी कुमारी को मिस फ्रेशर चुना गया। वहीं पंचम सेमेस्टर के छात्र आयुष कुमार एवं प्रेरणा भारती को स्टूडेंट अफ द ईयर घोषित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीसीए विभाग के प्राध्यापक अंजना चौधरी, प्रभात कुमार, अनु कुमारी, राम कुमार एवं अनुभा कुमारी तथा आदित्य कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



कार्यक्रम मेंउपस्थित छात्र-छात्राएं

## पीपराकोठी में पप्पू यादव के दौरे पर भारी पुलिस बल

### वाटर पार्क विवाद के चलते इलाका पुलिस छावनी में बदला

**पीपराकोठी।** प्रस्तावित वाटर पार्क की जमीन को लेकर जारी विवाद के बीच शनिवार को पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के आगमन पर पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुबह से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 200 पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। इसकी कमान चार डीएसपी संभाल रहे थे। इसके अतिरिक्त तीन थानों के थानाध्यक्ष, यातायात पुलिस और बड़ी संख्या में पुलिस बल को विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया था। प्रशासन ने वाटर पार्क निर्माण स्थल, वाटगंज चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर और आसपास के आधा दर्जन संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी। पुलिस की पैनी नजर हर गतिविधि पर बनी हुई थी।



पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील।

एक दिन पहले दर्ज हुई एफआईआर के बाद ग्रामीणों की भीड़ कम नजर आई। पूरे क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता के कारण सामान्य दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही भी सीमित रही। सदर-2 डीएसपी जीतेश पांडेय ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता थी। उन्होंने पुष्टि की कि पूरे कार्यक्रम के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा।

## बिशनपुर मटियारवा में युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर मटियारवा गांव में शनिवार की सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब घर से करीब एक किलोमीटर दूर एक पेड़ से 27 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। मृतक की पहचान वार्ड संख्या-2 निवासी पुनदेव यादव के पुत्र श्रीकांत यादव के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माता-पिता सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ग्रामीण धान की रोपनी के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर एक पेड़ से लटके युवक के शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विलाप सुन मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। मौके पर सहायक पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार, ग्रामीण चौकीदार विनोद यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।परिजनों ने बताया कि श्रीकांत यादव चार भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे। इन दिनों धान रोपनी का कार्य चल रहा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन मौत के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि प्रथम ष्टया सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है।

# राजकीय मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अरेराज अनुमंडल क्षेत्र के झखरा राजकीय मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक (च्ज्ड) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वर्ग शिक्षक संतोष कुमार तिवारी द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास में विद्यालय एवं अभिभावकों की संयुक्त भूमिका को सुढ़ करना तथा विद्यार्थियों की प्रगति पर विचार-विमर्श करना था।बैठक में उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए वर्ग शिक्षक ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी दी। इसके उपरांत निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गईड्रप-आउट एवं अनियमित विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने हेतु अभिभावकों से सहयोग का अनुरोध किया गया। प्रथम समेकित मूल्यांकन-2026 के परिणामों की जानकारी दी गई तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए घर पर नियमित अध्ययन का वातावरण बनाने की सलाह दी गई।विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। सरकारी योजनाओं एवं छात्र हितकारी सुविधाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ बच्चों तक पहुँचाने हेतु जागरूक किया गया।विद्यार्थियों की नियमित विद्यालय उपस्थिति, समयपालन एवं अनुशासन के महत्व पर विशेष चर्चा की गई।स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा बच्चों को संतुलित आहार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।अभिभावकों द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना की गई तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।बैठक के अंत में अभिभावकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि यह अभिभावक-शिक्षक बैठक अत्यंत सफल एवं उपयोगी रही। बैठक के माध्यम से विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हुआ तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के लिए संयुक्त प्रयास करने का संकल्प लिया गया। बैठक में अभिभावक छोटेलाल साहब संजय कुमार पंडित मंजू देवी रानी देवी उपेंद्र भगत अवध सिंह कमलेश पंत तिवारी भूलन साहनी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा हत्याकांड : पीड़ित परिवार से मिले गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार पासवान और विधायक विष्णुदेव पासवान

#### फोन पर थाना अध्यक्ष को अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी के दिए निर्देश

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के नया टोला दरियापुर में हुए नवीन पासवान हत्याकांड को लेकर शनिवार को राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज रही। बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार पासवान और दरौली विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक विष्णुदेव पासवान ने संयुक्त रूप से पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मृतक के पिता श्रवण पासवान और अन्य शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकार एवं पार्टी स्तर पर हरसंभव मदद करने का पुख्ता भरोसा दिलाया। परिजनों से मुलाकात के दौरान जब स्थानीय कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई में देरी को लेकर बातें उठीं, तो मंत्री संजय कुमार पासवान ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत मौके से ही फतुहा थाना अध्यक्ष को फोन लगाया और इस हत्याकांड को लेकर कड़े निर्देश दिए। मंत्री ने स्पष्ट लहजे में कहा कि इस जघन्य अपराध में जो भी नामजद और अज्ञात आरोपी शामिल हैं, पुलिस बिना किसी दबाव के उनकी त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की बात दोहराई। इस मामले में सरकार की संवेदनशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को ही बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने मौके पर ही सरकार की ओर से ध्4,12,650 का चेक परिजनों को सौंपा था और परिवार के एक सदस्य को विभागीय नौकरी व उचित सुरक्षा प्रदान करने का लिखित आश्वासन दिया था। इसके अगले ही दिन दूसरे मंत्री और विधायक के पहुंचने से न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है। गौरतलब हो कि बुधवार की देर रात फतुहा थाना क्षेत्र के फैक्ट्री मोड़ के पास, एक खाली प्लट पर अपराधियों ने नया टोला दरियापुर निवासी श्रवण पासवान के 28 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। प्राथमिक साक्ष्यों के अनुसार, दोस्तों द्वारा शराब पार्टी के बहाने घर से बुलाकर इस वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। इस सनसनीखेज हत्याकांड के विरोध में गुरुवार को उग्र ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक पटना-बख्तियारपुर एसएच-106 को टायर जलाकर पूरी तरह जाम कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 1 नामजद और 3 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और लगातार छापेमारी कर रही है।

### बाल संरक्षण व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर, डीएम ने दिए ठोस निर्देश

#### बच्चों के पुनर्वास, उपचार और कौशल विकास के लिए बनेगी चरणबद्ध कार्ययोजना

**छपरा।** सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न एजेंडों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के हित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था को और सुढ़ बनाने के उद्देश्य से वहां अतिरिक्त होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही विशिष्ट दत्तक संस्थान में रह रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बेहतर एवं दीर्घकालिक उपचार के लिए समग्र कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थानों में रह रही बच्चियों के पुनर्वास की प्रक्रिया को संवेदनशील और प्रभावी बनाया जाए। इसके लिए अभिभावकों के साथ चरणबद्ध तरीके से काउंसिलिंग आयोजित कर पारिवारिक वातावरण का आकलन किया जाए तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए बच्चियों का शीघ्र पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गृह में रह रहे प्रत्येक बच्चे की रुचि एवं प्रतिभा का आकलन किया जाए। उनकी रुचि के अनुरूप कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अन्य उपयोगी पाठ्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, बेहतर शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया।

### बारिश के इंतजार में टिकी किसानों की उम्मीदें, धान की रोपनी पर मंडराया संकट

#### 'तैयार है बिचड़ा, तैयार हैं खेत, लेकिन मेघों की बेरुखी से बढ़ी किसानों की चिंता'

#### 'इंद्र देव से बारिश की प्रार्थना कर रहे अन्नदाता, समय पर वर्षा नहीं हुई तो घट सकती है पैदावार'

**छपरा।** मानसून का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन सारण जिले में अब तक झमाझम बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। खेत तैयार हैं, धान का बिचड़ा पूरी तरह रोपाई के योग्य हो चुका है, लेकिन पर्याप्त वर्षा के अभाव में बड़ी संख्या में किसान धान की रोपनी शुरू नहीं कर सके हैं। कभी तेज धूप, कभी बादलों की आवाजाही और कहीं-कहीं केवल हल्की बूंदाबांदी से किसानों की उम्मीदें हर दिन टूटती नजर आ रही हैं। धान की खेती मुख्य रूप से वर्षा पर निर्भर मानी जाती है। अच्छी बारिश होने पर खेतों में पर्याप्त नमी बनती है, जिससे पौधों की जड़ें मजबूत होती हैं और फसल का विकास तेजी से होता है। लेकिन इस बार बारिश की कमी के कारण खेतों में अपेक्षित नमी नहीं बन पाई है। ऐसे में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बादलों के बरसने का इंतजार कर रहे हैं। कुछ संपन्न किसान बोरिंग के पानी से धान की रोपाई शुरू कर चुके हैं, लेकिन अधिकांश किसानों के लिए यह विकल्प आसान नहीं है। डीजल और बिजली की बढ़ती लागत के कारण सिंचाई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। षि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि केवल बोरिंग के पानी से की गई रोपाई की तुलना में प्रातिक वर्षा के पानी से रोपी गई फसल का विकास बेहतर होता है। वर्षा का जल मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखता है, जिससे पौधों की बढ़ोतरी तेज होती है और उत्पादन भी बेहतर मिलने की संभावना रहती है। किसानों का मानना है कि यदि आने वाले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपनी में और देरी होगी। इससे फसल की अवधि प्रभावित होगी और अंततः पैदावार पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। समय पर रोपाई नहीं होने से उत्पादन घटने की आशंका बढ़ जाती है, जिसका सीधा असर किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। गांवों में किसान अब इंद्र देव से अच्छी वर्षा की प्रार्थना कर रहे हैं। कई स्थानों पर लोग बारिश की कामना करते हुए पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मेहनत, बीज और खेत की तैयारी पूरी हो चुकी है, अब केवल प्रति की पा का इंतजार है। उनका मानना है कि यदि जल्द झमाझम बारिश हो जाए तो खेती की रफ्तार फिर से पटरी पर लौट सकती है। षि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का भी कहना है कि जुलाई का पहला पखवाड़ा धान की रोपाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि इसी अवधि में पर्याप्त वर्षा हो जाती है तो फसल को बड़ा नुकसान होने से बचाया जा सकता है। हालांकि मौसम पूरी तरह प्रति के अधीन है, इसलिए किसान उम्मीद और विश्वास के साथ अच्छी बारिश की आस लगाए हुए हैं। फिलहाल सारण सहित आसपास के क्षेत्रों में अन्नदाता की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। हर गुजरते दिन के साथ बारिश का इंतजार और बेचैनी बढ़ती जा रही है। किसानों को भरोसा है कि जल्द ही मानसून पूरी तरह सक्रिय होगा और झमाझम बारिश के साथ खेतों में फिर से हरियाली लौटेगी, जिससे धान की रोपनी समय पर पूरी हो सकेगी और अच्छी पैदावार की उम्मीद भी कायम रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम की अध्यक्षता में विकास व जन कल्याण योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित।

**सहरसा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दिपेश कुमार की अध्यक्षता में विकास एवं जन कल्याण योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान योजनाओं के प्रभावी एवं



समयबद्ध क्रियान्वयन, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा आमजन को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, शिकायतों के समयबद्ध निवारण तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर भी बल दिया। बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम सहरसा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य विकास योजनाओं की गति को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जिले के समग्र एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित करना रहा।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने होटल संचालक पर ब्लेड से किया हमला, घायल



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत सोनवर्षा के मुख्य बाजार स्थित जेपी चैक के समीप शनिवार शाम एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने वार्ड संख्या-9 निवासी होटल संचालक देव विश्वास पर ब्लेड से हमला कर दिया। हमले में देव विश्वास घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सोनवर्षा में भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा हमले के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### आईआईटी बम्बई के कैम्पस एंबेसडर पोस्ट पर सत्यवर्द्धन ठाकुर हुए चयनित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय के बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र सत्यवर्धन ठाकुर का चयन आई.आई.टी.बम्बई के कैम्पस एंबेसडर पोस्ट पर



हुई हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य गुलराज रौशन रहमान ने छात्र श्री ठाकुर का अभिनन्दन समारोह कर सम्मानित किए और बताये महाविद्यालय के साथ-साथ विश्वविद्यालय की गौरव को सत्यवर्धन ने बढाया हैं। सत्यवर्धन ने वात्रा में बताये कि इसकी पूरी श्रेय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रो0 आशीष कुमार के मार्गदर्शन में सफलता पाया हूँ। मैं नया बाजार, नगर निगम, वार्ड 11 का निवासी हूँ, मेरे पिताजी आदित्य ठाकुर व्यवहार न्यायालय सहरसा में अधिवक्ता है जो जिला विधिवेत्ता संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष रहे है और मेरे माता की नाम ममता ठाकुर है जो गृहिणी है मेरा बड़ा भाई का नाम राज्यवर्धन ठाकुर है जो बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर, भागलपुर में कृषि स्नातक के तृतीय सेमेस्टर के छात्र है। मैं जिला स्कूल से मैट्रिक और इण्टरमीडियट 10$2 केन्द्रीय विद्यालय से करके मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल महाविद्यालय में वाणिज्य स्नातक में नामांकन कराकर आठ दिन वर्ग संचालन भी किए पर दिल्ली के प्रदूषण को लेकर दिल्ली से वापस आकर राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में बीबीए में नामांकन कराकर नियमित वर्ग संचालन कर रहा हूँ। पूरे देश में 15,000 हजार इस परीक्षा मे भाग लिए थे, जिसमें 150 छात्रों की चयन हुई हैं। अभिनन्दन व स्वागत समारोह में मुख्य रूप से बीबीए कोडिनेटर डॉ इन्द्रकान्त झा, डॉ संजय कुमार, डॉ डी.के.सिंह, प्रोफेसर निकिता वत्स, प्रोफेसर निखिल कुमार झा, श्रीया, विकास कुमार, कुणाल कुमार आदि ने भाग लेकर शुभकामनाऐ व बधाई दिए।

### छात्र की पिटाई की घटना दुर्भाग्यपूर्ण, दोषी शिक्षक पर होगी कड़ी कार्रवाईः विधायक ईश्वर मंडल

**दरभंगा (एनएसबी)।** मनीगाछी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, देविपुर फुलवन में कक्षा 5 के छात्र एवं अरुण यादव के पुत्र दिलखुश कुमार के साथ विद्यालय के शिक्षक राम प्रसाद राम द्वारा की गई कथित बेरहमी से मारपीट की घटना पर स्थानीय विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने गहरा दुःख एवं चिंता व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है।विधायक श्री मंडल ने पीड़ित छात्र एवं उसके परिजनों से निजी अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, बच्चे का हौसला बढ़ाया तथा परिवार को निष्पक्ष जांच और न्याय का पूरा भरोसा दिलाया।विधायक ने कहा कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की शारीरिक हिंसा या अमानवीय व्यवहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। विद्यालय शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित वातावरण का केंद्र होता है, जहाँ विद्यार्थियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### शिक्षाशास्त्री में नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची जारी

**80 अभ्यर्थियों का हुआ चयन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में सत्र 2026-28 के शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए प्रथम चरण की मेधा सूची प्रकाशित कर दी गई है। प्रथम मेधा सूची में 80 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। विभाग में कुल 100 सीटें निर्धारित हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 108 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही मेधा सूची प्रकाशित किया गया है। विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ. रामसेवक झा ने बताया कि प्रथम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 3 जुलाई से 9 जुलाई तक पोर्टल पर जाकर आनलाइन 3,000 रुपये जमा कर अपनी सीट सुरक्षित करनी होगी।

# मानसी-सहरसा रेल दोहरीकरण व मानसी-हरदी चैघारा स्टेट हाईवे की स्वीकृति पर सांसद दिनेश चंद्र यादव का होगा नागरिक अभिनंदन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मानसी-सहरसा रेल दोहरीकरण एवं मानसी-हरदी चैघारा स्टेट हाईवे परियोजना को स्वीकृति मिलने पर कोशी विकास संघर्ष मोर्चा द्वारा सांसद दिनेश चंद्र यादव का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 12 जुलाई को दोपहर तीन बजे स्थानीय रेनबो रिसोर्ट सहरसा में आयोजित होगा। मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष विनोद कुमार झा एवं संरक्षक पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद ने संयुक्त रूप से कहा कि सांसद श्री यादव के सतत प्रयासों से इन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। इन योजनाओं के पूरा होने से कोशी क्षेत्र में आवागमन, व्यापार, शिक्षा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा लाखों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे महानगरों तक दूरगामी ट्रेनों के परिचालन की संभावनाएँ बढ़ेंगी, जिससे कोशी क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँचने में बड़ी राहत मिलेगी और यह परियोजना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मोर्चा ने कोशी क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सभी दलों के जिला अध्यक्ष, सभी दलों के सम्मानित नेता गण, सामाजिक कार्यकत्र्ताओं, बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षकों, युवाओं, व्यवसायियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।



मौके पर सांसद व कोशी विकास संघर्ष मोर्चा

### जीविका कैडरों का संचार तकनीक विषय पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के



सभी प्रखंडों से आए जीविका कैडरों का संचार तकनीक एवं वीडियो निर्माण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण स्थानीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, सुलिन्दाबाद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सफलता की कहानियों का लेखन, मोबाइल से वीडियो शूटिंग, इंटरव्यू, स्टोरीबोर्ड एवं वीडियो एडिटिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण सुधा दास, प्रबंधक द्वारा प्रदान किया गया। समापन अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उन्हें जीविका की प्रेरक कहानियों को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया।

# बाबा मटेश्वर धाम से अनूठी रनिंग यात्रा की शुरूआत

**एक युवक लगभग 3600 किलोमीटर की यह कठिन यात्रा दौड़कर पूरी करेंगे**

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सुप्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम से उत्तराखंड स्थित बाबा केदारनाथ धाम के लिए एक अनूठी रनिंग यात्रा की शुरूआत हुई है। सहरसा के दो और सुपौल जिले के एक युवक लगभग 3600 किलोमीटर की यह कठिन यात्रा दौड़कर पूरी करेंगे। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों और श्हर-हर महादेवश् के उद्घोष से गूंज उठा। धावकों ने बाबा मटेश्वर धाम में स्थापित शिवलिंग की विशेष पूजा-अर्चना की और महादेव से यात्रा के सुखद, सुरक्षित व मंगलमय होने की कामना की। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर धावकों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, इस लंबी यात्रा के दौरान धावक देश के कई प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा के मुख्य पड़ावों में पटना का महावीर मंदिर व पटनदेवी मंदिर, सोनपुर का हरिहरनाथ मंदिर, वाराणसी के संकट मोचन व काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर, हरिद्वार, ऋषिकेश, कोटेश्वर महादेव मंदिर और त्रियुगीनारायण मंदिर शामिल हैं। यात्रा का अंतिम पड़ाव बाबा केदारनाथ धाम होगा, जहां पहुंचकर भगवान शिव का विशेष जलाभिषेक किया जाएगा। इस साहसिक यात्रा के संचालन और सहभागिता में मुख्य रूप से सुपौल कौशलीपट्टी रूपेश धाकड़, कुमार नीतीश और सूरज यादव सहरसा के बथनाही इलाके के निवासी शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि इस दौड़ यात्रा का मुख्य उद्देश्य केवल तीर्थ दर्शन करना ही नहीं है, बल्कि आज के युवाओं में सनातन संस्कृति, देश की प्राचीन विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति जागरूकता तथा गौरव का भाव जगाना है। सहयोगियों ने यह भी बताया कि सहरसा क्षेत्र से धार्मिक व आध्यात्मिक यात्राओं का आयोजन पहले भी सफलतापूर्वक होता रहा है। इससे पहले भी स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से महाकुंभ, देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम और काशी विश्वनाथ धाम तक के लिए सफल धार्मिक यात्राओं का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में अब केदारनाथ धाम के लिए इस अनूठी रनिंग यात्रा का संकल्प लिया गया है। स्थानीय लोगों ने तीनों युवाओं के इस साहसिक प्रयास की सराहना करते हुए उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की है।



## मूंग तोड़कर खेत से लौट रहे 82 वर्षीय बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने ठोका मौके पर हूई मौत

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में 82 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने मूंग लेकर खेत से घर लौट रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सलखुआ थाना अंतर्गत कोपरिया पंचायत के हनसारी वार्ड 6 निवासी स्वर्गीय सोगारक साह के पुत्र रामजी साह के रूप में हुई है। उनके पुत्र सुरेंद्र साह ने बताया कि रामजी साह शनिवार सुबह मूंग तोड़ने खेत गए थे। दोपहर बाद जब वे मूंग लेकर घर लौट रहे थे, तभी हनसारी मुख्य मार्ग पर घर से करीब 1 किलोमीटर दूर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गांव की कुछ महिलाओं ने, जो घास लेकर आ रही थीं, रामजी साह को सड़क पर गंभीर रूप से घायल पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन जब तक मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी करते, उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। सलखुआ थाना के अपर थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की जान गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस

## स्कॉर्पियो पलटने से एक महिला सहित पांच लोग घायल, दो लोग गंभीर रूप से घायल,

**बेटे के दीक्षांत परेड में जाते समय हुआ हादसा**

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बलवाहाट थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने 45 वर्षीय पंकज चैधरी और उनके बेटे 19 वर्षीय करण कुमार को गंभीर चोटों, खासकर पैरों और मुंह में, के चलते रेफर किया। घायलों में पंकज चैधरी, उनकी पत्नी 42 वर्षीय अंजू कुमारी, 40 वर्षीय भाई रामकुमार चैधरी और दो बेटे 19 वर्षीय करण कुमार व 18 वर्षीय राजकुमार शामिल हैं। ये सभी जमुई जिले के लक्ष्मीपुर वार्ड नंबर 7 के निवासी हैं। रामकुमार चैधरी ने बताया कि वे अपने भतीजे विवेक कुमार के दीक्षांत परेड में शामिल होने के लिए सहरसा आ रहे थे। विवेक बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर सहरसा पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहा है और शुक्रवार को उसका पासिंग परेड था। इस समारोह में पहुंचने के पहले रास्ते में ही सड़क हादसे में सभी जख्मी हो गए हैं। शुक्रवार सुबह परिवार स्कॉर्पियो से सहरसा के लिए निकला था। बरियाही सिमरी बख्तियारपुर मुख्य मार्ग पर मदनपुर चैक के पास तेज रफ्तार के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और पलट गई, जिससे यह हादसा हुआ। बलवाहाट थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि एक ही परिवार के सदस्य घायल हुए हैं और उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। गाड़ी के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़, बुलडोजर व पुलिसया राज के खिलाफ माले का विरोध-प्रदर्शन

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** शनिवार को भाकपा के कार्यकत्र्ताओं ने पार्टी के राज्यव्यापी आह्वान पर शहर के बिस्कोमान भवन के समीप से पुलिसया राज, बुलडोजर राज, एनकाउंटर राज, फर्जी मुठभेड़ों एवं मॉब लिंचिंग के खिलाफ आक्रोशपूर्ण विरोध-प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में लाल झंडा लिए सम्राट चैधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव ने कहा कि बिहार में सुशासन की जगह पुलिसया राज, बुलडोजर राज, मॉब लिंचिंग और फर्जी मुठभेड़ों का दौर चल रहा है। मॉब लिंचिंग, जाति पूछकर हत्याएं, दलितों-पिछड़ों और गरीबों पर बढ़ते हमले तथा पुलिसया दमन लोकतंत्र और संविधान पर गंभीर हमला है। आज बिहार और देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती कानून के राज को बचाने की है। सरकार कानून और न्याय की जगह एनकाउंटर, बुलडोजर और दमन को शासन का मॉडल बनाना चाहती है। भाकपा माले सदन से लेकर सड़क तक जनता के इन सवालों को पूरी ताकत से उठाएगी और इस मॉडल को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। चाहे किसी भी जाति समुदाय का कोई पीड़ित हो सभी को समान न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर महंगाई चरम पर है मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और नए श्रम कानूनों सहित कई कानून मेहनतकश जनता के अधिकारों पर हमला कर रहे है। नौजवान रोजगार की मांग कर रहे है लेकिन उन्हें बेरोजगारी और पेपर लीक मिल रहा है। उन्होंने आम जनों से अपील की है कि मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ों, बुलडोजर राज, पुलिस दमन, बेरोजगारी, महंगाई तथा संविधान-विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। विरोध-प्रदर्शन में भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव, खेग्रामस राष्ट्रीय पार्षद विक्की राम, आरवाईए राष्ट्रीय पार्षद कुंदन यादव, वकील कुमार यादव, सागर कुमार शर्मा, मंटू यादव, प्रहलाद कुमार, इरशाद, मुस्ताक, कारी, गणेश पंडित, महेंद्र राम, कमल किशोर यादव, रणधीर ठाकुर, चंदन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।


विरोध-प्रदर्शन में षामिल माले कार्यकत्र्ता

# 10 अगस्त को राष्ट्रीय व्यापी जेल भरो के तहत जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे सीपीएम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीएम जिला कमेटी की बैठक जिला पार्टी कार्यालय में कामरेड मिथिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कामरेड गणेश प्रसाद सुमन, कामरेड सोनेलाल प्रसाद, पूर्णिया पार्टी के पूर्व जिला सचिव कामरेड सुनील सिंह सहित अन्य दिगंवत सभी नेताओं के प्रति एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पार्टी जिला सचिव रणधीर यादव द्वारा राजनीतिक, एवं कार्य रिपोर्ट पेश किया गया उपस्थित सभी सदस्यों के बहस बाद कुछ महत्वपूर्ण सुझाव को समाहित करते रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में चर्चा व बहस के बाद निम्न फैसले लिए गए। पार्टी एवं पार्टी जनसंगठनों के राष्ट्र व्यापी आह्वान पर 10 अगस्त 2026 को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, घेराव व जेल भरो आंदोलन के तहत सहरसा में आन्दोलन को शानदार व सफल बनाने हेतु व्यापक योजना बनाई गई 5 जुलाई को यूथ एवं स्टूडेंट की जिला स्तरीय बैठक 11 जुलाई को निर्माण मजदूर एवं खेतिहर मजदूर यूनियन की जिला स्तरीय बैठक 12 जुलाई को रसोईया युनियन की बैठक एवं आशा, ममता, कुरियर, फेसीलेटर, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका संघ की जिला स्तरीय बैठक 13 जुलाई को जिला किसान कौंसिल एवं एडवा जिला कमेटी की बैठक जिला पार्टी कार्यालय प्रथम ताला फैनल फिनिशिंग काम एवं कार्यालय संचालन हेतु शहर में 14 से 21 जुलाई तक कोष संग्रह कार्य 22 जुलाई को 10 बजे से पतरघट पार्टी लोकल कमिटी एवं 2 बजे से सोरबाजार पार्टी लोकल कमिटी बैठक 23 जुलाई को सोनबरसा लोकल कमिटी बैठक 24 जुलाई को 10 बजे से नवहट्टा लोकल कमिटी एवं 2 बजे से सत्तर कटैया पार्टी लोकल कमिटी बैठक 25 जुलाई को 10 बजे से नगर$ कहरा पार्टी लोकल कमिटी बैठक एवं 2 बजे से महिषी पार्टी लोकल कमिटी बैठक 26 जुलाई को सिमरी बख्तियारपुर पार्टी लोकल कमिटी बैठक तटबंध के भीतर। वही 27 जुलाई से 6 अगस्त 2026 तक पुरे जिला अन्तर्गत सभी पार्टी शाखाओं की बैठक 7-9 नुक्कड़ सभा, गोष्ठी, चैपाल एवं प्रचार प्रसार 10 अगस्त के आन्दोलन हेतु त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 पर व्यापक चर्चा के साथ निर्णय लिया गया कि अगस्त तक सभी लोकल कमिटी हर स्तर पर बैठक व निर्णय कर चिन्हित जगह व उम्मीदवार का नाम तय कर जिला केन्द्र को समर्पित करें। सम्पूर्ण जिले के सीलिंग पर्चा धारी के समस्या एवं भूमि हीन को वास की पर्चा हेतु भी संघर्ष हेतु योजना बनाई गई। अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा व फैसला लिया गया। जो साथी बैठक में सूचना रहने के बाद भी भाग नहीं लिए वैसे साथियों से तीन दिनों के अन्दर कारण बताने हेतु बैठक में निर्णय लिया गया कि बैठक की अनदेखी क्यों जवाब दें। बैठक में उपस्थित सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य कृष्ण दयाल यादव, व्यास प्रसाद यादव कुलानन्द कुमार रामचन्द्र महतो, मदन पासवान, नसीमुद्दीन, त्रिभुवन पासवान, मनोज शर्मा, दुखी शर्मा, अनिता देवी, संजू कुमारी छोटी, दिलीप ठाकुर, मुर्शीद साहब, रमेश यादव, डोमी पासवान, केशव कुमार आदि मौजूद थें।


बैठक में सीपीएम नेता व कार्यकत्र्ता

## संक्षिप्त खबरें

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण

**गोगरी (एनएसबी)।** वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, महेशखूंट में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु नारायण ने पौधारोपण कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदनोंकृहंसराज सदन, दयानंद सदन, विवेकानंद सदन एवं श्रद्धानंद सदन के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान तथा पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ घरों से लाए गए पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया। इस अवसर पर सभी सदनों के प्रभारी शिक्षक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण भी विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण में सहभागी बने। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य हिमांशु नारायण ने कहा, माँ हमें जीवन देती हैं और वृक्ष जीवन को सुरक्षित रखते हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान हमारी संस्कृति, संवेदना और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम-से-कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सकता है। पौधे लगाना जितना आवश्यक है, उनका पालन-पोषण करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों ने वातावरण को और अधिक हरित एवं मनोहारी बना दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। षिक्षकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

### भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन, सुशासन की आधारशिला हैः एसडीओ

**गोगरी (एनएसबी)।** बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय सहित प्रखंड कार्यालय में शनिवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल कार्यालय मे अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में,जबकि प्रखंड कार्यालय मे प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता की शपथ ली। अधिकारी और कर्मियों ने ली भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ ली। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ करने का संकल्प लिया। उन्होंने सभी कार्यों में विधि-सम्मत नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करने, जनहित को सर्वोपरि रखने तथा भ्रष्टाचार के किसी भी स्वरूप का न समर्थन करने और न ही उसमें किसी प्रकार की भागीदारी निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन सुशासन की आधारशिला है। इस मौके पर सभी कर्मी के साथ स्वच्छता प्रखंड समन्वयक सन्नी कुमार मौजूद रहे।




### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन


**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने बताया कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार, संगोष्ठी का मुख्य विषय ड्रॉपआउट, सरकारी योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाएं रखा गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय से बाहर हो चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके नामांकन को बढ़ावा देना है। उन्होने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवार की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद के माध्यम से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल माहौल बनाने और अभिभावकों को विभिन्न सरकारी शैक्षिक योजनाओं की जानकारी देते हुए विस्तार से चर्चा की गई। उन्होने विद्यालय में उपलब्ध मौलिक सुविधाओं जैसे पेयजल,शौचालय, पाठ्य सामग्री और अन्य संसाधनों की स्थिति पर भी अभिभावकों से चर्चा की गई, ताकि आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि संगोष्ठी में अभिभावकों को घर पर पढ़ाई के लिए सकारात्मक और अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में होनेवाली पढ़ाई तभी अधिक प्रभावी हो सकती है, जब घर पर भी बच्चों को सीखने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिले। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं और विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई। वही मिड - डे मील, पोशाक, छात्रवृत्ति, पाठयपुस्तक वितरण, आधारभूत ढांचे और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारियां अभिभावकों को दी गई। ताकि वे अपने बच्चों को सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, निरंजन कुमार, रामविनोद साह, रामलाल पंडित, मीनाक्षी कुमारी, उत्कर्ष कुमार, सार्थक कुमार, अभिभावक कंचन देवी, सपना देवी, सुशीला देवी, राजू देवी, प्रमिला देवी, बेवी देवी, सुलेखा देवी, संजीत साह, दयावती देवी और डौली कुमारी मौजूद थे।

### जीविका से जुड़ने पर रिंकू दीदी के जीवन में आया बदलाव

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के अलौली प्रखंड क्षेत्र के रोन की रहनेवाली रिंकू दीदी जीविका समूह से जुड़ने के बाद उसके जीवन में काफी बदलाव आया है। जानकारी के अनुसार रिंकू देवी जब जीविका समूह में नहीं जुड़ी थी तो उसकी स्थिति काफी दयनीय थी। वह 2018 में समूह में जुड़ी और समूह के सहयोग से वह शुरू में 50000 का लोन लिया और आटा चक्की का मशीन चलाना शुरू की। 50000 ऋण वापसी करने के बाद फिर उसको लगा कि और अपनी आमदनी को बढ़ाया जाए और पुनः एक लाख का ऋण ली और अभी वह मसाला का भी मशीन चला रही है साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से भी उसे 10000 प्राप्त हुआ जिसका वह पूंजी के रूप में उपयोग की। रिंकू को उसके पति भी सहयोग करते हैं अभी उसकी वर्तमान की आमदनी 20 से 25000 महीने की हो जाती है। रिंकू दीदी की स्थिति बहुत अच्छी है उसके बच्चे अच्छी शिक्षा ले रही है उसके रहन-सहन के स्तर में भी काफी बदलाव आ गया है। रिंकू दीदी का कहना है की जीविका सभी के लिए जीने का सहारा है। इसी तरह जीविका सभी गरीबों का मदद करते रहे ताकि धीरे-धीरे महिलाएं आत्मनिर्भर हो जायेगी और गरीबी खत्म हो जायेगी। इधर जीविका परियोजना के जुही कुमारी ने कहा कि रिंकू देवी काफी मेहनती है। वह परिवार को खुषहाल बनाने के लिये काफी मेहनत किया और अब उनका मेहनत रंग लाया। रिंकू देवी के प्रयास की चहुंओर सराहना हो रही है।

### चहारदीवारी निर्माण में गरबड़ी करने का किया शिकायत

**बेलदौर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दिघौन पंचायत में सामुदायिक भवन सह पंचायत भवन की चहारदीवारी गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर वार्ड पार्षद और मुखिया पर साजिश का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार दिघौन निवासी गौरी देवी पति रविन्द्र सहनी ने बीते 23 जून 2026 को जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को दिए आवेदन में बताया कि दिघौन पंचायत भवन की चाहरदीवारी सरकारी राशि से बन रही है। लेकिन बिना बोर्ड लगाए, बिना नियम-कानून के घटिया ईंट और मसाला का इस्तेमाल किया जा रहा है। आरोप लगाया है कि निर्माण में सीमेंट और बालू का अनुपात गलत रखा गया है। छड़ और मिट्टी मिला गिट्टी का इस्तेमाल किया गया। ग्रामीणों ने जब विरोध किया तो निर्माण कराने वाले लोगों ने धमकी देनी शुरू कर दी।



# शिक्षक और अभिभावक के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव : प्रभाकर प्रभात

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय के राजेंद्र नगर स्थित एस.बी. मेमोरियल स्कूल में प्रथम सावधिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात दो दिवसीय शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी के आयोजन किया गया। दोनों दिन मिलाकर लगभग 600 से अधिक अभिभावकों ने शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में आकर अपने-अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन किया तथा विषयवार शिक्षकों से मिलकर यथोचित सुझाव भी दिए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रभाकर प्रभात ने संगोष्ठी में आए हुए अभिभावकों को भारत के भविष्य कहे जाने वाले छात्र-छात्राओं के प्रगति हेतु दिए गए सुझाव के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक प्रगति कराना है, बल्कि उनके नैतिक,चारित्रिक शुचिता को भी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे घर पर दैनिक दिनचर्या सही से नहीं करते हैं अथवा मोबाइल, टीवी आदि के एडिक्ट हैं तो इसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन को अवश्य दें ,ताकि उन बच्चों को हम गलत एडिक्शन में पड़ने से बचाने का भरसक प्रयास कर सकें। श्री प्रभात ने अभिभावकों से विनम्रता पूर्वक अपील करते हुए कहा की आपके बच्चों का सर्वांगीण विकास हमारे संयुक्त प्रयास से ही संभव है जिसमें शिक्षक, शिक्षार्थी एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संगोष्ठी में अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से विद्यालय निदेशक ने अपील करते हुए कहा कि आपके बच्चे राष्ट्र के धरोहर हैं, अतः इसके बहुमुखी विकास के लिए पी.टी.एम. में अपने बहुमूल्य समय से कुछ समय निकालकर अवश्य आने का प्रयत्न करें, जिससे हम शिक्षकों का मनोबल भी बढ़ेगा और हम आपके विचारों से अवगत भी हो सकेंगे। शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य टी. के. मोहंती, प्रभारी प्राचार्य सेंटु सिन्हा, वरीय शिक्षक जयंत आनन्द, परीक्षा नियंत्रक शंभू कुमार, इंजीनियर अमन आनंद, अनुराग आनंद,आशीष कुमार, अभिषेक आनंद, अभिजीत चौहान,मिनी झा,मनीषा कुमारी,आरफा प्रवीण, जयंतिमाला, कंचन कुमारी, कुसुम सिन्हा, रामकृष्ण चौधरी,श्रीनिवास नेहरू, अभिषेक मिश्रा, विक्की कुमार, मुस्कान राज, बेली प्रवीण, प्रियंका कुमारी, स्वाति सिन्हा, संगम झा, पूर्वी कुमारी, प्रियंका ठाकुर एवं डॉली कुमारी की भूमिका सराहनीय रही।


विद्यालय के बच्चें व अन्य

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 43 लोगों की हुई स्क्रीनिंग


शिविर में उपस्थित अधिकारी

**चौथम (एनएसबी)।** यक्ष्मा (टीबी) उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को चौथम प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से टीबी के संभावित लक्षणों की जांच की गई। इसके साथ ही लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में पहुंचे कुल 43 लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी से संक्रमित या संभावित मरीजों की समय रहते पहचान कर उन्हें सरकार की ओर से निःशुल्क जांच, उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। शिविर के दौरान अंचल अधिकारी रविराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी परमथ मयंक, शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अनिल कुमार, हेल्थ मैनेजर अमर कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। हेल्थ मैनेजर अमर कुमार ने बताया कि 4 जुलाई से 24 जुलाई तक प्रखंड क्षेत्र में विशेष यक्ष्मा जांच अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पूरे चौथम प्रखंड में 24 जांच शिविर केंद्र बनाए गए हैं, जहां प्रतिदिन लोगों की स्क्रीनिंग और आवश्यक जांच की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, लगातार बुखार, वजन कम होना या अन्य टीबी संबंधी लक्षण हों तो वे नजदीकी जांच शिविर या स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर निःशुल्क जांच कराएं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि समय पर जांच और उपचार से टीबी जैसी गंभीर बीमारी को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता के साथ विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंच सके।

## जनता दरबार छह मामलों का हुआ निष्पादन

**चौथम (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के समाधान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जनता दरबार में सुबह से ही फरियादियों की भीड़ लगी रही और विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद से संबंधित लगभग एक दर्जन आवेदन प्राप्त हुए। इनमें कई मामलों की सुनवाई दोनों पक्षों की उपस्थिति में की गई। आपसी सहमति और सुलह के आधार पर छह मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जिससे संबंधित पक्षों को तत्काल राहत मिली। वहीं शेष मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया जारी रही। कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की जांच और आगे की कार्रवाई के लिए आवेदकों को अगले शनिवार उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान कर न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम करना तथा लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राहत उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपसी समझौते को प्राथमिकता देते हुए मामलों का निपटारा कराया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी रविराज, राजस्व अधिकारी प्रमोद प्रसाद, लेखपाल खुशबू कुमारी, थाना के एसआई सोनू कुमार सहित अंचल एवं पुलिस प्रशासन के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनता दरबार में आएं, ताकि मामलों का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



### नषे में धुत व्यक्ति ने किया मारपीट, कार्रवाई की मांग

**बेलदौर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के दिघौन पंचायत वार्ड-6 में शराब के नशे में धुत आरोपियों ने घर में घुसकर तांडव मचा दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों समेत आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार दिघौन पंचायत के वार्ड छः निवासी पीड़ित स्व0 पुहूप चौधरी के करीब 48 बर्षीय पुत्र रविन्द्र चौधरी ने बताया कि आरोपी वकील चौधरी के पुत्र ललीन्द्र चौधरी शराब के नशे में घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। जब घर वालों ने उसे घर से निकालने की कोशिश की तो वह मारपीट पर उतर आया। घर के महिला पर गाली गलौज करते देख बीच-बचाव करने पहुंचे गौतम कुमार, कुणाल कुमार, प्रहलाद सिंह ,सकलदेव सिंह को आरोपी गंभीर कुमार, ऋतिक कुमार, साला राजेश सहनी सभी ने मिलकर लाठी-डंडे से हमला कर घायल दिया। इस मारपीट में गौतम कुमार, कुणाल कुमार, प्रहलाद सिंह ,सकलदेव सिंह समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए बेलदौर सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कुछ लोगों को छुट्टी दे दी।घटना के बाद पीड़ित परिवार रविन्द्र चौधरी ने बेलदौर थाने में लिखित आवेदन देकर ललीन्द्र चौधरी और उसके पांच साथियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक कार्य योजना तैयार

**खगड़िया।** सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में खगड़िया जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, अतिक्रमण हटाने, नियमित निरीक्षण एवं पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट हाईवे रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया गया है। गठित टास्क फोर्स में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी,दोनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, अग्निशमन विभाग, यातायात पुलिस, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक तथा सभी थानाध्यक्ष सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। समिति राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण एवं अनाधिकृत निमार्णों की पहचान कर उन्हें हटाने, हाईवे सेफ्टी जोन में बिना एनएचएआई अथवा संबंधित विभाग की अनापत्ति के किसी प्रकार का लाइसेंस अथवा एनओसी निर्गत नहीं होने देने, अवैध पार्किंग एवं दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की नियमित निगरानी, पखवाड़े में एक बार समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा करेगी। इसके अतिरिक्त समिति 60 दिनों के भीतर अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी, नियमित निरीक्षण एवं पेट्रोलिंग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगी तथा अनुपालन प्रतिवेदन जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगी। साथ ही एनएचएआई के साथ समन्वय स्थापित कर एम्बुलेंस, रिकवरी क्रेन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े दायित्वों का गंभीरता एवं समन्वय के साथ निर्वहन करें, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित किया जा सके। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी आपातकालीन अथवा गैर-आपातकालीन सहायता के लिए एनएचएआई का हेल्पलाइन नंबर 1033 उपलब्ध है। दुर्घटना, वाहन खराब होने, एम्बुलेंस, रिकवरी क्रेन अथवा अन्य आवश्यक सहायता के लिए यात्री तत्काल 1033 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर कई अधिकारी मौजूद थे।


जिलाधिकारी व अन्य।

## राजद का 30वां स्थापना दिवस मनेगा धूमधाम से : एज्या

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय के कृष्णापुरी बलुआही स्थित जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में राजद का 30 वां स्थापना दिवस दिवस धूमधाम से 05 जुलाई को मनाया जायेगा। राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस समारोह उत्सव के रूप में मानये जाने की तैयारी को लेकर पूर्व एमलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव की अध्यक्षता में खगड़िया जिला के जिला कमिटी,प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह खगड़िया जिला संगठन प्रभारी डॉ एज्या यादव भाग लिया और कहा कि राज्यभर के सभी जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस धूमधाम से उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। स्थापना दिवस में खगड़िया जिला के सभी कार्यकर्ता उपस्थित होकर हर्सोल्लास के साथ मनायेगें। स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर आज राजद कार्यालय में उपस्थित हुई हूँ और तैयारी की जायजा ली हूँ। इसबार का स्थापना दिवस खगड़िया जिला सहित सूबे बिहार में राजद के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 30 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। गरीबों के मसीहा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बिहार के दबे कुचले शोषितों- पीड़ितों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए रास्ट्रीय जनता दल बनाया और लगातार इन लोगों के लिए काम करते हैं और आवाज उठाते रहे हैं। पूर्व एमलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि आज की बैठक राजद के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर रखी गई है। इस बैठक में जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी,प्रखंड अध्यक्ष ,नगर अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के साथ इसीलिए रखा गया है कि 05 जुलाई को जिला कार्यालय में राजद के 30 वां स्थापना दिवस उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। स्थापना दिवस में सभी प्रखंड अध्यक्ष ,नगर अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अपने स्तर से गाँव-गाँव जाकर राजद के सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस में उपस्थित होने के लिए कहेंगे साथ ही साथ गरीबों के मसीहा ,दलित,किसान, छात्र और युवा के सच्चे हमदर्द और सामाजिक न्याय के परोधा लालू प्रसाद यादव के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने काम करें। उन्होने कहा कि गरीबों के मसीहा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए बनाया। राष्ट्रीय जनता दल को जब-जब मौका मिला है बिहार के दलितों शोषितों पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया है। राजद के शाशन काल मे सामाजिक न्याय और राजनीतिक सशक्तिकरणपिछड़े , अति पिछड़े दलित और अल्पसंख्यक समुदायों की राजनीतिक भागीदारी बढ़ी।इन वर्गो के लोगों को पंचायतों, प्रशासन और राजनीति में पहले की तुलना में अधिक प्रतिनिधित्व मिला है। स्थापना दिवस के अवसर पर राजद कार्यालय को बढ़िया से सजाया जायेगा और राजद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित होकर पार्टी का 30 वां स्थापना दिवस मनायेगें। बैठक में जिला प्रधान महासचिव नंदलाल मंडल,जिला कार्यकारणी सदस्य मीरा सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव,बुद्धजीवी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार यादव,युवा जिलाध्यक्ष उदय यादव,आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ राजा चौधरी,पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजकिशोर राज,दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निभा भारती, नगर निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूर्व वार्ड पार्षद विजय यादव, स्वछकार श्रमिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजा मलिक, कला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंकित कुमार,खगड़िया प्रखंड अध्यक्ष सुनील चौरसिया, मानसी प्रखंड अध्यक्ष तेजनरायन राय,गोगरी प्रखंड अध्यक्ष शशि पासवान,चौथम प्रखंड अध्यक्ष मो०जफर,मानसी नगर अध्यक्ष रविश यादव,खगड़िया नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोहित कुमार,जिला मीडिया प्रभारी सह पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार,जिला महासचिव अनिल यादव,जिला सचिव शकलदीप यादव,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राकेश यादव,राजद नेता विक्की आर्या, योगेंद्र यादव,गणेश शर्मा,राजेश यादव, आमिर खान,पुतुल कुमारी,प्रमिला कुमारी सहित दर्जनों राजद नेता मौजूद थे।


एज्या यादव व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

### चरित्र उधार का हो तो दूसरों का हिसाब नहीं, आत्ममंथन करना चाहिए

**संवेदनशील शिक्षिका राधा रानी का प्रेरक संदेशसंस्कार, विनम्रता और आत्मचिंतन ही व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पहचान**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड की चर्चित एवं संवेदनशील शिक्षिका राधा रानी ने कहा कि आज समाज में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिनकी अपनी जिी का हिसाब बिखरा हुआ है, लेकिन वे दूसरों के चरित्र और कर्मों का मूल्यांकन करने में सबसे आगे रहते हैं। उन्होंने कहा, ष्जिनका चरित्र उधार का है, वही दूसरों का हिसाब मांगते हैं।ष् वास्तविक व्यक्तित्व ऊँची आवाज, दिखावे या



राधा रानी, शिक्षिका, बाढ़।

आलोचना से नहीं, बल्कि विनम्रता, ईमानदारी और संस्कारों से पहचाना जाता है। जो व्यक्ति स्वयं को सुधारने में विश्वास रखता है, उसे दूसरों की कमियाँ गिनाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। आत्मचिंतन ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है और वही समाज में स्थायी सम्मान दिलाता है। समय सबसे बड़ा न्यायाधीश है। वह हर नकाब उतार देता है और अंततः केवल चरित्र और कर्म ही व्यक्ति की वास्तविक पहचान बनते हैं। इसलिए दूसरों का लेखा-जोखा रखने से पहले अपने अंतःकरण की आवाज सुनना अधिक आवश्यक है। जीवन में आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और श्रेष्ठ आचरण को अपनाएँ। जब व्यक्ति स्वयं को बेहतर बनाने का संकल्प लेता है, तभी वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है। उन्होंने कहा कि इतिहास उन्हीं को याद रखता है, जिन्होंने अपने कर्मों से विश्वास, मर्यादा और मानवीय मूल्यों की मिसाल कायम की।ष्दूसरों का मूल्यांकन करने से पहले स्वयं का आत्ममंथन कीजिए, क्योंकि चरित्र की सबसे सच्ची परीक्षा आईने में नहीं, अंतःकरण में होती है।

### स्कूल बस और बाइक की टक्कर में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**फतुहा।** पटना-बख्तियारपुर फोरलेन (छभ् 30) पर फतुहा के विक्रमपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई जिी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में शोक की लहर है। ग्रामीणों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार स्कूल बस और बाइक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार अथमलगोला थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मोड़ निवासी हीरा साव के 22 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार की घटनास्थल पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। वहीं, उनके बड़े भाई 24 वर्षीय राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद स्कूल बस चालक वाहन समेत मौके से भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही फतुहा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल राजेश कुमार को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक राजीव के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। फतुहा थाना अध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है और फरार स्कूल बस व उसके चालक की तलाश की जा रही है। फतुहा थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# कारखाना परिसर में लकड़ी चोरी का मामला पकड़ा तूल

## सपाध्यक्ष ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन आरपीएफ के डीजी सहित अन्य को पत्र भेज की अधिकारियों की संलिप्तता की जांच की मांग

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे कारखाना जमालपुर में हुए लगभग 150 रुपए मूल्य के कीमती लकड़ी चोरी का मामला अब धीरे-धीरे तूल पकड़ने लगा है और आरपीएफ के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सह जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन आरपीएफ के महानिदेशक सहित पूर्व रेलवे महाप्रबंधक आरपीएफ के आईजी व प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त व वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख सतर्कता अधिकारी को पत्र लिखकर इस प्रकरण की जांच की मांग की है सपाध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा कि पूर्व में भी डिप्टी सीपीओ और



जानकारी देते सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव।

इसके स्टेनो महेश कुमार पर कई आरोप है पूर्व रेलवे इंटर कलेज के संविदा शिक्षक की बहाली में भी डिप्टी सीपीओ स्टेनो महेश कुमार राजीव कुमार सोमा चौधरी और अवकाश प्राप्त कल्याण निरीक्षक प्रहलाद राउत पर वसूली करने के गंभीर आरोप लगे है बावजूद रेलवे इस मामले पर चुप्पी साध ली, वही लकड़ी चोरी प्रकरण में भी आरपीएफ के द्वारा चार कीमती लकड़ी के पटरे जिसकी किमत लगभग 150 रुपए थी जो डिप्टी सीपीओ के गाड़ी में पकड़ा गया और उस वक्त गाड़ी में डिप्टी सीपीओ के स्टेनो महेश कुमार भी मौजूद थे वावजूद डिप्टी सीपीओ और महेश कुमार को क्लीन चिट दे दिया जो कई सवालों को जन्म दे रहा है क्योंकि जिस कारखाने में अक्शन के नाम पर लाखों रुपए की कीमती लोहे को बेच दिया जाता है जहाँ से रोज लाखों रुपए का सामान ऐन केन प्रकेन बाहर निकाल लिया जाता हो ठेकेदारी प्रथा के कार्यरत हजारों मजदूरों से एंट्री के नाम पर प्रति मजदुर 10 वसूला जाता हो वहीं 150 रुपए मूल्य के लकड़ी चोरी के आरोप में किसी को जेल भेज दिया जाता है जो एक बड़े साजिश की तरफ इशारा कर रहा है और यह कहीं से भी न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है सपाध्यक्ष ने आगे कहा कि पूर्व रेलवे जोन करोड रुपए के घाटे से हांफ रहा है और जमालपुर रेल कारखाना लूट खसोट भ्रष्टाचार कमीशन खोरी और अवैध उगाही का हव बनता जा रहा है इसलिए इसके बिंदुवार जांच की बेहद आवश्यकता है श्री यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अभिलंब इस प्रकरण की जांच नहीं की गई तो हम सपाई इसके विरोध के लिए सड़क पर उतरेंगे।

## स्टेशन से मासूम का अपहरण कर ले जा रहे चोर को एस्कर्ट पार्टी ने दबोचा

**फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 कोच से बरामद हुआ बच्चा, एक आरोपित गिरफ्तार, अन्य फरार, सत्यापन व मेडिकल के बाद मासूम को स्वजनों को सौंपा, 50 हजार रुपये में बेचने की थी तैयारी**

**जमालपुर (मुंगेर)** । जमालपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं रेल पुलिस के साथ ट्रेन एस्कर्ट पार्टी की सतर्कता से एक दो वर्षीय मासूम को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया गया। फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 कोच से बच्चे को बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके अन्य साथी फरार होने में सफल रहे। आरपीएफ ने बच्चे का मेडिकल एवं सत्यापन कराने के बाद उसे स्वजनों को सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के बैना गांव निवासी भगवान यादव अपने दो वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के साथ देवघर से जमालपुर लौटे थे। रात करीब तीन बजे जमालपुर स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या-1 पर आराम करने के दौरान उन्हें पता चला कि उनका पुत्र गायब है। इसके बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल रेल पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही एएसआई एस़ दास एवं ट्रेन एस्कर्ट पार्टी सक्रिय हो गई। टीम ने फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 कोच सहित अन्य बोगियों में सघन तलाशी अभियान चलाया। किउल स्टेशन पहुंचने से पहले एस-5 कोच से मासूम को सकुशल बरामद कर लिया गया। मौके से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी भाग निकले।पीड़ित भगवान यादव ने आरपीएफ को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि मुंगेर जिले के महारपुर निवासी मो़ नसीम का पुत्र मो़ टीमपू उनके बच्चे का अपहरण कर उसे पटना निवासी बबलू कुमार के पास 50 हजार रुपये में बेचने के लिए ले जा रहा था।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि बच्चे के बरामद होने के बाद उसका मेडिकल परीक्षण एवं आवश्यक सत्यापन कराया गया। एवं गिरफ्तार कर से पूछताछ के बाद उसके निशान नहीं पर आरपीएफ की टीम सरगना की तलाश हेतु छापेमारी कर रही है। इधर आरपीएफ के तत्परता और सूझबूझ से मासूम के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।



बरामद मासूम बच्चा के साथ एस्कर्ट पार्टी।

## स्कूल बचेंगे तो सपने बचेंगे, सपने बचेंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)** ।प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय राणा विगहा में शनिवार को ष्ड्रपआउट, सरकारी योजनाएँ और विद्यालयों की मौलिक सुविधाएँष् विषय पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता आमोद कुमार ने की।कार्यक्रम में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए विद्यालयों को मजबूत बनाने और एक भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं होने देने का सामूहिक संकल्प लिया गया।संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि ष्जब स्कूल टूटते हैं, तब राष्ट्र बिखरता है।ष् उन्होंने कहा कि ड्रपआउट केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि समाज और देश के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। गरीबी, बाल विवाह, अभिभावकों की अशिक्षा, कमजोर शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यालयों में मौलिक सुविधाओं की कमी बच्चों को शिक्षा से दूर करती है।वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम बच्चे तक पारदर्शी ढंग से पहुँचना चाहिए। साथ ही सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, खेल सामग्री, डिजिटल संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को प्रत्येक बच्चे का अधिकार बताया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की गई कि वे मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करें, जहाँ कोई भी बच्चा विद्यालय छोड़ने को मजबूर न हो। शिक्षा को केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

## छीजन नामांकन अभियान में तेजी लाने का निर्देश

## विकास मित्रों की साप्ताहिक बैठक आयोजित

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड कार्यालय जमालपुर में बुधवार को विकास मित्रों की साप्ताहिक बैठक प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सरागबी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विकास मित्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने सभी विकास मित्रों को निर्देश दिया कि छीजन के तहत नामांकन अभियान में तेजी लाते हुए अपने-अपने क्षेत्र से न्यूनतम पांच-पांच आवेदन पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।बैठक में ड़ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को गति देने पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने विकास मित्रों को ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ नामांकन अभियान सफल बनाने का निर्देश दिया।इसके बाद विकास मित्रों के साप्ताहिक कार्यो की समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला कोअर्डिनेटर अशोक दास, करण कुमार रावत, प्रदीप रजक, प्रेम कुमार, अजय कुमार रावत, शंभू शरण, संजय कुमार, चंदन कुमार रजक, रानी कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रतिमा देवी, अन्नपूर्णा देवी, विमला कुमारी, राजेश कुमार सहित कई विकास मित्र उपस्थित थे।



बैठक में मौजूद प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं विकास मित्र।

## 24 घंटे के अंदर बाइक चोरी का पुलिस ने खुलासा

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि 3 जुलाई को बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गायत्री नगर क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आयुष पासवान, पिता श्याम संतोष कुमार बड़ी केशोपुर निवासी के रूप में हुई है। बरामद बाइक सुबोध शर्मा, निवासी बलीपुर की बताई गई है, जिसकी चोरी की शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्रवाई का नेतृत्व एएसआई धनंजय कुमार ने किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली है।उन्होंने कहा कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही पुलिस अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है।




बाइक चोर को जेल भेजती जमालपुर पुलिस।

# सीओ के तबादले के बाद व्यवस्था प्रभावित, लोगों में बढ़ रही नाराजगी

## साप्ताहिक जनता दरबार पिछले दो सप्ताह से हो रहा प्रभावित

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर अंचल कार्यालय में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला साप्ताहिक जनता दरबार पिछले दो सप्ताह से ठप पड़ा है। जनता दरबार नहीं लगने से प्रखंड की 10 पंचायतों और नगर परिषद के 36 वार्डो से अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।शनिवार को भी बड़ी संख्या में लोग विभिन्न राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे, लेकिन कार्यालय में अंचल अधिकारी अनुपस्थित मिले। कई लोगों ने बताया कि कार्यालय में ताला लटका था और संबंधित कर्मियों का भी कहीं पता नहीं था। ऐसे में दूर-दराज से आए लोगों को बिना सुनवाई के ही वापस लौटना पड़ा।फरियादियों दिलेश्वर प्रसाद, सिकंदर यादव,नरेश पंडित का कहना है कि वे बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका आरोप है कि जनता दरबार बंद रहने से आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्रभावित हो रहा है और प्रशासनिक व्यवस्था पर उनका भरोसा भी कमजोर पड़ता जा रहा है।जानकारी के अनुसार, जमालपुर के अंचल अधिकारी के स्थानांतरण से पहले से ही शनिवार को लगने वाला जनता दरबार नियमित रूप से आयोजित नहीं हो रहा है। अब लगातार दो सप्ताह से जनता दरबार नहीं लगने के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनता दरबार की व्यवस्था शीघ्र बहाल की जाए तथा अंचल कार्यालय में नियमित रूप से अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।



बंद पड़ा अंचल कार्यालय।

संक्षिप्त खबरें

## कोंदी स्टैंड फायरिंग के मास्टरमाइंड पर पुलिस का शिकंजा, कोलकाता से दबोचे गए मुख्य आरोपी पिता-पुत्र

**हर दिन पुलिस को दे रहे थे चुनौती, तकनीकी निगरानी और गोपनीय सूचना के दम पर कोलकाता से गिरफ्तारीय राकेश मास्टर और पूर्व मुखिया ललन यादव न्यायिक हिरासत में, एसडीपीओ रामकृष्णा ने की पुष्टि**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़-कोंदी बस स्टैंड गोलीकांड के बहुचर्चित मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त राकेश यादव उर्फ राकेश मास्टर तथा उसके पिता पूर्व मुखिया ललन यादव को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को दोनों को बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के लिए लाया गया, जहां मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अदालत के आदेश पर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रामष्णा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कोंदी स्टैंड फायरिंग मामले के मुख्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कोलकाता में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए उन्हें बाढ़ लाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोलीकांड के बाद दोनों आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहे थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे थे। लेकिन पुलिस की सतत निगरानी और सटीक रणनीति के आगे उनकी फरारी अधिक दिनों तक नहीं चल सकी। अंततः कोलकाता में उनकी मौजूी की पुष्टि होते ही विशेष टीम ने उन्हें दबोच लिया। शनिवार को दोनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि कोंदी बस स्टैंड पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया था। इस घटना ने कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े किए थे और पुलिस पर शीघ्र गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया था। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी को जांच की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। एसडीपीओ रामष्णा ने बताया कि मामले का अनुसंधान अभी जारी है। पुलिस घटना से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश, फरारी के दौरान मिले सहयोगियों की भूमिका तथा पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर आगे भी विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि मामले में शामिल सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जा सके।

## महिला सिपाही से अभद्रता महंगी पड़ी, नगर परिषद मोकामा के तीन कर्मियों पर एफआईआर

**नगर परिषद परिसर में नव नियुक्त महिला गृहरक्षक जवान पर अश्लील टिप्पणी का आरोपय विरोध पर हंगामा, पुलिस हिरासत के बाद ब्रेथ एनालाइजर जांच में तीनों के शराब सेवन की पुष्टि**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा नगर परिषद परिसर में नव नियुक्त महिला गृहरक्षक जवान के साथ कथित अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर परिषद मोकामा के तीन कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि महिला जवान को रात में ठहराने के दौरान तीनों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। विरोध करने पर उन्होंने स्वयं को नगर परिषद का स्टाफ बताते हुए हंगामा भी किया। घटना के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया, जहां ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई। मोकामा थाना में पदस्थापित एक गृहरक्षक जवान द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आवेदन के अनुसार, 03 जुलाई 2026 की रात नव नियुक्त महिला गृहरक्षक सिपाही को नगर परिषद परिसर में ठहराया जा रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद तीन युवकों ने महिला जवान पर कथित रूप से अश्लील एवं अभद्र टिप्पणियां कीं। महिला जवान और साथ मौजूद कर्मियों द्वारा विरोध किए जाने पर तीनों ने विवाद और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मोकामा थाना लाई। वहां कराई गई ब्रेथ एनालाइजर जांच में तीनों के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार एक आरोपी के शरीर में 128 उहध100 उस, दूसरे में 230 उहध100 उस तथा तीसरे में 120 उहध100 उस अल्कोहल की मात्रा पाई गई। पुलिस ने इस मामले में रोशन कुमार उर्फ गोपाल कुमार (सिविल इंजीनियर, प्रधानमंत्री आवास योजना), सोनू कुमार उर्फ सौरभ राज (प्रभारी लेखापाल, नगर परिषद मोकामा) तथा राधेश्याम कुमार (सिविल इंजीनियर, प्रधानमंत्री आवास योजना) को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस के अनुसार, आवेदन के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद बिहार मद्यनिषेध कानून के तहत भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।यह घटना सरकारी कार्यालय परिसर में अनुशासन, महिला सुरक्षा और सरकारी कर्मियों के आचरण को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जीविका के भोजन के बाद 9 छात्राएं बीमार, अथमलगोला सीएचसी में भर्ती

**कन्या आवासीय विद्यालय की छात्राओं में फूड पइजनिंग की आशंकाय इलाज जारी, बार-बार सामने आ रही घटनाओं से व्यवस्था पर उठे सवाल**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शनिवार को कथित फूड पइजनिंग का मामला सामने आया, जहां कन्या आवासीय विद्यालय की नौ छात्राओं का इलाज चल रहा है। सभी छात्राएं एक ही आवासीय विद्यालय की बताई जा रही हैं। छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्राओं ने विद्यालय में परोसा गया भोजन ग्रहण किया था। इसके कुछ समय बाद कई छात्राओं को उल्टी, पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर विद्यालय प्रशासन ने उन्हें अथमलगोला सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने सभी छात्राओं का उपचार शुरू कर दिया है तथा उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जानकारी के मुताबिक, विद्यालय में भोजन की व्यवस्था जीविका के माध्यम से संचालित की जाती है। घटना के बाद भोजन की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि फूड पइजनिंग की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित आवासीय विद्यालय में पहले भी भोजन की गुणवत्ता को लेकर ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं। उनका आरोप है कि हर बार जांच और कार्रवाई की बातें होती हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल पाता। इससे छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जानकारी ली है। अधिकारियों का कहना है कि छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इलाज कराया जा रहा है। साथ ही भोजन के नमूने की जांच तथा पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** करीसाथ स्टेशन के समीप शनिवार की सुबह ट्रेन से गिरकर बक्सर निवासी अधेड़ की मौत हो गई। मृतक बक्सर जिले के कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के सोआं गांव निवासी चंदेश्वर सिंह का 44 वर्षीय पुत्र अजय कुमार सिंह है।

### करंट की चपेट में आने से युवक घायल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में शनिवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायल बबुरा थाना क्षेत्र के कपूर दियरा गांव निवासी भिखारी साह का 35 वर्षीय पुत्र सुरेश साह है।

### सार्जेंट नीरज कुमार और धर्मराज कुमार को मिली पदोन्नति

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस केन्द्र में आयोजित पाइपिंग सेरेमनी के दौरान पुलिस अधीक्षक राज ने सार्जेंट नीरज कुमार एवं सार्जेंट धर्मराज कुमार को पदोन्नति के रूप में सार्जेंट मेजर के पद पर उनके कंधों पर एक सितारा लगाकर औपचारिक रूप से अलंकृत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों पदोन्नत अधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उन्हें पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों को निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया।

### कदाचार मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पटना पुलिस ने कदाचार मामले में फरार चल रहे आरोपित को भोजपुर से गिरफ्तार किया है, उसकी गिरफ्तारी चरपोखरी थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव स्थित उसके घर से हुई। गिरफ्तार आरोपी मझिआंव गांव निवासी जन्मजय तिवारी है। वह अप्राथमिकी अभियुक्त बताया जा रहा है। 1 जनवरी, 2023 को पटना के कंकड़बाग स्थित रामकृष्ण द्वारका महाविद्यालय में द्वितीय पाली में परीक्षा में कदाचार का मामला सामने आया था, जिसके पश्चात कलेज के वर्तमान प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने पटना के कंकड़बाग थाने में कदाचार में लिप्त मझिआंव गांव निवासी जन्मजय तिवारी को परीक्षा से निष्कासित करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी समय से वह फरार था।

### विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के तत्वावधान में बोनाफाइड जर्नलिस्ट सोसायटी द्वारा, स्नाातकोत्तर भूगोल विभाग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं स्नातकोत्तर भूगोल विभाग, महाराजा कॉलेज के शैक्षणिक सहयोग से शाहाबाद क्षेत्र के मुसहर समुदाय का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन महाराजा कॉलेज के भूगोल विभाग में किया गया। कार्यशाला में मुकेश कुमार सिन्हा, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. द्वीपिका शेखर सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, विभा देवी आदि थीं।

### अस्पताल परिसर में लगाए छायादार व औषधीय पौधे



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** वन महोत्सव पखवाड़े के चौथे दिन शनिवार को शाहपुर रेफरल अस्पताल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। साथ ही लोगों से पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण कार्यकर्ता नित्यानंद ओझा एवं उमेश प्रसाद के मार्गदर्शन में अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान अस्पताल प्रभारी ड़ाअतिउल्लाह अंसारी, शाहपुर खंड कार्यवाह मुकेश मिश्रा तथा भोजपुर जिला शारीरिक प्रमुख अजीत दुबे व धनंजय पांडे उर्फ भाष्कर जी ने स्वयंसेवकों और अस्पताल कर्मियों के साथ श्रमदान कर पौधे लगाए। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। अस्पताल परिसर में हरियाली बढ़ने से मरीजों और उनके स्वजनों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि उनकी बच्चों की तरह नियमित देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों, अस्पताल कर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### अश्विनी का अगिआंव बाजार में हुआ स्वागत



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो प्रखंड के अगिआंव बाजार निवासी शिक्षक उपेन्द्र कुमार सिंह के पुत्र अश्विनी कुमार सिंह के बीपीएससी परीक्षा में चयनित होने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सिंह ने अपने पहले प्रयास में ही 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। अश्विनी कुमार सिंह के अगिआंव बाजार आने की सूचना पाकर स्थानीय लोग पहले से ही उनके स्वागत की तैयारी में जुट गए थे। वे जैसे ही अगिआंव बाजार पहुचे वहां मौजूद लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अगिआंव बाजार के मुखिया प्रतिनिधि राम बाबू चंद्रवशी, अनिल कुमार सिंह, जयराम सिंह, राजेंद्र सिंह, रौशन सिंह आदि प्रमुख थे। मौके पर ग्रामीणों ने पटाखा फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया।

# अतिथि शिक्षक नियुक्ति नियमावली का विरोध

## नयी नियमावली को बताया यूजीसी की गाइडलाइन के खिलाफ

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने नियुक्ति नियमावली-2026 के विरोध में शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया।

**वीर कुंवर सिंह विवि के अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने नियुक्ति नियमावली-2026 के विरोध में विवि के प्रशासनिक भवन के समक्ष किया प्रदर्शन**



अतिथि प्राध्यापक संघ की बैठक में नई नियमावली को यूजीसी की गाइडलाइन के विपरीत बताते हुए इसे वापस लेने तथा वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करने की मांग उठाई गई। संघ के अध्यक्ष ड़ आदित्य कुमार आनंद ने कहा कि नियुक्ति नियमावली-2020 एवं यूजीसी के मानकों के अनुरूप ही स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए। उनका आरोप था कि नई नियमावली में ातक, पीजी, नेट, जेआरएफ, पीएचडी, शोध पत्र और अनुभव के आधार पर निर्धारित एपीआई स्कोर की व्यवस्था यूजीसी मानकों से अलग है, जिससे योग्य एवं लंबे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय होगा। वक्ताओं ने कहा कि नई नियमावली में अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष से घटाकर 43 वर्ष कर दी गई है। इससे बड़ी संख्या में अनुभवी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अतिथि शिक्षकों के साथ पटना में संयुक्त आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बैठक में डॉ. अमर कुमार, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. धनंजय प्रसाद राय, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. आशा रानी, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. प्रीति चिरानिया, डॉ. पिंकी रानी, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. कमलेश सिंह, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. शीला, डॉ. अंशु पांडेय, डॉ. उमेश राय, डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. राधिका रमण, डॉ. शिव शंकर एवं डॉ. सुमैला फातमा सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

## पीएचडी धारकों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली की नई नियुक्ति नियमावली के विरोध में शनिवार को ऑल पीएचडी होल्डर्स एंड रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन ऑफ बिहार के पीएचडी धारकों और शोधार्थियों के शिष्टमंडल ने मंत्री से मिल उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वर्तमान बहाली प्रक्रिया में अचानक नई नियमावली लागू करने को हजारों पीएचडी धारकों और शोधार्थियों के साथ अन्याय बताया। उनका कहना था कि अभ्यर्थियों ने वर्षों तक पुरानी नियमावली के अनुरूप एपीआई स्कोर, पीएचडी, शोध-पत्र, सेमिनार, शिक्षण अनुभव और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर तैयारी की है। ऐसे में नियमों में बदलाव से उनका भविष्य प्रभावित होगा। एसोसिएशन ने सरकार से वर्तमान बहाली पुरानी नियमावली के तहत कराने, 211 नए डिग्री कॉलेजों में सभी विषयों की पढ़ाई शुरू करने, यूजीसी के अनुरूप अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष करने, पीएच-डी धारकों को नेट व जेआरएफ अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक वरीयता देते हुए एपीआई के 30 अंक बहाल करने तथा बिहार के अभ्यर्थियों के लिए



डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की। शिष्टमंडल ने कहा कि बिना पीएचडी अथवा शोध अनुभव वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने से उच्च शिक्षा में शोध संस्कृति प्रभावित होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को राज्यव्यापी बनाया जाएगा। कुमुद पटेल और सुशील सिंह टाइगर के नेतृत्व में मंत्री से मिलने पहुंचे शिष्टमंडल में कुमुद पटेल, ज्योति कुमार, सुशील टाइगर, चंदन कुमार तिवारी, मोनू यादव, कृष्णा तिवारी, छोटू सिंह, राज पांडेय, अनीश कुमार, सैफ अख्तर, निशांत कुमार, राजन कुमार, अमिताभ कुमार, केडी यादव, रत्नेश कुमार, शेखर सिंह, तुषार आदि शामिल थे।

## विवि के सभी विभागों में चला संपर्क व जागरूकता अभियान

आरा **(दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी विभागों में शनिवार को शोधार्थी युवा नेता कुमुद पटेल के नेतृत्व में व्यापक संपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को प्रोफेसर बहाली की नई नियमावली से अवगत कराया गया तथा उसमें मौजूद कमियों और विसंगतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अभियान के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान नियमावली में कई ऐसे प्रावधान हैं, जिनमें संशोधन की आवश्यकता है। छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने प्रमुख रूप से प्रोफेसर बहाली में अधिकतम आयु सीमा बढ़ाने, पीएच-डी के वेटेज को बढ़ाकर शोध एवं अकादमिक उत्ष्टता को उचित सम्मान देने, तथा नवस्थापित कालेजों में सभी विषयों की नियमित पढ़ाई एवं शिक्षण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया। इसके अतिरिक्त यह भी मांग की गई कि पुरानी नीति से बहाली की जाए। वहीं सुशील टाइगर ने कहा कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जब तक छात्र-हित एवं शोधार्थियों के हित में आवश्यक संशोधन नहीं किए जाते, तब तक लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं युवाओं से एकजुट होकर इस जनहित के आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

अभियान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने भाग लिया और शिक्षा, रोजगार तथा विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर शोधार्थी सुशील टाइगर, चंदन तिवारी, मोनु यादव, राजा पासवान, शेखर सिंह, रत्नेश कुमार, रजनीश, राजन कुमार, राज पांडेय, मुकुल सिंह, पियुष , सहित कई शोधार्थी शामिल थे।

## आवासीय विद्यालय में साइबर सिक्योरिटी पर सेमिनार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बामपाली स्थित ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में 'साइबर सिक्योरिटी' पर एक दिवसीय संगोष्ठी (सेमिनार) आयोजित की गयी, जिसमें कक्षा नवम् से बारह तक के करीब चार सौ छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

सीनियर एस्केलेटर ई संचित अग्रवाल ने बताया कि साइबर से सम्बन्धित पढ़ाई तो बहुत लोग करते हैं, पर कुछ लोग उसी तकनीक को सीख कर सुरक्षात्मक और सकारात्मक कार्य करते हैं तो कुछ नकारात्मक कार्यो को अंजाम देने लगते है। बस इन्ही नकारात्मक कार्यो की वजह से साइबर सिक्योरिटी के कवच की आवश्यकता पड़ती है जो सकारात्मक रूप से सक्रिय साइबर विद्वानों द्वारा सुरक्षा के.ष्टिकोण से देश और उनके लोगों को प्रदान की जाती है। उन्होंने साइबर क्राइम की चर्चा की जिसमें फिशिंग, रैन्समवेयर, पास्वर्ड अटैक, एनक्रिप्टिंग, डेक्रिप्टिंग, सोशल इंजीनियरिंग, बैंक रड, ओ टी पी स्कैम, फेक वेबसाइट, क्यू आर कोड स्कैम, कस्टमर केयर स्कैम, कूरीयर स्कैम,



डिजिटल अरेस्ट, गेमिंग स्कैम, साइबर बुलइंग के साथ साथ कई अन्य प्रकार के अटैक पर विस्तृत चर्चा की तथा इनसे कैसे बचा जाए, बच्चों को इसके बारे में बताया। संगोष्ठी में बच्चों के साथ साथ शिक्षक और शिक्षिकाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

शुरुआत संचित अग्रवाल को प्राचार्या द्वारा फूलों का बुके तथा मोमेंटो देकर की गयी। संचालान और धन्यवाद ज्ञापन ड सर्वेश कुमार ने किया। संगोष्ठी संरक्षक के रूप में भूमिका निभाई अरिहंत बिजय जैन और सिद्ध बिजय जैन ने और तकनीक सपोर्ट में रहे चन्दन और बिनीत। मौके पर धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जयकान्त उपाध्याय, प्रेम प्रकाश, गोपी श्रीवास्तव, अमलेन्दु भूषण, पूनम कुमारी,.ष्णा मोहन, चन्दन सिंह, अमित वर्मा, तबस्सुम बनो, राकेश कुमार पाठक, वीरेंद्र, ज्योति, चंद्रशेखर इत्यादि प्रमुख थे। विद्यालय के निदेशक ड आदित्य बिजय जैन ने इस कार्यक्रम की सफलता पर प्रिंसिपल ड सीपी जैन की पूरी टीम को अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी।

## गंगहर मठिया में की गयी श्रीराम, लक्ष्मण जानकी और हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सदर प्रखंड आरा के गंगहर मठिया में आयोजित श्रीराम-लक्ष्मण, माता जानकी प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के छठे दिन शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ नव निर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी एवं श्रीहनुमान जी की दिव्य मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

इस पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में गंगहर, प्रतिष्ठानपुर (पैठानपुर), खुशहालपुर, सुंदरपुर, कुंडिया, रामपुर मिल्की सहित आसपास के अनेक गांवों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। महायज्ञ के अंतर्गत 30 जून से प्रतिदिन संध्या में वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध रामकथा वाचक श्री सत्यम जी महाराज एवं वाराणसी से पधारी बाल मानस विदुषी शिखा तिवारी जी सहित अन्य विद्वान कथावाचकों द्वारा संगीतमय रामकथा का अमृतपान कराया जा रहा है, जिसका श्रद्धालु बड़ी संख्या में लाभ उठा रहे हैं। महायज्ञ का आयोजन गंगहर मठिया के मठाधीश पूज्य बैकुंठ दास जी महाराज के सान्निध्य में हो रहा है। यज्ञ के मुख्य आचार्य शिव कुमार दुबे के नेतृत्व में आचार्य मोहन पाण्डेय, शैलेन्द्र द्विवेदी, नीरज कुमार दुबे, अच्युतानंद पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, पिंटू तिवारी एवं बब्लू तिवारी सहित आचार्यो की टीम वैदिक परंपरा के अनुरूप समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करा रही है। संगीतमय कथा को भव्य स्वरूप प्रदान करने में वादक दल के ई महेंद्र पाण्डेय, विवेक मिश्रा एवं हर्षित शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा। कथा का सफल संचालन शिवम द्विवेदी ने किया।

## अनियंत्रित बाइक पीपा पुल पर लोहे के खंभे से जा टकराई, दो जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिन्हा थाना क्षेत्र के सिन्हा घाट स्थित पीपा पुल पर अनियंत्रित होकर बाइक पुल में लगे लोहे के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन द्वारा जख्मियों में एक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जबकि दूसरे का इलाज परिजन द्वारा शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला निवासी त्रिलोकी पांडेय का 30 वर्षीय पुत्र विक्की पांडेय एवं शिवजन्म यादव का 25 वर्षीय पुत्र मनु यादव शामिल है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर दोनों

**एक का सदर अस्पताल जबकि दूसरे का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज**

बाइक द्वारा ख्वासपुर गए थे। शनिवार की शाम जब दोनों वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान पीपा पुल पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुल में लगे लोहे के खंभे से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद जख्मियों में विक्की पांडेय के इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जबकि मनु यादव का इलाज परिजन द्वारा निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

## लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करें



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में धान अधिप्राप्ति, सीएमआर (खास तौर पर तैयार किया गया चावल) एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सीएमआर की अद्यतन स्थिति, मिलवार लंबित चावल आपूर्ति, एफसीआई में डिलीवरी, गोदामों की उपलब्धता, भंडारण क्षमता तथा धान अधिप्राप्ति से संबंधित अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर समयबद्ध रूप से शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारी नियमित रूप से मिलवार प्रगति की निगरानी करें तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में कसाप गोदाम को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने ने कहा कि धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर आपूर्ति राज्य सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा), जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम (एसएफसी), भोजपुर तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सभी सीडीपीओ को बैठक में डीएम ने दिया निर्देश

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता (आपदा), भोजपुर की अध्यक्षता में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ समेकित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर समाहर्ता (आपदा) ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि एफआरएस में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। साथ ही विकास की निगरानी, अन्नप्राशन, गोदभराई, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं कन्या उत्थान योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती रीना श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, भोजपुर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा ड़ रामाशंकर विश्वकर्मा, सांख्यिकी पदाधिकारी, आईसीडीएस भोजपुर उपस्थित थे।

## टीवी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित



**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि जिले को कुल 6,85,647 टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन महादलित टोला एवं हार्ड रिस्क क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित कर टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक प्रखंड में प्रतिदिन लगभग 2,000 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग कर उसकी प्रविष्टि समयबद्ध रूप से निक्षय पोर्टल पर की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए, स्थापना उपसमाहर्ता, निदेशक एनईपी, प्रभारी बाल संरक्षण इकाई, संचारी रोग पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। पीरो में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी स्क्रीनिंग को मिशन मोड में संचालित करने के लिए बीडीओ पीरो द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बीडीओ अशोक कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टीबी स्क्रीनिंग अभियान को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रभावी तरीके से मिशन मोड में संचालित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ा रवि कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मो नासिर हुसैन, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी ड़ा रवि ने कहा कि भारत में टीबी मरीजों के बेहतर इलाज को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग के निश्चय पोर्टल पर टीवी मरीजों का स्क्रीनिंग कर लाभ देने का प्रयास हो रहा है।

## एनकाउंटर और बुलडोजर राज के खिलाफ माले ने निकाला मार्च

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार द्वारा एनकाउंटर, बुल्डोजर एवं मॉब-लिचिंग के खिलाफ भाकपा-माले के राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत भाकपा-माले ने जिला कार्यालय श्रीटोला आरा से विरोध निकालकर शहर के विभिन्न मांगों से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। माले ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया। भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि बिहार में मब लिचिंग, फर्जी मुठभेड़, बुलडोजर के जरिए बिहार की सत्ता को चलाने चाहते हैं।




आगे माले के नेताओं ने कहा कि देश व प्रदेश में संविधान, लोकतंत्र एवं कानून को सता में बैठी भाजपा सरकार खुलेआम खत्म कर रही है। जो आम नागरिकों के उपर खतरे की पहचान बनी हुई है। बिहार में भाजपा की नई सरकार बनते ही दलित, गरीबों पर बुलडोजर का कहर बरसा रही है। जिसमें पूरे बिहार में दहशत का माहौल बना हुआ है। बुल्डोजर और फर्जी मुठभेड़ को रोकने के लिए बिहार के दलित गरीबों को संगठित कर जुझारू आंदोलन खड़ा करेंगे और बुलडोजर वाली सरकार को पीछे धकेलने का काम करेंगे। विरोध मार्च नगर सचिव सुधीर सिंह, ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, अमित बंटी, बालमुकुंद चौधरी, राजेन्द्र यादव, विकास कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार, नीतू कुमारी, मुस्कान कुमारी, वर्षा कुमारी, हंशिका ओझा, सागर पासवान, हरिनाथ राम, रणधीर कुमार राणा, संतविलास राम, रितेश कुमार, सुनील कुमार, विकास राजा, साहिल अरोरा, चंदन दास, हरिनारायण गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर थाना पुलिस ने शराब कांड में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के गिरवर बीघा गांव के समीप सड़क किनारे छापेमारी के दौरान 20 लीटर देसी शराब बरामद की गई थी। इस मामले में गिरवर बीघा निवासी सहादर राजवंशी के विरुद्ध कलेर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला दर्ज होने के बाद से अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था।शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उसके घर पर छापेमारी की गई, जहां से शहा दर राजवंशी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार और उससे जुड़े फरार अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 141 स्वास्थ्य संस्थानों पर विशेष स्क्रीनिंग, जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**जहानाबाद।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के 141 स्वास्थ्य संस्थानों पर शनिवार को विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। अभियान की निगरानी के लिए जिलाधिकारी श्रीमती छिरिड़ी वाई भूटिया ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एरकी तथा काको प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर साफेपुर और मनियावां सहित



निरीक्षण करते डीएम।

विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिले के माइक्रो प्लान के अनुसार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अतिरिक्तप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और एएनएम द्वारा टीबी स्क्रीनिंग की गई। वहीं चयनित विद्यालयों में आरबीएसके टीमों ने छात्र-छात्राओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान एरकी स्वास्थ्य केंद्र पर आठ लाभार्थियों की स्क्रीनिंग, साफेपुर केंद्र पर 15 लोगों की जांच तथा मनियावां केंद्र पर 40 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग पूरी की गई। इनमें 14 संदिग्ध मरीजों को एक्स-रे जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, काको भेजा गया। बृजनंदन उच्च माध्यमिक विद्यालय, मनियावां में स्क्रीनिंग के दौरान तीन छात्राएं संदिग्ध पाई गईं, जिन्हें आगे की जांच के लिए रेफर किया गया। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को अभियान की गुणवत्ता, संदिग्ध मरीजों की शीघ्र पहचान एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से संवाद कर अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने पर जोर दिया तथा उत्ष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्त करने और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, लगातार बुखार, वजन घटना या रात में अत्यधिक पसीना आने जैसे लक्षण हों, तो वे निकटतम सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में निःशुल्क टीबी जांच अवश्य कराएं।

# प्रस्तावित मॉडल स्कूल निर्माण स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**कुर्था(एनएसबी)** जिला पदाधिकारी अरवल श्रीमती अमृता बैंस ने शनिवार को कुर्था स्थित प्लस-टू उच्च विद्यालय परिसर में प्रस्तावित मडल स्कूल निर्माण कार्य से संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण स्थल, उपलब्ध भूमि एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि मडल स्कूल का निर्माण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य से जुड़ी सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय परिसर की स्थिति, भवन निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि, पहुंच मार्ग, जल निकासी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद निर्धारित गुणवत्ता मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य की नियमित निगरानी की जाए।



निरीक्षण करते डीएम।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। मडल स्कूल के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विशेष छापेमारी अभियान के दौरान वाहन जांच, 28 हजार रुपये जुर्माना वसूला

**कुर्था(एनएसबी)।** जिले में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत शनिवार को कुर्था एवं मानिकपुर थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। कुर्था थाना क्षेत्र के ढोढरा पुल व शकूराबाद मोड़ के समीप थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा के नेतृत्व में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक कागजात तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 17 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं मानिकपुर थाना क्षेत्र में भी थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के कागजात एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 11 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष वाहन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर चलने की अपील की गई है।



वाहन जांच करते थानाध्यक्ष।

## फर्जी एनकाउंटर और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाकपा माले का राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन

**अरवल (एनएसबी)**भाकपा माले के राज्यव्यापी आह्वान पर आज अरवल में पार्टी के जिला सचिव क़ जितेंद्र यादव के नेतृत्व में राज्यव्यापी विरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च भाकपा माले जिला कार्यालय से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक होते हुए प्रखंड (ब्लक) परिसर पहुंचा, जहां सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता क़ सुएब आलम ने की। सभा को संबोधित करते हुए क़ जितेंद्र यादव ने कहा कि बिहार में भीड़ हिंसा,फर्जी एनकाउंटर और जनविरोधी नीतियों ने लोकतंत्र और कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना के विपरीत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय का विकल्प नहीं हो सकता। अपराध पर नियंत्रण के नाम पर न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी संविधान और कानून के शासन के विरुद्ध है। किसी व्यक्ति को दोषी या निर्दोष ठहराने का अधिकार केवल न्यायालय को है। उन्होंने कहा कि भाकपा माले संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करेगी। सभा को कलेर प्रखंड सचिव क उमेश पासवान नगर सचिव क़ नंदकिशोर कुमार, कुर्था प्रखंड सचिव क़ महेश यादव,बंशी प्रखंड सचिव क राजेश्वरी यादव, पार्टी जिला कमेटी सदस्य क उपेंद्र पासवान, क़ग़णेश यादव, क़ नीतीश कुमार, क़ रमाकांत कुमार उर्फ टुन्ना शर्मा, चंद्रप्रभा देवी ,त्यागी यादव तथा क़ उमेश कुमार चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, दमनकारी कार्रवाई और कानून के शासन को कमजोर करने वाले कदमों की आलोचना करते हुए जनता से संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। राज्यव्यापी विरोध मार्च में उपस्थित रमेश कुशवाहा, दुर्गा प्रसाद अरविंद पासवान, सुदर्शन बिंद सहित सभा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, किसान, मजदूर, नौजवान एवं आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन संविधान, लोकतंत्र और जनअधिकारों की रक्षा के संकल्प तथा जनसंघर्ष को मजबूत करने के आह्वान के साथ हुआ।



प्रदर्शन में शामिल माले कार्यकर्ता।

## समय पर मानसून नहीं आने से किसान बेहाल पलायन की बढ़ी आशंका सिंचाई और पेयजल संकट गहराया

**कुर्था(एनएसबी)।** समय पर मानसून नहीं आने से किसान बेहाल, सिंचाई और पेयजल संकट गहराया, पलायन की बढ़ी आशंका जिले में समय पर मानसून नहीं पहुंचने से किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर बारिश नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं, तो दूसरी ओर नहरों में पानी नहीं आने के कारण सिंचाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। किसानों का कहना है कि वे इस समय प्रति की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। किसानों ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से भूजल स्तर (वाटर लेयर) भी काफी नीचे चला गया है। इसके कारण पेयजल का संकट गहराने लगा है। वहीं, ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई करना भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि अधिकांश स्थानों पर पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि बिजली की लगातार हो रही आंख-मिचौली ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। किसी तरह खेतों में पानी लगाने की कोशिश भी की जाती है तो तेज धूप और बारिश के अभाव में पानी जल्द ही सूख जाता है, जिससे फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई और नहरों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो खरीफ फसलों की खेती गंभीर रूप से प्रभावित होगी। इससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होगी और परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि ऐसी स्थिति में रोजगार की तलाश में पलायन करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचेगा। किसानों ने प्रशासन और सरकार से जल्द नहरों में पानी छोड़ने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसानों के लिए राहत पैकेज उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि खेती को बचाया जा सके।



सूखी पड़ी खेत।

## प्रस्तावित खेल मैदान का डीएम ने किया निरीक्षण, विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**कुर्था (एसएनबी)** जिलाधिकारी अरवल श्रीमती अमृता बैंस ने शनिवार को कुर्था प्रखंड अंतर्गत शहीद जगदेव स्मारक कलेज के समीप प्रस्तावित खेल मैदान के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित भूमि का अवलोकन करते हुए खेल मैदान के विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि खेल मैदान के निर्माण से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि खेल अवसंरचना का विकास युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने भूमि की उपलब्धता, समतलीकरण, पहुंच मार्ग, जल निकासी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित खेल मैदान के विकास के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाई जाए तथा सभी औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल मैदान के विकसित होने से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, अंचलाधिकारी कुर्था, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते डीएम।

# वाहन जांच के दौरान मिला युवक का बैग पुलिस ने घर पहुंचाकर परिजनों को किया सुपुर्द

**मेहंदिया (एनएसबी)**थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान परासी पुलिस की मानवता और तत्परता का सराहनीय उदाहरण सामने आया। शनिवार को भगवानपुर सड़क पर वाहन जांच के दौरान पुलिस को सड़क किनारे एक काला बैग लावारिस अवस्था में पड़ा मिला। प्रारंभ में पुलिस को आशंका हुई कि कहीं यह बैग किसी शराब तस्कर द्वारा पुलिस के डर से फेंका गया न हो। इसी संदेह के आधार पर पुलिस ने सावधानीपूर्वक बैग की जांच की। लेकिन जब बैग खोला गया तो उसमें करीब दो किलो चावल, एक किलो दाल, आधार कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज मिले। दस्तावेजों की जांच के बाद बैग के मालिक की पहचान सोहसा गांव निवासी नरेंद्र कुमार, पिता माधव सिंह के रूप में हुई। जानकारी मिली कि नरेंद्र कुमार रोजगार की तलाश में पंजाब के लुधियाना जा रहे थे। शनिवार सुबह वे अटो से अरवल जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उनका बैग गिर गया था, जिसकी उन्हें जानकारी भी नहीं हो सकी।बैग में मिले दस्तावेजों के आधार पर परासी पुलिस ने तत्काल परिजनों से संपर्क किया और स्वयं सोहसा गांव पहुंचकर बैग उनके माता-पिता को सुरक्षित सौंप दिया। बैग में रखे आवश्यक कागजात और सामान सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।परासी थाना अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि जिलेभर में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान यह बैग मिला था। शुरुआत में पुलिस को लगा कि यह किसी संदिग्ध व्यक्ति का हो सकता है, लेकिन जांच में पता चला कि यह एक मजदूरी के लिए बाहर जा रहे युवक का बैग है। इसलिए पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए बैग उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचा दिया।

पुलिस की इस संवेदनशील और जिम्मेदार कार्यशैली की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस का यह कदम कानून-व्यवस्था के साथ-साथ जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भी परिचायक है।



बैंग सुपुर्द करते पुलिस।

## संक्षिप्त खबरें

### जहानाबाद में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कला प्रशिक्षण

**जहानाबाद।** कला एवं संस्ति विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में शनिवार को दुर्गा चौक स्थित तारापीठ कम्प्लेक्स में श्आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्रश का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीमती छिरिड़ी वाई भूटिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसमें जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी श्रीमती चांदनी कुमारी ने केंद्र की आवश्यकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कला और संस्ति किसी भी समाज की आत्मा होती है। यह प्रशिक्षण केंद्र जहानाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को अपनी कला को निखारने के लिए एक उत्ष्ट मंच प्रदान करेगा। केंद्र में शास्त्रीय नृत्य (कत्थक एवं भरतनाट्यम), शास्त्रीय गायन तथा वादन (तबला, हारमोनियम एवं ढोलक) की चार विधाओं में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा पूरी तरह निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक विषय में अधिकतम 40 छात्र-छात्राओं का नामांकन श्पहले आओ, पहले पाओश के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण केंद्र मंगलवार से रविवार तक दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला कला एवं संस्ति कार्यालय, समाहरणालय परिसर अथवा आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकते हैं। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता (विशेष कार्यक्रम) तेज नारायण राय, जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी चांदनी कुमारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल को जिले के सांस्तिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



उदघाटन कते अतिथि।



कला दिखाते कलाकार।

### बराबर श्रावणी मेला की तैयारियां तेज सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य व यातायात व्यवस्था को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**जहानाबाद।** आगामी बराबर श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी श्रीमती छिरिड़ी वाई भूटिया की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, अभियंताओं तथा बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के महंत एवं पुजारियों के साथ मेला की तैयारियों, विधि-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक चलने वाले श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। रविवार एवं सोमवार को अतिरिक्तपुलिस बल, महिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। मेला परिसर में अगिशमन वाहन, सीसीटीवी निगरानी, सूचना सह नियंत्रण कक्ष तथा वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने पीएचईडी को पेयजल, टैंकर, चापाकल, अस्थायी शौचालय एवं महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत मखदुमपुर को पूरे मेला क्षेत्र की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत मंदिर परिसर, पातालगंगा एवं प्रमुख स्थलों पर चिकित्सकीय दल, प्राथमिक उपचार सामग्री, तीन एम्बुलेंस तथा बराबर अतिथि गृह में चार बेड का अस्थायी अस्पताल स्थापित करने का निर्देश दिया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संपर्क पथों की मरम्मत, अलग-अलग आवागमन मार्ग, यात्री शेडों में पेयजल तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समय रहते तैयारियां पूरी करें ताकि श्रावणी मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला अगिशमन पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के महंत एवं पुजारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

### जहानाबाद में कुपोषित बच्चों का विशेष सत्यापन अभियान शुरू, आंगनबाड़ी केंद्रों पर हो रहा वजन और लंबाई का मापन

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी श्रीमती छिरिड़ी वाई भूटिया के निर्देश पर जिले के सभी सात बाल विकास परियोजना क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर गंभीर कुपोषित (ै।ड) एवं मध्यम कुपोषित (ड।ड) बच्चों के वजन और लंबाई का विशेष भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस ने बताया कि पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से चिन्हित बच्चों का माइक्रोप्लान के अनुसार महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा कैंप मोड में सत्यापन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जिले में कुपोषित बच्चों की वास्तविक संख्या का सही आकलन करना है, ताकि उन्हें समय पर आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय के साथ कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इससे पोषण अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में प्रभावी सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।



बच्चे का वजन करती सेविका।